CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHj User: cci Time: 03-10-2026 22:40 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 11 मार्च 2026 > फाल्गुन 20 शक संवत 1947 चैत्र कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 59 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in



...तो ईरान पर 20 गुना ज़ोरदार हमला : ट्रंप


▶ देखें अंदर

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

SC के निर्देश के बाद ममता ने खत्म किया धरना

▶ देखें अंदर




आपको इस पर यकीन नहीं होगा!

हाँ, यह असंभव लगता है - लेकिन यह सच है

भारत में पहली बार

97% महिलाओं को सम्मान,
पंजाब सरकार का ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना

अब पंजाब की हर महिला को
₹1,000
प्रतिमाह

एस.सी. वर्ग की महिलाओं को
₹1,500
प्रतिमाह

“ पंजाब ने पूरे देश के सामने महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की है। "मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना" यह साबित करती है कि अगर सरकार की नीयत साफ हो, तो हर गारंटी पूरी की जा सकती है। जब देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। ”

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



शानदार चार साल, भगवंत मान दे नाल

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHjj User: cci Time: 03-10-2026 23:14 Color:






# गैस की किल्लत पर सरकार बोली- तंगी नहीं

**देशभर में LPG की किल्लत से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई जगह गैस सिलिंडर की सप्लाई प्रभावित होने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कमर्शल सिलिंडर की सप्लाई कम होने से रेस्तरां के बंद होने का खतरा है। रसोई का बजट भी बिगड़ रहा है और उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है:**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पीएम नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में पश्चिम एशिया से जुड़े हालात पर चर्चा हुई। पीएम ने खासतौर से क्रूड ऑयल और नैचरल गैस की सप्लाई प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को अलर्ट रहने को कहा। देश के कई हिस्सों में कमर्शल और घरेलू इस्तेमाल के लिए LPG सिलिंडरों की सप्लाई में दिक्कत बढ़ने की शिकायतों के बीच सरकार ने तय किया कि नैचरल गैस के उपयोग में LPG उत्पादन, CNG और PNG को सभी अन्य सेक्टरों पर तरजीह दी जाएगी। इन क्षेत्रों की 100% डिमांड पूरी की जाएगी। पेट्रोलियम मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए CNG और PNG की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कोई तंगी नहीं है और घबराने की कोई वजह नहीं है।

**LPG, CNG और PNG सप्लाई को सरकार देगी तरजीह**

**इन 4 क्षेत्रों को प्रायॉरिटी:** सरकार ने एक गजट नोटिफिकेशन में नैचरल गैस के इस्तेमाल के लिए प्राथमिकता वाले 4 क्षेत्र तय किए। पहली प्राथमिकता के क्षेत्र में घरेलू PNG सप्लाई, ट्रांसपोर्ट के लिए CNG, LPG उत्पादन और पाइपलाइन कंप्रेसर फ्यूल और अन्य जरूरी पाइपलाइन ऑपरेशंस को रखा गया। तय किया गया कि इन क्षेत्रों में पिछले 6 महीनों में गैस की जितनी औसत खपत रही होगी, उतनी पूरी की पूरी सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी, बशर्ते गैस की कामकाजी उपलब्धता हो। प्राथमिकता के दूसरे क्षेत्र के रूप में उर्वरक संयंत्रों को पिछले 6 महीनों में उनकी औसत खपत के 70% के बराबर गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। प्राथमिकता के तीसरे क्षेत्र के रूप में नैशनल गैस ग्रिड से जुड़ी टी इंडस्ट्रीज, मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक उपभोक्ताओं को उनकी पिछले 6 महीनों की औसत गैस खपत के 80% के बराबर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। प्राथमिकता के चौथे क्षेत्र के रूप में कहा गया कि सभी सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन इकाइयां यह पक्का करेंगी कि उनके नेटवर्क से गैस पाने वाले औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पिछले 6 महीनों की उनकी औसत खपत के 80% के बराबर गैस मिले। पेट्रोकेमिकल्स और रिफाइनरीज के लिए गैस सप्लाई में 35% तक कमी का प्रावधान है।

## PM ने कैबिनेट मीटिंग में लिया LPG सप्लाई का जायजा

*सरकार ने LPG उत्पादन, घरेलू PNG और गाड़ियों की CNG के लिए 100% नैचरल गैस सप्लाई का कदम उठाया*

- नैचरल गैस आपूर्ति के लिए प्राथमिकता के 4 क्षेत्र तय किए गए

**सरकार ने कहा**

- घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कोई तंगी नहीं है और घबराने की कोई वजह नहीं है।
- औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के उपयोग के 80% के बराबर गैस सप्लाई होगी



*युद्ध की स्थिति के बावजूद घरेलू इस्तेमाल के लिए CNG और PNG की 100% आपूर्ति सुनिश्चित करने के कदम उठाए गए हैं। -हरदीप सिंह पुरी, पेट्रोलियम मिनिस्टर*

**19.1 करोड़** स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर रोज की खपत है देश में गैस की | **50% आयात** होता है इसका। होर्मुज की खाड़ी से जहाजों का आवागमन बंद | **6 करोड़** स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर रोज की सप्लाई बाधित हुई खाड़ी देशों से आने वाली।

### खाड़ी से गैस सप्लाई बाधित

देश में गैस की करीब 19.1 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन की खपत है और इसका 50% आयात होता है। होर्मुज की खाड़ी से जहाजों का आवागमन लगभग बंद हो जाने से खाड़ी देशों से करीब 6 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर सप्लाई बाधित हुई है।

### 'LPG का 10% उत्पादन बढ़ा'

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम का प्रयोग करते हुए गैस का उपयोग अब LPG उत्पादन में करने को कहा था। अधिकारी ने बताया, 'उत्पादन 10% बढ़ा है। कई देशों से LPG और LNG के कंसाइनमेंट्स जल्द पहुंचने वाले हैं। अब कोई संकट नहीं।'

### रेस्तरां की समस्या समझेगी कमिटी


रेस्तरां असोसिएशंस की शिकायतों के बारे में मिनिस्ट्री के अधिकारियों ने कहा कि IOC, HPCL और BPCL के इग्जेक्युटिव डायरेक्टरों की 3 सदस्यों वाली कमिटी बनाई गई है। वे उनकी समस्या समझेंगे। कमर्शल LPG की जरूरत पूरी की जाएगी।

## रेस्तरां चलाने वालों ने कहा, कामकाज हो जाएगा बंद

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** कमर्शल LPG सिलिंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां असोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। एक हफ्ते में कमर्शल की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है। सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50% होटल और रेस्तरां बंद हो जाएंगे।

**कमर्शल LPG सिलिंडर की तत्काल मांग की गई है**

Photos: AFP, PTI


चेन्नै में कमर्शल LPG न मिलने रेस्तरां बंद करना पड़ा।

### '3 दिन में बेटी की शादी, सिलिंडर नहीं मिल रहा'

युद्ध का असर अब धीरे-धीरे भारत के शहरों और कस्बों तक भी पहुंचने लगा है। चित्रकूट में एक शख्स ने बताया कि 13 मार्च को बेटी की शादी होनी है। शादी की तैयारियों के बीच गैस सिलिंडर की कमी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। एक हफ्ते से गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। मुश्किल से दो से तीन सिलिंडर मिल पाए हैं। और सिलिंडर की जरूरत है।

■ **महाराष्ट्र-आंध्र समेत कई राज्यों में किल्लत:** महाराष्ट्र में पुणे, औरंगाबाद और नागपुर में गंभीर किल्लत की खबरें हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी कमर्शल LPG सिलिंडर नही मिल रहे।

■ **ओडिशा के संघ का मंत्री को लेटर:** कमर्शल LPG सिलिंडर की कमी को लेकर ओडिशा होटल और रेस्तरां संघ ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर इसकी सप्लाई करने की मांग की।

## भारत ने समझौते के तहत बांग्लादेश को भेजा डीज़ल


संकट के बीच वियतनाम में भी गाड़ी में फ्यूल के लिए पंप पर लगी लाइन।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बांग्लादेश को भारत की ओर से डीजल भेजे जाने को लेकर सामने आई खबरों पर सरकारी सूत्रों ने कहा है कि यह दोनों देशों के बीच पहले से चल रहे ऊर्जा व्यापार का हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के जरिए असम की नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड से बांग्लादेश को वाणिज्यिक आधार पर डीजल की आपूर्ति की जा रही है। यह पाइपलाइन 2017 से चालू है और इसके माध्यम से नियमित रूप से ईंधन भेजा जाता रहा है। दरअसल बांग्लादेश की कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि भारत ने नुमालीगढ़ रिफाइनरी से बांग्लादेश को करीब 5,000 मीट्रिक टन डीजल भेजा है। इस पर सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यह आपूर्ति दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद ऊर्जा सहयोग के समझौते के तहत की गई है। सूत्रों ने यह भी कहा कि सरकार देश में ईंधन की उपलब्धता पर लगातार नजर रख रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौजूदा भू-राजनीतिक अस्थिरता के माहौल में इस तरह की आपूर्ति से बांग्लादेश में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी। हाल के समय में बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सकारात्मक माहौल देखने को मिला है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के तहत भी पड़ोसी देशों के साथ ऊर्जा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाता रहा है।

**असम से भेजी गई बांग्लादेश को डीजल की सप्लाई**

### वियतनाम में WFH

वियतनाम ने भी लोगों से ईंधन बचाने के लिए घर से काम करने और गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने की अपील की है।

### थाइलैंड में लिफ्ट नहीं

थाईलैंड ने सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने का सलाह दी गई है।

### इजिप्ट में ईंधन के दाम 30% बढ़ाए गए

मिस्र ने घरेलू ईंधन की कीमतों में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि की। इसका कारण मध्य पूर्व युद्ध के कारण उत्पन्न असाधारण₹ वैश्विक ऊर्जा दबाव बताया गया, जिसने तेल आपूर्ति और समुद्री मार्गों को बाधित कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा घोषित ये वृद्धि गैसोलीन, डीजल और गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस पर लागू होती है।

## होर्मुज से तेल की सप्लाई रुकी तो 20 गुना ज्यादा हमला करेंगे: ट्रंप

■ एपी, दुबई

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर चेतावनी दी, 'अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल की सप्लाई को रोकने वाला कोई भी कदम उठाता है तो अमेरिका उस पर अब तक की तुलना में 20 गुना अधिक जोरदार हमले करेगा।' दूसरी ओर, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि मंगलवार को ईरान के अंदर अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले किए जा रहे हैं। उनमें लड़ाकू विमान, बमवर्षक और खुफिया जानकारी का व्यापक इस्तेमाल किया गया है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि ईरान के खिलाफ युद्ध अल्पकालिक हो सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस्लामी गणराज्य वैश्विक तेल सप्लाई बाधित करता है तो लड़ाई और तेज हो सकती है। इस युद्ध के कारण विश्व बाजारों में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है और समूचे अमेरिका में ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं। ईरान ने प्रभावी रूप से टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल से रोक दिया है।



**हम कुछ शैतानी ताकतों को खत्म करने के इरादे से कुछ समय के लिए पश्चिम एशिया में थे। मुझे उम्मीद है कि यह सब जल्द खत्म हो जाएगा।** *-डॉनल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति, अमेरिका*

### ट्रंप-पूतिन में ईरान और यूक्रेन पर बात

पीटीआई, मॉस्को: ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इस्राइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा संकट सामने है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति ऑफिस) के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव के अनुसार, दोनों नेताओं ने फोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत के दौरान अमेरिका और ईरान के बीच तथा रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की। उशाकोव ने कहा, 'चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वॉशिंगटन और कीव के बीच चल रही बात पर केंद्रित थी। यह रचनात्मक रही।'

## ट्रंप को युद्ध से निकलने की सलाह: WSJ

■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सलाहकारों ने कथित तौर पर उनसे निजी तौर पर गुजारिश की है कि वह ईरान युद्ध से निकलने की रणनीति पर विचार करें। तेल की बढ़ती कीमतों और लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष से उत्पन्न होने वाले राजनीतिक दुष्परिणामों की आशंका के मद्देनजर यह गुजारिश की गई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल (WSJ) को ट्रंप के सलाहकार स्टीफन मूर ने बताया, 'जब गैस और तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो बाकी सब चीजों की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। इससे गंभीर चुनौतियां पैदा हो रही हैं।' रिपोर्ट के अनुसार, तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चढ़ने के बाद उनके कुछ सलाहकार चिंतित हैं और रिपब्लिकन मध्यावधि चुनावों से पहले संभावित राजनीतिक नतीजों के बारे में चेतावनी दे रहे हैं।

**सलाहकार ने निजी तौर पर राष्ट्रपति से गुजारिश की है**

## ईरान के अधिकारी ने दी ट्रंप को धमकी, 'आपका सफाया न हो जाए'

■ एपी, दुबई

**ईरान के** एक बड़े सुरक्षा अधिकारी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को धमकी दी। अली लारिजानी ने मंगलवार को 'एक्स' पर यह पोस्ट तब की जब ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर 20 गुना अधिक भीषण हमला करेंगे। लारिजानी ने लिखा, 'ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए।'

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने 'एक्स' पर चुनौती भरे लहजे में लिखा, 'हम निश्चित रूप से संघर्ष विराम की तलाश में नहीं हैं। हमारा मानना है कि हमलावर के मुंह पर मुक्का मारा जाना चाहिए ताकि उसे सबक मिले और वह फिर कभी हमारे प्यारे ईरान पर हमला करने के बारे में न सोचे।' ईरानी


ईरान की ओर से साफ किया गया है कि वह संघर्ष विराम नहीं चाहता।

### युद्ध कब खत्म होगा हम तय करेंगे: ईरान

रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रवक्ता ने कहा ईरान तय करेगा कि युद्ध कब खत्म करना है। ईरान के सुप्रीम लीडर के ऑफिस के विदेश नीति सलाहकार कमाल खराजी ने बताया कि ईरान लंबे युद्ध के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जब तक आर्थिक दबाव अन्य देशों को हस्तक्षेप करने और ईरान के खिलाफ अमेरिकी और इस्राइली आक्रामकता को रोकने के लिए प्रेरित नही करता, तब तक उन्हें कूटनीति के लिए गुंजाइश नहीं। उधर, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरानी समकक्ष से बात की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी ईरान के मंत्री से बात की।

## नेतन्याहू बोले, हम ईरान की हड्डियां तोड़ रहे

■ **NBT रिपोर्ट:** इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान में उनका काम अभी खत्म नहीं हुआ है। मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, नेतन्याहू ने सोमवार रात राष्ट्रीय स्वास्थ्य कमान केंद्र का दौरा किया। इस दौरान नेतन्याहू ने कहा, 'हम ईरानी जनता को अत्याचार के जुए से मुक्त कराना चाहते हैं। अंततः यह उन्हीं पर निर्भर करता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब तक की गई कार्रवाइयों से हम उनकी हड्डियां तोड़ रहे हैं और हमारा काम अभी खत्म नहीं हुआ है। हमारे हमले से ईरान का मजहबी लीडरशिप कमजोर हो रहा है।' ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच युद्ध 11वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके साथ ही यह पहले से ज्यादा तेज भी हो गया है।


पीएम नेतन्याहू

## जंग हुई तेज़, दोनों तरफ से ज़ोरदार हमले

### ईरान ने इस्राइल, दुबई और बहरीन को बनाया निशाना

■ **एपी, दुबई:** ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इस्राइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस्राइल के हाइफा में तेल रिफाइनरी और ईंधन टैंक पर ईरान ने हमला किया। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के दुबई और बहरीन में सुबह मिसाइल हमले की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे UAE के औद्योगिक शहर रुवैस में भी एक ड्रोन हमले के बाद पेट्रोकेमिकल प्लांट क्षेत्र में आग लग गई। कुवैत के नैशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन की राजधानी मनामा में एक रिहायशी इमारत पर ईरानी हमले में 29 वर्षीय महिला की मौत हो गई।


बहरीन की राजधानी मनामा में ईरान का हमला, एक की मौत।

### US-इस्राइल का तेहरान में अब तक का बड़ा अटैक

■ **एपी, दुबई:** अमेरिकी-इस्राइल की ओर से तेहरान में आधी रात के बाद 20 से ज्यादा जगहों पर हवाई हमले किए। जंग के बाद से यह सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इस्राइली टीवी चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल ने बीती रात ईरान की राजधानी तेहरान में स्थित कुछ परमाणु प्रयोगशालाओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। इस्राइली फाइटर जेट ने रात भर लेबनान पर हवाई हमले किए। लेबनान के संगठन हिजबुल्लाह ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैनिकों पर घात लगाकर कई हमले किए। इस हमले में तीन मर्कवा टैंक को निशाना बनाया गया, जिनमें आग लग गई।


इस्राइल का लेबनान में हमला।

## ईरान की 7 खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में रुकीं

### महिला फुटबॉल टीम की बाकी खिलाड़ी हुई रवाना, 5 को अल्बनीज ने दिया वीज़ा

■ NBT रिपोर्ट

**ईरानी महिला** फुटबॉल टीम की सात सदस्य ऑस्ट्रेलिया में ही रुकी हुई हैं। बाकी टीम ईरान के लिए रवाना हो चुकी है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा थी कि पांच खिलाड़ियों को मानवीय वीजा दिया गया है, क्योंकि ईरान लौटने पर उनकी सुरक्षा को लेकर आशंकाएं थीं। अब, टीम के करीबी एक सूत्र ने CNN को बताया है कि टीम के दो और सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी है। उनमें एक खिलाड़ी और एक स्टाफ सदस्य भी शामिल हैं। इस बीच, माना जा रहा है कि बाकी टीम ईरान के लिए रवाना हो चुकी है। यह अभी साफ नहीं है कि वे कौन सा रास्ता अपनाएंगे और कब पहुंचेंगे। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने CNN को बताया कि मंगलवार को जिस होटल में टीम ठहरी थी, उसके बाहर जमा हुए लोगों ने टीम की बस को ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड एयरपोर्ट के लिए रवाना होने से रोकने की कोशिश की। होटल में मौजूद व्यक्ति ने यह भी बताया कि जब सुरक्षा गार्ड जैसे दिखने वाले लोग टीम को बस में बिठा रहे थे, तो एक खिलाड़ी रोती हुई दिखाई दीं।


ईरान की महिला फुटबॉल टीम ने नहीं गाया था राष्ट्रगान।

### इस मामले की कैसे हुई थी शुरुआत

ईरानी महिला फुटबॉल टीम पिछले हफ्ते आयोजित महिला एशियाई कप में खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया में थी। उसे अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। 2 मार्च को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पहले खिलाड़ी राष्ट्रगान के दौरान मौन खड़ी रहीं। उनके परिवारों को जान से मारने की धमकी के तहत उन्हें अगले दो ग्रुप मैचों से पहले राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया। आशंका है कि ईरान लौटने पर उत्पीड़न होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 03-11-2026 00:03 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 11 मार्च 2026> फाल्गुन 20 शक संवत 1947 चैत्र कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 59 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in



किसान की बेटी की शादी में सोनीपत पहुंचे राहुल गांधी

p10


# NBT नवभारत टाइम्स



मैं ज़िद्दी थी, लेकिन फैसलों पर कायम हूं: काजोल

p13

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



## फटाफट खबरें

### नूंह में मेघालय पुलिस पर पथराव



**पुलिस ने चलाई गोली, एक घायल**

हरियाणा के नूंह में ATM लूट के मेन आरोपी को पकड़ कर ले जा रही मेघालय पुलिस पर पथराव किया गया। शिकरावा के पास घटना हुई। मेघालय पुलिस ने कई राउंड फायरिंग की। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। ▸▸पेज 5

### नरेला: खड़ी कार में मिले दो लोगों के शव

आउटर नॉर्थ के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क किनारे खड़ी कार के अंदर दो युवकों के शव मिले। सभी शीशे बंद थे, लेकिन कार लॉक नही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ▸▸पेज 5

### बदरी-केदार में गैर सनातनी पर रोक...!

चारधाम यात्रा से पहले बदरी केदार मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर में गैर सनातनियों पर रोक लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। यात्रा 19 अप्रैल से है। ▸▸पेज 14

### मुकद्दस रमज़ान

**इफ्तार बुधवार**
सुन्नी 6:26 pm
शिया 6:39 pm

**सहरी गुरुवार**
सुन्नी 5:18 am
शिया 5:07 am

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,205.98 (+ 639.82) |
| निफ्टी | 24,261.60 (+ 233.55) |
| रु/यूएस डॉलर | 92.01 (-0.24) |
| रु/यूरो | 106.99 (+0.40) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
दिल्ली ₹1,64,700 (+ 400)
चांदी .999 टंच प्रति किलो
दिल्ली ₹2,79,275 (+ 10,975)

### मौसम

अधिकतम तापमान 35.5°
18.8° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त बुधवार 6:26 | सूर्योदय गुरुवार 6:34

हल्के बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

# गैस बचाने का टाइम आ गया है

## देशभर में किल्लत की खबरों के बीच पीएम ने जाना हाल | LPG, CNG, PNG सप्लाई को सरकार देगी तरजीह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अमेरिका-इस्राइल** और ईरान में छिड़ी जंग ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया है। विश्व बाजारों में तेल और गैस की सप्लाई बाधित हो गई है। कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में टाइम आ गया है कि अपने घरों से लेकर रेस्टोरेंट और उन तमाम जगह पर जहां गैस को बचाया जा सकता है, बचाया जाए। विदेश से कच्चे तेल और नैचरल गैस की सप्लाई प्रभावित होने के बीच पीएम नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कैबिनट मीटिंग की। सभी मंत्रालयों को अलर्ट रहने को कहा है। सरकार ने तय किया है कि गैस के इस्तेमाल में LPG उत्पादन, CNG और घरेलू PNG को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और इनकी 100% मांग पूरी की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए घबराने की कोई वजह नहीं है। नैचरल गैस आपूर्ति के लिए प्राथमिकता के 4 क्षेत्र तय किए हैं। गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक पहली प्राथमिकता में PNG, CNG, LPG उत्पादन और पाइपलाइन संचालन हैं। उर्वरक संयंत्रों को औसत खपत का 70% गैस और गैस ग्रिड से जुड़े उद्योगों व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 80% सप्लाई दी जाएगी। रेस्तरां द्वारा LPG की कमी की शिकायतों पर मंत्रालय ने IOC, HPCL और BPCL के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टरों की तीन सदस्यीय समिति बनाकर समस्या का समाधान निकालने को कहा है।

**नैचरल गैस आपूर्ति के लिए प्राथमिकता तय की गई**

PTI



**लंबी कतारें** ये तस्वीर लखनऊ की है। देश के कई हिस्सों में LPG की कमी होने की शिकायतें सामने आईं। सरकार ने कहा- घबराने की जरूरत नहीं।

## जंग जल्द थमने के संकेत से मार्केट भी उबरा

पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म हो सकने के बारे में ट्रंप के बयान ने कच्चे तेल से लेकर शेयर बाजार तक का सेंटिमेंट बदला। 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने वाला क्रूड ऑयल मंगलवार को तेजी से नीचे आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 11.5% गिरावट के साथ कच्चे तेल का भाव 88 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने का असर शेयर बाजार में दिखा। दो दिनों से चल रहा गिरावट का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1% बढ़कर बंद हुए।

अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट का नियंत्रण लेने का विचार कर रहा है। ईरान के खिलाफ हमारा अभियान जल्द खत्म होने वाला है, लेकिन इस हफ्ते नहीं। -डॉनल्ड ट्रंप, US के राष्ट्रपति



जब तक युद्ध जारी रहेगा, ईरानी सेना होर्मुज स्ट्रेट से US और इस्राइल के सहयोगियों को एक लीटर तेल भी नहीं ले जाने देगी। US की हार तक जंग जारी रहेगी। -जनरल अली मोहम्मद नैनी, IRGC

हमारी ख्वाहिश ईरानी लोगों को जुल्म की गुलामी से आज़ाद कराना है। अब तक के हमलों से हम ईरानी सत्ता की हड्डियां तोड़ रहे हैं। -नेतन्याहू, इस्राइल के पीएम



**दिल्ली: पीछे से सप्लाई रुकने की बात**

## NCR में कई जगह रुकी कमर्शल LPG की सप्लाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**जंग का** असर अब दिल्ली-एनसीआर के रेस्तरां कारोबार पर भी पड़ने लगा है। कमर्शल एलपीजी गैस सिलिंडर की सप्लाई रेस्तरां में लगभग ठप हो चुकी है। कुछ एजेंसी वालों ने कहा कि पीछे से सप्लाई रोक दी गई है। कारोबारियों का दावा है कि करीब 70% रेस्तरां इस समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति नहीं संभाली गई तो कुछ दिनों में रेस्टोरेंट में ताले लटकने शुरू हो सकते हैं। नैशनल रेस्तरां असोसिएशन ऑफ इंडिया ने संचालकों को अडवाइजरी जारी कर कहा है कि वह गैस की खपत कम करें और बिजली से खाना बनाने पर जोर दें। गाजियाबाद में तो कमर्शल गैस सिलिंडरों की सप्लाई फिलहाल रोक दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी के अनुसार सिर्फ हॉस्टल, हॉस्पिटल, सरकारी संस्थान और आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थानों को ही सिलिंडर की सप्लाई होगी। नोएडा में भी इसी तरह सप्लाई रोकी गई है। गुड़गांव में गैस वितरण कंपनियों ने गैस कमर्शल सिलिंडरों की आपूर्ति बंद कर दी है।

### खाड़ी की जंग से और क्या असर?

■ **गैस की कमी** से बवाना का 323 मेगावॉट गैस आधारित पावर प्लांट प्रभावित हो सकता है। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने डिस्कॉम कंपनियों को पावर परचेज अग्रीमेंट पर फिर से विचार करने को कहा।



■ जेट फ्यूल महंगा होने पर एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस कल से घरेलू टिकटों पर 399 रुपये फ्यूल सरचार्ज व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर भी अतिरिक्त शुल्क लागू करेंगी।

### वॉर अपडेट

■ ईरानी विदेश मंत्री अरागची ने कहा, अमेरिका से बातचीत का सवाल ही नही, 'अब कूटनीति की कोई संभावना नही बची।

■ युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान में कम से कम 1,230, लेबनान में कम से कम 397 और इस्राइल में 11 लोग मारे गए हैं।

■ कतर में फंसे करीब 1,000 भारतीय नागरिकों को मंगलवार को नई दिल्ली, मुंबई और कोच्चि लाया गया। ▸▸देखें सामने और पेज 13

**याचिका पर निर्देश** नो-फॉल्ट मुआवज़ा नीति सरकार की गलती स्वीकार करना नहीं होगा : SC

## SC बोला- कोविड टीके से साइड इफेक्ट पर मुआवज़ा दे सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने केंद्र सरकार को कोविड-19 टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट से प्रभावित लोगों के लिए 'नो-फॉल्ट मुआवजा नीति' तैयार करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटनाओं की निगरानी के लिए जो मौजूदा व्यवस्था है, वही जारी रहेगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों से जुड़े आंकड़े समय-समय पर सार्वजनिक किए जाएं, जैसा 2021 के फैसले में कहा गया था। अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रतिकूल घटनाओं की जांच के लिए अलग से एक्सपर्ट कमिटी बनाने की जरूरत नहीं है। साथ ही 'नो-फॉल्ट मुआवजा नीति' बनाना सरकार की गलती स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। यह फैसला रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की याचिका पर आया। दोनों का आरोप है कि उनकी बेटियों का निधन कोविड वैक्सीन के गलत प्रभाव से हुआ। मामले में केरल हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका भी शामिल थी। पहले केंद्र ने कहा था कि कोविड टीकाकरण स्वैच्छिक था, इसलिए मुआवजा देने की बाध्यता नहीं है। ▸▸पेज 14

AI Image



### अब UCC का वक्त

SC ने मंगलवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने का समय आ गया है। कोर्ट ने शरीयत कानून के कुछ प्रावधानों को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के वक्त यह टिप्पणी की। ▸▸पेज 14

### SIR पर भी सुनवाई

SC ने निर्देश दिया कि बंगाल में SIR प्रक्रिया में नाम हटाने के खिलाफ अपील सुनने के लिए ट्रिब्यूनल बनाए जाएं। इनमें हाई कोर्ट के पूर्व PP शामिल हों। ▸▸पेज 10



**आमने-सामने**

### ओम बिरला के खिलाफ 'संकल्प' पर संसद में बहस



किरेन रिजिजू



गौरव गोगोई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोकसभा में मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाए गए 'संकल्प' पर बहस हुई। कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा, व्यक्तिगत रूप से सभी के साथ बिरला का रिश्ता अच्छा है, लेकिन सदन और संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए यह संकल्प लाना पड़ा। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री ने किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के कम से कम 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे बिरला के खिलाफ प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं। ▸▸पेज 10

## चीन सहित भारत के पड़ोसी देशों से FDI की राह आसान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सरकार ने** मंगलवार को चीन सहित उन सभी पड़ोसी देशों से फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (FDI) की राह आसान कर दी, जिनकी सीमाएं भारत से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। इसके तहत, अप्रैल 2020 में बनी प्रेस नोट-3 (PN3) की व्यवस्था में बदलाव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के मुताबिक, इससे इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स और सोलर सेल की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।' कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, पॉलीसिलिकॉन और इंगट-वेफर जैसे चुनिंदा सेक्टरों और गतिविधियों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिनों के भीतर निर्णय कर दिया जाएगा। ▸▸पेज 13

**PM नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने प्रेस नोट-3 में बदलावों को मंजूरी दी**

**चुनिंदा सेक्टरों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिनों में हो जाएगा निर्णय**

AI Image




### 3631 करोड़ रुपये से बेहतर होगी नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर के फरीदाबाद सेक्शन की संशोधित लागत मंजूर की है। 7.8 किमी के कॉरिडोर के निर्माण की लागत अब 3631 करोड़ हो गई है। इससे साउथ दिल्ली, फरीदबाद और गुड़गांव को नोएडा एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी मिलेगी। ▸▸पेज 13

### राजधानी दिल्ली में LPG गैस की किल्लत बढ़ी, कमर्शल सिलिंडरों की सप्लाई ठप

# युद्ध की आग में गैस सप्लाई प्रभावित

## 1880 रुपये वाले कमर्शल सिलिंडर के रेट 2500-3500 रुपये तक पहुंचे

**ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध का असर अब लोगों के घरों की रसोई से लेकर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे ढाबों व किचन तक पहुंच गया है। रसोई गैस की कमी की आशंका के चलते कई लोग अतिरिक्त गैस सिलिंडर लेने के लिए गैस एजेंसियों के गोदामों पर पहुंच रहे हैं। हालांकि, बुकिंग पीरियड बढ़ने के कारण कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। वहीं, कमर्शल LPG सिलिंडर की किल्लत के चलते होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं और सिलिंडर की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। NBT संवाददाता राजेश सरोहा, राहुल आनंद, पूनम गौड़, अभिषेक गौतम और राजेश पोद्दार ने गैस एजेंसियों के दफ्तरों और गोदामों पर जाकर जमीनी हालात का जायजा लिया।**

### कड़कड़डूमा: तीन गोदाम में नहीं आ रहे कमर्शल LPG सिलिंडर

कड़कड़डूमा स्थित एचपी गैस एजेंसी के चार गोदामों का मुआयना किया। यहां काम करने वाले ओंकार सिंह ने बताया कि यहां किसी भी गोदाम पर घरेलू गैस सिलिंडर की कमी नहीं है। इक्का-दुक्का ग्राहक जिनके पास एक ही सिलिंडर है, वही यहां सिलिंडर लेकर आ रहे हैं। ज्यादा दिक्कत 19 किलो वाले कमर्शल गैस सिलिंडर की है। यहां चार गोदामों में से तीन में ही कमर्शल गैस सिलिंडर आते हैं। पिछले कुछ दिनों से कंपनी से इनकी सप्लाई नहीं हो रही है। ओंकार सिंह ने बताया कि सीबीडी ग्राउंड में कई शादियां हैं। वहां यहीं से कमर्शल गैस सिलिंडर सप्लाई किए जाते हैं। बैंक्विट हॉल मालिक के कई फोन आ चुके हैं, लेकिन हम उन्हें सिलिंडर नहीं दे पा रहे। कमर्शल सिलिंडर के रेट 1880 रुपये के करीब है, लेकिन अभी इसकी कीमत 2500 से 3500 रुपये तक पहुंच गई है।

### राजघाट: तीन दिन से नहीं हुई है 19kg वाले सिलिंडर की सप्लाई

राजघाट स्थित बस डिपो के पास इंडेन गैस एजेंसी के अलग-अलग चार गोदाम हैं। इन चारों गोदामों से पुरानी दिल्ली और नॉर्थ व सेंट्रल दिल्ली के कई अन्य इलाकों में गैस की सप्लाई होती है। यहां कई ग्राहक मिले, जो खुद गैस सिलिंडर लेने आए थे। यहां आए अजहरुद्दीन ने बताया कि घर पर वैसे तो दो सिलिंडर हैं, लेकिन चाची का गैस सिलिंडर खत्म हो गया था। वही लेने आया हूं। गैस गोदाम के इंचार्ज सतीश ने बताया कि घरेलू गैस सिलिंडर की कमी नहीं है, लेकिन कमर्शल गैस सिलिंडरों की भारी कमी है। सप्लायर बबलू ने बताया कि पिछले तीन दिन से कमर्शल गैस सिलिंडर की एक भी गाड़ी नहीं आई है। इस वजह से होटल और रेस्टोरेंट्स वालों को काफी दिक्कत हो रही है। हम उन्हें सिलिंडर नहीं दे पा रहे।

NBT रिएलिटी चेक

### महावीर एनक्लेव: बुकिंग कराने आए कई लोग मायूस लौटे

महावीर एनक्लेव स्थित भारत गैस एजेंसी के दफ्तर पर मंगलवार को गैस बुक कराने आए कई लोगों को बेरंग लौटना पड़ा। उन्हें बताया गया कि अब 15 दिन में बुकिंग नहीं करा सकते। युद्ध के कारण गैस संकट को देखते हुए नियम बदले गए हैं। अब कंपनी ने बुकिंग की समय सीमा 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है। गैस बुकिंग करने वाले ने बताया कि हम गैस दे रहे हैं, लेकिन आम दिनों की तुलना में अधिक संख्या में लोग बुकिंग कराने के लिए आ रहे हैं। एक अन्य ग्राहक ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है, इस वजह से उन्हें यहां आना पड़ा। बुकिंग के लिए आई एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि उनके यहां होली के पहले से गैस नहीं है, ठीक से खाना तक नहीं बन पा रहा है।

### द्वारका: चार दिनों में 20-30% तक बढ़ी गैस बुकिंग की संख्या

द्वारका सेक्टर-7 की इंडेन गैस एजेंसी पर भी नया सिलिंडर बुक कराने वालों की भीड़ अचानक से बढ़ गई है। यहां के कर्मचारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलिंडर की बुकिंग बीते चार दिनों में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। इसकी वजह से सप्लाई में दिक्कत आ रही है। दिनभर में ऐसे कई फोन आ रहे हैं, जिनमें लोग सिलिंडर की उपलब्धता और कीमतों के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि एक हफ्ते पहले वह बुकिंग के 24 से 36 घंटे के अंदर सिलिंडर की डिलिवरी कर देते थे, लेकिन अब यह समय बढ़कर दो से चार दिन का हो गया है। घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति तो कम नहीं हुई है, लेकिन अचानक मांग बढ़ने की वजह से सप्लाई का गैप बढ़ रहा है, जिससे डिलीवरी पर असर पड़ रहा है।

### नरेला: कैटरर्स और रेस्टोरेंट वालों को नहीं मिल रहा सिलिंडर

नरेला में घरेलू एलपीजी सिलिंडर को लेकर किसी तरह की पैनिक की स्थिति नहीं दिखी, लेकिन कमर्शल सिलिंडर सप्लाई करने वाले कर्मचारियों की परेशानी जरूर बढ़ गई है। उनका कहना है कि सप्लाई कम होने की वजह से अभी केवल उन्हीं लोगों को सिलिंडर दिया जा रहा है, जिनके पास रजिस्टर्ड कमर्शल कनेक्शन है। शादी-ब्याह, पार्टी या अन्य कार्यक्रमों में इस्तेमाल के लिए कमर्शल सिलिंडर लेने वालों की फिलहाल सप्लाई रोक दी गई है। नरेला में एचपी गैस एजेंसी के संचालक शोभित डागर ने बताया कि कुछ जगहों पर डिलिवरी में जरूर थोड़ी देरी होने की शिकायतें आई हैं, लेकिन एजेंसी की ओर से नियमित रूप से सिलिंडर सप्लाई किए जा रहे हैं। वहीं, एक अन्य गैस एजेंसी पर काम करने वाले सप्लायर ओमप्रकाश ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी कमर्शल सिलिंडरों को लेकर है। पहले बुकिंग पर रेस्टोरेंट या कैटरर्स को भी तुरंत सिलिंडर दे दिया जाता था, लेकिन अब सप्लाई सीमित होने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है।

### पांडव नगर: 150 सिलिंडर का स्टॉक अब 15-20 तक सिमटा

ईस्ट दिल्ली के पांडव नगर स्थित अनुभा गैस एजेंसी पर इन दिनों कमर्शल सिलिंडरों की भारी किल्लत देखी जा रही है। एजेंसी कर्मचारी विशंभर सिंह ने बताया कि जहां घरेलू गैस की सप्लाई सामान्य है, वहीं 19 किलो वाले कमर्शल सिलिंडर की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। स्थिति यह है कि एजेंसी का स्टॉक 150 सिलिंडरों से घटकर मात्र 15-20 रह गया है। प्रबंधन ने निर्देश दिए हैं कि वर्तमान स्टॉक को केवल इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं के लिए ही इस्तेमाल किया जाए। हालांकि, पुरानी बुकिंग वाले ग्राहकों को सप्लाई दी जा रही है, लेकिन उसमें काफी समय लग रहा है। पारदर्शिता के लिए डिलिवरी मैन से पर्ची भी मांगी जा रही है।



PTI

एजेंसी में भीड़: गैस एजेंसी पर घरेलू सिलिंडर भी एडवांस में लेने जा रहे लोग




### दिल्ली में क्या है गैस की डिमांड

**LPG**

**90%** लगभग घरेलू उपभोक्ताओं के पास LPG के दो सिलिंडर हैं दिल्ली में

- दिल्ली में घरेलू LPG के 56.6 लाख से अधिक कनेक्शन हैं। कमर्शल उपभोक्ताओं की संख्या निश्चित नहीं है, क्योंकि रजिस्टर्ड यूजर्स से कई गुना ज्यादा तादाद अनरजिस्टर्ड की है।
- दिल्ली में मंगलवार को 14.2kg वाले घरेलू LPG सिलिंडर की कीमत 913 रुपये और 19kg वाले कमर्शल LPG सिलिंडर की कीमत 1883 रुपये थी।
- संकट के नाम पर ब्लैक में ज्यादा दामों पर सिलिंडर बेचे जा रहे हैं। घरेलू सिलिंडर 1800 रुपये तक और कमर्शल सिलिंडर 2500 से 3500 तक में मिल रहे हैं।

**PNG**

**14000** किमी का पाइपलाइन नेटवर्क है दिल्ली में IGL के पास प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए

- दिल्ली में 19 लाख से अधिक घर PNG आपूर्ति से जुड़े हैं और 6,500 से अधिक औद्योगिक और वाणिज्यिक कनेक्शन भी हैं।
- आईजीएल के पास एक ऑनलाइन गैस नेटवर्क है, जहां गैस सीधे प्राप्त की जाती है और फिर वितरित की जाती है।




### NCR के शहरों में क्या है हाल

#### गुड़गांव : बैठक कर बनाई आगे की रणनीति

**NBT रिपोर्ट, गुड़गांव :** गुड़गांव में भी पेट्रोलियम पदार्थों पर असर पड़ने लगा है। LPG की कीमतों में उछाल के साथ आपूर्ति का संकट हो गया है। गैस वितरण कंपनियों ने सोमवार से कमर्शल सिलिंडरों की आपूर्ति बंद कर दी। घरेलू उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो, इसके लिए LPG डिस्ट्रिब्यूटर्स असोसिएशन ने बैठक कर प्लानिंग तैयार की है।

#### फरीदाबाद : अफसरों का दावा- कोई दिक्कत नहीं

**NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद :** फरीदाबाद में कमर्शल LPG सिलिंडरों की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर फूड एंड सप्लाई विभाग ने कहा है कि शहर में गैस की सप्लाई सामान्य है और किसी भी प्रकार की कमी नही है। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले कमर्शल गैस सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है।

#### नोएडा/गाज़ियाबाद : होटल-रेस्टोरेंट पर असर

**NBT रिपोर्ट, नोएडा/गाजियाबाद :** नोएडा गाजियाबाद में भी गैस की दिक्कत देखी जा रही है। नोएडा में अगले दो से तीन दिनों में कमर्शल गैस की कमी से हजारों होटल और रेस्टोरेंट के बंद होने का खतरा है। वहीं, गाजियाबाद में भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखी जा रही है। यहां भी कमर्शल गैस सिलिंडर सप्लाई लगभग ठप है।

### नैशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक, कई रेस्टोरेंट पर ताला लटकने की नौबत

# LPG सिलिंडर संकट गहराया, 70% रेस्टोरेंट प्रभावित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**मिडिल ईस्ट** में जारी तनाव का असर अब दिल्ली के रेस्टोरेंट कारोबार पर भी पड़ने लगा है। स्थिति यह है कि कमर्शल एलपीजी सिलिंडर की सप्लाई रेस्टोरेंट में लगभग ठप हो चुकी है। जिससे कारोबारियों की नींद उड़ चुकी है। कारोबारियों का दावा है कि करीब 70 प्रतिशत रेस्टोरेंट किसी न किसी रूप में इस समस्या से प्रभावित हो रहे हैं।

नैशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक, कमर्शल सिलिंडर की समय पर सप्लाई नहीं मिलने से कई जगहों पर काम प्रभावित होने लगा है। हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं कि अगर जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो कुछ रेस्टोरेंट पर ताला लटकने की नौबत भी आ सकती है। असोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने बताया कि एलपीजी सिलिंडर को लेकर हालत अब खराब होने लगे हैं। करीब 70 प्रतिशत रेस्टोरेंट इससे प्रभावित हैं।

**कई रेस्टोरेंट वालों को नहीं मिल पा रहा कमर्शल सिलिंडर**

उन्होंने बताया कि इस स्थिति को देखते हुए कुछ रेस्टोरेंट वाले बिजली का सहारा लेंगे, तो कुछ रेस्टोरेंट वालों ने अपने आइटम में कटौती करने वाले हैं। अगर दो से तीन दिन में स्थिति सामान्य नहीं हुई तो एलपीजी सिलिंडर पर डिपेंड रहने वाले कई रेस्टोरेंट पर ताला लटक सकता है। वहीं, होटल कारोबारी संदीप खंडेलवाल ने बताया कि अभी हालात इतने खराब नहीं हुए हैं, जितना माहौल बनाया जा रहा है। कहीं हल्की फुल्की दिक्कत है, इसका मतलब ये नहीं है कि सभी इससे प्रभावित होंगे। वॉर के दौरान ये समस्या मामूली है। आसपास के देशों में तो हालत बहुत ही खराब है।

AI Image




### NRAI ने जारी की एडवाइज़री

**कमर्शल एलपीजी** सिलिंडर की सप्लाई में संभावित बाधा को देखते हुए नैशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) ने रेस्टोरेंट संचालकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें कारोबारियों को गैस की खपत कम करने, वैकल्पिक कुकिंग सिस्टम अपनाने और संचालन में बदलाव करने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में रेस्टोरेंट संचालकों से कहा गया है कि जहां संभव हो वहां बिजली आधारित कुकिंग उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ाया जाए। इसके तहत इंडक्शन कुकिंग, कॉम्बी और कन्वेक्शन ओवन, इलेक्ट्रिक राइस कुकर और स्टीमर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा एनआरएआई ने रेस्टोरेंट्स को अपने मेन्यू में भी अस्थाई बदलाव करने की सलाह दी गई है। इसके तहत सीमित 'क्राइसिस मेन्यू' लागू कर ऐसे व्यंजन शामिल करने की बात कही गई है जो कम समय में तैयार हो जाते हैं और उसमें गैस की खपत कम होती है। अगर कुछ आइटम उपलब्ध नही हैं तो इसकी जानकारी ग्राहकों को देने को कहा गया है।





हमारे ढाबे की मेन ब्रांच ने टाइमिंग चेंज करने को कहा है। पहले हम दिन में 12 बजे से लेकर रात 12 बजे तक ढाबा खोलते थे, लेकिन सिलिंडर की कमी के कारण अब हमें शाम में 4 बजे से ढाबा खोलने के लिए कहा गया है। *-आकाश कुमार*



पहले हमें आसानी से सिलिंडर मिल जाता था, लेकिन अब दो दिन से दिक्कत हो रही है। पहले जो सिलिंडर 1900 रुपये में मिल रहा था, उसके लिए अब 2200 रुपये देने पड़ रहे हैं। **-सुबोध सिंह, चाइनीज फूड कार्ट संचालक**



सुबह से कमर्शल सिलिंडर के लिए भटक रहा था, लेकिन कहीं नहीं मिला। मजबूरी में घरेलू सिलेंडर लेना पड़ा, लेकिन वो भी करीब 1800 रुपये में मिला, तब जाकर मैं अपना काम शुरू कर पाया। **-सोनू गंगवानी, ढाबा संचालक**



मुझे कल पूरे दिन एक ही सिलिंडर को अलग-अलग भट्टी पर लगाकर काम चलाना पड़ा। पहले सेम डे सिलिंडर आ जाता था, पर अब सिलिंडर मुश्किल से मिल रहा है। **-शेफाली कौशिक, रेस्टोरेंट संचालिका**




मुझे मंगलवार को सिलिंडर चाहिए था। शाम तक नही मिला। पहले वाले सिलिंडर में जितनी गैस बची है, फिलहाल उसी से काम चला रहे हैं। अगर आज भी सिलिंडर नहीं आया, तो काम बंद होगा। **-राजेश कुमार, भोजनालय संचालक**

# पावर प्लांटों को भी लग सकता है अमेरिका-ईरान वॉर का 'झटका'

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

**■ नई दिल्ली :** अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव का सीधा असर अब दिल्ली की बिजली आपूर्ति पर पड़ता दिख रहा है। युद्ध के कारण नेचुरल गैस की संभावित कमी को देखते हुए दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बिजली वितरण कंपनियों के साथ अहम बैठक की है। दिल्ली में गैस आधारित संयंत्रों, विशेषकर बवाना पावर प्लांट से होने वाला 323 मेगावॉट का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। 1500 मेगावॉट की कुल क्षमता वाले बवाना प्लांट को पूरी क्षमता से चलाने के लिए रोजाना $5.6$ MMSCMD गैस की जरूरत होती है, जबकि वर्तमान आपूर्ति के आधार पर उत्पादन काफी कम है। फिलहाल 323 मेगावॉट बिजली बनाने के लिए भी प्रतिदिन $1.4$ MMSCMD गैस की आवश्यकता पड़ती है।ऊर्जा मंत्री ने चेतावनी दी है कि इस साल गर्मी ने एक महीने पहले ही दस्तक दे दी है, जिससे पीक पावर डिमांड रिकॉर्ड 9088 मेगावॉट तक पहुंच सकती है। यह पिछले साल की 8442 मेगावॉट की मांग से लगभग 646 मेगावॉट अधिक है। गौर करने वाली बात है कि 2024 में मांग 8656 मेगावॉट रही थी, जो 2025 में घटकर 8442 मेगावॉट रह गई थी, लेकिन इस बार इसके सारे रिकॉर्ड टूटने का अनुमान है। सरकार ने बिजली कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) पर नए सिरे से विचार करें ताकि गैस की कमी के बावजूद गर्मियों में दिल्लीवासियों को निर्बाध बिजली मिल सके।

**दिल्ली में गर्मियों के दौरान पीक पावर डिमांड** *(अनुमानित)*







# गैस की किल्लत ने बिगाड़ा कैटरर्स के बिज़नेस का 'स्वाद'

## कई बैंक्विट हॉल वाले हो रहे परेशान, ब्लैक में भी सिलिंडर लेने को तैयार, पर नहीं मिल रही सप्लाई

Rajesh.Saroha
@timesofindia.com

**■ नई दिल्ली :** कमर्शल गैस सिलिंडरों की सप्लाई ठप होने से कैटरर्स के साथ साथ बैंक्विट हॉल मालिक भी परेशान हैं। कैटरर्स ब्लैक में भी सिलिंडर लेने के लिए तैयार है, लेकिन सप्लायरों ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए हैं कि जब हमें कंपनी से सिलिंडर ही नहीं मिल रहे हैं तो कहां से ग्राहकों को दे दें। बैंक्विट हॉल मालिक और कैटरर्स इस बात को लेकर परेशान हैं कि बुकिंग करने वाली पार्टी को कैसे समझाया जाए।

**दिल्ली के कई बैंक्विट हॉल में इस महीने शादी की बुकिंग है**

दिल्ली और एनसीआर में कई बैंक्विट हॉल चलाने वाले विनोद अरोड़ा ने बताया कि इस महीने शादी के 4-5 शुभ मुहूर्त हैं। इन सभी डेट्स के लिए बैंक्विट हॉल की पहले से बुकिंग हो रखी है। जब बुकिंग हुई थी तब इस बात का अंदाजा ही नहीं था कि ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से गैस की दिक्कत हो सकती है। तीन दिन पहले कमर्शल सिलिंडरों की दिक्कत शुरू हो गई, लेकिन दो दिन तो जैसे तैसे करके निकल गए। मंगलवार को यह दिक्कत तब और बढ़ गई जब गैस सप्लायरों ने पूरी तरह से हाथ खड़े कर दिए।

AI Image




उन्होंने बताया कि छोटे शादी समारोहों में कम से कम 10-15 कमर्शल गैस सिलिंडरों की जरूरत पड़ती है। वहीं अगर शादी समारोह बड़ा है तो वहां कम से कम 15-25 सिलिंडरों की जरूरत पड़ती है। शादी समारोह में चिल्ला, टिक्की और पावभाजी सहित जितने भी स्नैक्स के स्टॉल लगते है हर स्टाल के लिए अलग सिलिंडर की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा शादी समारोह में कई तरह की सब्जियां बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि वह पिछले 22 साल से एक ही सप्लायर से गैस सिलिंडर ले रहे हैं। पहली बार ऐसा हुआ है कि सप्लायर सिलिंडर नहीं दे पा रहा है।

उन्होंने बताया कि शादी समारोह के लिए खाने पीने के कई आइटम्स को आउट सोर्स किया जाता है। अगर कोई कैटरर्स साउथ इंडियन आइटम बनाने में एक्सपर्ट हैं तो उन्हें बुलाया जाता है। इस समय हालत यह है कि कैटरर्स बुकिंग लेने के लिए तो तैयार हैं, लेकिन इस शर्त पर कि गैस सिलिंडर उन्हें अरेंज करके देना होगा। उन्होंने बताया कि यह दिक्कत सिर्फ दिल्ली में ही नहीं है, एनसीआर में भी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 03-10-2026 22:55 Color:



## महानगर में आज




**मैत्रियम**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'मैत्रियम', स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। आराधी ग्रुप ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के इस कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कथक और ओडिशी के लय से भरी संगम को महसूस किया जा सकता है।

**दिव्यता की ओर**
ओशो धाम में आर्ट एग्जिबिशन 'डिवाइन इंटरवेंशन', ओशो धाम, झटिकरा मार्ग, नजफगढ़ के पास, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। इस आर्ट एग्जिबिशन के साथ हीरल सिंघल की एक्रेलिक और मिक्स्ड मीडिया एग्जिबिशन उस भावना की एक जीवंत, निरंतर निरंतरता को दर्शाती है - जहां कला तकनीक से नहीं बल्कि मौन, ध्यान और आंतरिक विश्वास से पैदा होती है।



**अकेला सफर**
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'सॉलिटरी रीपर्स : लोनली जर्नीज ऑफ लोनसम सोल्स', श्रीधरनी गैलरी, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। विलियम वड्‌र्सवर्थ के 'द सॉलिटरी रीपर' से प्रेरित इस शो में जिंदगी के भावों को महसूस किया जा सकता है। इस शो के क्यूरेटर जॉनी एमएल हैं।

**स्थायित्व की ओर**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'अ वॉयेज टु परमानेंस', विजुअल आर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। पुरंदर चौधरी की ऑडियो विजुअल फिल्मों का आनंद लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

# EV, सड़क, पानी, शिक्षा और सोलर- इस बजट में होंगी हरित प्राथमिकताएं

## सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट को अंतिम रूप देने में जुटी

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट को अंतिम रूप देने में जुट गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होली से पहले मंत्रियों के साथ अलग-अलग समीक्षा बैठकों के बाद अब



अधिकारियों के साथ बैठकें कर रही हैं। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो सरकार इस बार विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए ग्रीन बजट लाएगी। बजट का फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर पर तो रहेगा, लेकिन उसके साथ ईवी पॉलिसी, सोलर, शिक्षा में निवेश बढ़ाने के साथ सड़क, पानी और प्रदूषण भी बजट की प्राथमिकताओं में शामिल होगा।



सरकार के सूत्रों के अनुसार, ग्रीन बजट का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खर्च और योजनाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े विकास कार्यों पर हो। सरकार ने दुनिया के साथ देश के कई राज्यों में आए ग्रीन बजट के मॉडल का अध्ययन भी किया है। उसके साथ राजधानी के लिए उपयुक्त बजट पेश करके विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना चाहती है।

अधिकारियों के मुताबिक, बजट केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास के नए अवसर भी पैदा करती है। इससे स्वच्छ ऊर्जा, हरित परिवहन, वेस्ट मैनेजमेंट, जल संरक्षण और ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ता है, जिससे नई तकनीकों के विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। इसके साथ सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करके जन सुविधाएं बढ़ाने पर जोर रहेगा। इसके लिए सड़कों के निर्माण, पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन डालना शामिल है। बजट में सरकार का दूसरा फोकस शिक्षा पर रहेगा। सरकार इस बार शिक्षा के बजट में बढ़ोतरी कर सकती है।

**सब्सिडी योजनाएं जारी रहेंगी:** सब्सिडी व मुफ्त की योजनाओं पर सरकार कोई छेड़छाड़ नहीं करेगी। बिजली की मुफ्त योजना पहले की तरह जारी रहेगी। इसमें बदलाव की कोई योजना नहीं है। इसके अलावा, बस में महिलाओं के मुफ्त सफर की योजना जारी रहेगी, लेकिन बजट में इसका खर्च कम हो सकता है।

**पिछले बजट में प्रमुख विभागों को आवंटित पैसा**

| विभाग | राशि |
|---|---|
| शिक्षा | 7,648 |
| पानी | 9,000 |
| परिवहन | 11,964 |
| हेल्थ | 6,874 |
| सोशल सेक्टर | 10,110 |

(करोड़ रुपये में)

**फैक्ट फाइल**
- 16 मार्च से शुरू हो सकता है दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,00,000 करोड़ रुपये का बजट पेश हुआ था।
- 57,850 करोड़ रुपये स्कीम और प्रोजेक्ट के लिए था।
- 47.81 फीसदी जनवरी 2026 तक खर्च हुआ है।


## नए LG आज संभालेंगे पदभार



**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली के नवनियुक्त एलजी तरनजीत सिंह संधू बुधवार को अपना पदभार संभालेंगे। मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया। सीएम के मुताबिक, इस मुलाकात के दौरान दिल्ली की प्रगति और जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। पूर्ण विश्वास है कि उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव और कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# कोर्ट की टिप्पणियों पर ED को आपत्ति, AAP नेताओं को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्ली हाई** कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य 21 लोगों से प्रवर्तन निदेशालय (ED) की उस याचिका पर जवाब देने को कहा जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ की गई 'अनुचित' टिप्पणियों को हटाने की मांग की गई है। 27 फरवरी को पारित आदेश में ट्रायल कोर्ट ने ED के काम करने के तरीके पर चिंता जताई थी कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में गिरफ्तारी और प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (चार्जशीट) दाखिल कर रही है, जबकि उससे जुड़े मामलों के तथ्यों की न्यायिक जांच भी नहीं हुई होती है। ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियां दिल्ली की शराब नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में पारित एक आदेश में आई थीं, जिसके जरिए अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को आरोपमुक्त कर दिया था। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में की गई टिप्पणियां सामान्य प्रकृति की प्रतीत होती हैं, उनका केस से कोई लेना देना नहीं है।

# अंगदान की प्रक्रिया होगी तेज़, मरीजों को मिलेगी नई ज़िंदगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**केंद्र के साथ हुआ समझौता, दिल्ली में बनेगा SOTTO**

**मौत का** इंतजार कर रहे लोगों को अंगदान से नया जीवन मिलता है। हालांकि इस मामले में दिल्ली अभी देश के कई राज्यों से पीछे है। इसी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने अंगदान और अंग प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (SOTTO) बनाने का फैसला किया है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम (NOTP) के तहत भारत सरकार के साथ समझौता किया है। इस संस्था का मुख्य मकसद राज्य में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी पूरी व्यवस्था का समन्वय करना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि समझौते के बाद दिल्ली में SOTTO की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। इससे राजधानी में अंगदान और प्रत्यारोपण की व्यवस्था को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 और 2014 के नियमों के तहत देश में अंग प्रत्यारोपण की व्यवस्था 3 स्तरों पर काम करती है। राष्ट्रीय स्तर पर NOTTO, क्षेत्रीय स्तर पर ROTTO और राज्य स्तर पर SOTTO काम करते हैं। CM ने कहा कि दिल्ली में अब तक अंग प्रत्यारोपण से जुड़े कई समन्वय के काम NOTTO के माध्यम से किए जाते थे। लेकिन अब SOTTO बनने से सिस्टम मजबूत होगा।

# हेल्थ सिस्टम में महिलाओं का योगदान ज़रूरी: CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बढ़ाया हौसला**
- सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुईं मुख्यमंत्री
- डॉक्टर, नर्स और शोधकर्ता के रूप में महिलाएं स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बना रही हैं

**मुख्यमंत्री रेखा** गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बेहद जरूरी है और उनका समर्पण देश के हेल्थ सिस्टम को मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं डॉक्टर, सर्जन, रिसर्चर, नर्स और हेल्थ एक्सपर्ट के रूप में उत्कृष्ट काम कर रही हैं और समाज को स्वस्थ व सुरक्षित बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित 'वुमन इन मेडिकल प्रोफेशन' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की संवेदनशीलता, सेवा भावना और समर्पण से चिकित्सा क्षेत्र और अधिक मानवीय बनता है। दिल्ली सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, जागरूकता कार्यक्रम चलाने और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करने के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि हर महिला को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

रेखा गुप्ता ने सर गंगाराम अस्पताल के दशकों पुराने योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान लाखों मरीजों को बेहतर इलाज देने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा, शोध और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां काम करने वाली महिला डॉक्टर, नर्स, शोधकर्ता और स्वास्थ्यकर्मी अपनी प्रतिभा और समर्पण से समाज को स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर**
**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

पत्रांक: 2582/96 एम/ई-निविदा/बु0 वृत्त/25-26 दिनांक:- 28.02.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर पर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्यों के लिये निविदायें लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम-10 के अनुसार श्रेणी में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 12.03.2026 से 18.03.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी-2 के अनुसार द्वितीय बार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रु. में) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी (सेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | स्वीकृति की प्रत्याशा | | | | | | | | |
| 1 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत सौंदा पुल डिडौली से फिरोजपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कार्य। | 42.23 | 4.11 | 6 Months | निविदा शुल्क 300+2000+ 18% जी.एस.टी. + रु. 414.00 =2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-2, लो.नि.वि., गाजियाबाद | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो.नि.वि., मेरठ | A,B,C |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा पिछले 5 वर्षों का टर्नओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षों से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
ई-निविदा, जो कि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
6. ठेकेदार को दोष दायित्व अवधि की समाप्ति की तथि से 45 दिनों तक वैध निष्पादन धरोहर धनराशि (परफोरमेन्स सिक्योरिटी) जमा करनी होगी एवं असंतुलित बिड हेतु अतिरिक्त निष्पादन धरोहर धनराशि एडीशनल परफोरमेन्स सिक्योरिटी) अनुबन्ध के अनुसार ठेकेदार को कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि तक की जमा करना अनिवार्य होगा।


अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गाजियाबाद

UPID-247632/09.03.2026
www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0
बुलन्दशहर


# डीटीसी के बेड़े में जल्द शामिल होंगी 200 ई-बसें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्ली परिवहन** निगम (डीटीसी) के बेड़े में इसी महीने 200 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को डीटीसी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने परिवहन विभाग और डीटीसी अधिकारियों के साथराजधानी में इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े के विस्तार, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रमुख ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने परिवहन मंत्री को बताया किवर्तमान में कुल 4000 से अधिक ईवी बसों का परिचालन हो रहा है। मार्च के आखिरी सप्ताह तक 200 नई इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल किया जाएगा। मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि सरकार क्लीन मोबिलिटी नेटवर्क को मजबूत करने के लिए इस साल के आखिर तक राजधानी दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस के बेड़े को 7,500 बसों तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जा रहा है। दिल्ली के 44 बस डिपो में इलेक्ट्रिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए हैं। इसके अलावा पीएम ई-ड्राइव फेज-1 और फेज-2 के तहत अभी 36 डिपो में ईवी चार्जिंग नेटवर्क पर काम शुरु हो गया है, जो आने वाले महीनों में दिल्ली के इलेक्ट्रिक बस फ्लीट के सही इस्तेमाल में मदद करेगा।

**खुशखबरी**
- मंत्री डॉ पंकज सिंह ने की अधिकारियों संग समीक्षा बैठक
- मार्च के आखिर तक शामिल होने की है उम्मीद
- 4000 ई-बसें अभी दिल्ली में चलाई जा रही हैं
- 7500 बसों का टारगेट है इस साल के आखिर तक

**भलस्वा में बनेगा अंतरराज्यीय बस अड्डा:** दिल्ली सरकार भलस्वा में लगभग 20 एकड़ जमीन पर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने की योजना बना रही है। इसके लिए अधिकारियों को इस दिशा में तेजी से काम करने का निर्देश दिया है। इस बस डिपो के बनने से हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ से आने वाली बसों को शहर के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा परिवहन मंत्री ने UER-II कॉरिडोर पर नया DTC डिपो बनाने के लिए भी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने को कहा है।

# GK-2 को B से A ग्रेड में करने के प्रस्ताव का विरोध

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**RWA ने विरोध प्रदर्शन किया और कैंडल मार्च निकाला**

**ग्रेटर कैलाश-2** (जीके-2) को बी कैटिगरी से अपग्रेड कर ए कैटिगरी में शामिल करने के प्रस्ताव का संबंधित RWA और आम लोग विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि सर्कल रेट और प्रॉपर्टी टैक्सेशन के मकसद से ऐसा किया जा रहा है। इसे लेकर बीते दिनों कई RWA ने मिलकर प्रोटेस्ट भी किया था। मंगलवार को RWA के प्रतिनिधियों ने ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय को अपना मांगपत्र दिया है। वहीं, लोगों और RWA ने इसे लेकर एक विरोध-प्रदर्शन और कैंडल मार्च भी किया।

यूनाइटेड रेजिडेंट्स ऑफ दिल्ली (URD) के महासचिव सौरभ गांधी और URD के साउथ दिल्ली की को-कनवीनर भावना गुप्ता ने बताया कि विधायक से एक प्रतिनिधिमंडल मिला है। मंडल ने कहा है कि वह लोग कैटिगरी चेंज किए जाने के प्रस्ताव को लेकर काफी चिंतित हैं। बड़ी संख्या में जीके-2 के लोग मौजूदा स्थिति में इस अपग्रेडेशन को सही नहीं मान रहे हैं। इस समय जीके-2 में न तो बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर है और न ही सिविक सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। ऐसे में इसे कैटिगरी ए में अपग्रेड करना न्यायसंगत सही नहीं है। इस प्रस्तावित कैटिगरी अपग्रेडेशन से जीके-2 का सर्कल रेट और प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ जाएगा। इससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ेगा।

URD ने तर्क दिया है कि जीके-2 की कुछ कॉलोनियों में नोटिफाइड सर्कल रेट से अभी भी प्रॉपर्टी की मार्केट वेल्यू कम है। इसकी वजह यही है कि यहां पर इन्फ्रास्ट्रचर काफी कम है और स्थानीय स्तर पर कई चुनौतियां भी हैं।

जीके-2 RWA के चेतन शर्मा ने बताया कि मंगलवार को लोगों ने इस प्रस्तावित कैटिगरी बदलाव को लेकर प्रदर्शन भी किया है। प्रदर्शन के दौरान एक कैंडल मार्च भी निकाला गया। यह सावित्री सिनेमा से शुरू होकर एम ब्लॉक रोड क्रॉसिंग तक गया।

# LG के कार्यक्रम में नहीं बुलाया: AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आम आदमी** पार्टी की शिकायत है कि दिल्ली के पूर्व एलजी विनय सक्सेना के तबादले के बाद उनके सरकारी आवास पर रखे गए एक कार्यक्रम में विपक्ष के नेताओं को नहीं बुलाया गया। 'आप' के वरिष्ठनेता संजीव झा ने कहा कि पूर्व एलजी ने सरकारी खर्चे पर फेयरवेल रखा, जिसमें बीजेपी के विधायक और मंत्री बुलाए गए, लेकिन विपक्ष के एक भी विधायक या नेता प्रतिपक्ष को नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यक्रम में विपक्ष को ही बाहर रखना कई सवाल खड़े करता है। पार्टी नेताओं ने तंज करते हुए कहा है कि 11 मार्च को कालिंदी कुंज घाट में अब पार्टी उन्हें फेयरवेल के लिए आमंत्रित कर रही है, जहां यमुना की सफाई, दिल्ली की सचाई और कई मुद्दों पर खुली और ईमानदार चर्चा की जाएगी। आप नेता कुलदीप कुमार ने भी कहा कि दिल्ली सरकार के कामों में रुकावट, फाइलें रोकने और जनता के मुद्दों पर एलजी की खामोशी के यादगार पलों को पार्टी याद करेगी।

# 'विकसित दिल्ली के लिए सरकार-इंडस्ट्री में हो मज़बूत सहयोग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एजुकेशन को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने ITIs (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स) के करिकुलम को आधुनिक और तकनीक से लैस बनाने पर जोर दिया है। मंगलवार को CII दिल्ली स्टेट एनुअल सेशन 2025-26 और बिजनेस कॉन्फ्रेंस में आशीष सूद शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस पर दिल्ली सरकार काम कर रही है, ताकि स्टूडेंट्स को बदलती जरूरतों के अनुसार स्किल ट्रेनिंग मिल सके। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) के इस सम्मेलन में 'दिल्ली 2047: कैपिटल ऑफ ग्रोथ, इनोवेशन एंड ग्लोबल पार्टनरशिप्स' सत्र में सूद ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार दिल्ली बनाने के लिए सरकार और इंडस्ट्री के बीच मजबूत सहयोग जरूरी है।

**बिजनेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए आशीष सूद**

इस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न क्षेत्रों के इंडस्ट्री प्रतिनिधि, नीति निर्माता और विशेषज्ञ शामिल हुए। सूद ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में व्यापार जगत ने व्यापार में इजाफे, नए रोजगार और शहर की अर्थव्यवस्था में उद्योगों के योगदान से जुड़े कई मुद्दे उठाए हैं। इनमें बुनियादी और नीतिगत ढांचे के साथ-साथ जमीन की उपलब्धता से जुड़े विषय भी शामिल हैं। दिल्ली सरकार इंडस्ट्री के साथ निरंतर संवाद कर भविष्य के लिए नीतियां बनाने के लिए काम कर रही है।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

शोक सन्देश

पुण्यतिथि

25वीं पुण्यतिथि



श्री लक्ष्मी नारायण चावला
आपका आशीर्वाद एवं आदर्श सदैव हमारे जीवन को मार्गदर्शित तथा प्रेरित करते रहें। हम सभी आपको नतमस्तक होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।
समस्त चावला परिवार, लक्ष्मी ऑटो ट्रेडर्स, कश्मीरी गेट, दिल्ली-06
Phone: 9312239530

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727


# 'जैन धर्म शांति, अहिंसा का मार्ग दिखाने वाला है'

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के प्रमुख शिष्य राजऋषि राजेंद्र मुनिजी -ठाणे-4 का मंगलवार को साईं बाबा मंदिर ग्रेटर कैलाश-वन में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होने कहा कि जैन धर्म मानवता को शांति, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाला जीवन दर्शन है। समाजसेवी सुभाष जैन ओसवाल ने बताया कि मुनिश्री साउथ दिल्ली में धर्म प्रभावना करते हुए 14 मार्च को जैन स्थानक न्यू फ्रेंडस कालोनी पधारेंगे।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**यज्ञ अनुष्ठानः** सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, त्रिनगर में मंगलवारीय यज्ञ अनुष्ठान के मौके पर सुंदरकांड पाठ किया गया। महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि सत्संग से सब काम सिद्ध हो जाते हैं। धन-दौलत मिलना तो बहुत छोटी बात है। सत्संग से सारी तृष्णा ही मिट जाती है।

**ज्ञानी से बड़ा हितैषी नहीः** प्राचीन शिव मंदिर, संध्यापुरी संन्यास आश्रम आईजी स्टेडियम, सत्संग में महंत धीरेंद्रपुरी ने कहा कि जो व्यक्ति सही रास्ते पर चलता है वह दूसरों की चिंता नही करता है। जीवन में ज्ञानी से बड़ा हितैषी कोई और नही होता।

# AUD: स्टूडेंट्स के निष्कासन के एक साल पूरे होने पर प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




यूनिवर्सिटी ने कहा, मामला अभी कोर्ट में पेंडिंग

**आंबेडकर यूनिवर्सिटी** ऑफ दिल्ली (AUD) के 4 स्टूडेंट्स के निष्कासन और कई स्टूडेंट एक्टिविस्ट के निलंबन को एक साल पूरा होने पर स्टूडेंट्स ने मंगलवार को कैंपस में प्रदर्शन किया। वहीं, इस मुद्दे पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सिर्फ यही कहा है कि यह मामला हाई कोर्ट में है। बुलिंग के मामले से शुरू हुए विवाद के बाद प्रशासन ने स्टूडेंट्स को निष्कासित किया था मगर इन स्टूडेंट्स का कहना है कि जो बुली थे, उन पर प्रशासन ने ऐक्शन लेने के बजाय आवाज उठाने वालों पर ऐक्शन लिया। इस प्रदर्शन में AUD के स्टूडेंट्स ने कैंपस के अंदर प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी यूनिवर्सिटी के कुछ स्टूडेंट्स ने गेट के बाहर प्रदर्शन किया।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा है कि मामले में निर्धारित अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। अभी मामला दिल्ली हाई कोर्ट में है, इसलिए यूनिवर्सिटी कोई टिप्पणी करने से परहेज करेगा। यूनिवर्सिटी न्यायिक प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेगी।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में AUD यूनिट के सेक्रेटरी सिद्धांत ने कहा कि जो बुली थे, उन्हें दो हफ्ते बाद ही कैंपस में आने की इजाजत दे दी गई, वहीं जिन्होंने आवाज उठाई, उन्हें यूनिवर्सिटी प्रशासन ने निष्कासित कर दिया। SFI दिल्ली स्टेट प्रेजिडेंट सूरज एलामोन ने कहा कि AUD कभी ऐसी जगह हुआ करती थी जहां स्टूडेंट्स को अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता थी और परिसर केवल स्टूडेंट तक ही सीमित नहीं था। स्टूडेंट के खिलाफ कार्रवाई उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने का प्रयास है।

स्टूडेंट्स का कहना है कि अप्रैल 2025 में कुछ स्टूडेंट्स ने परिसर में हुई बुलिंग और रैगिंग की घटना पर आवाज उठाई, मगर निष्पक्ष जांच करने के बजाय प्रशासन ने उन्हीं स्टूडेंट्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर दी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 03-10-2026 23:14 Color:



ऑल वुमन बाइक रैली में देश के अलग-अलग कल्चर के साथ दिखा महिलाओं का कॉन्फिडेंस

# हर उम्र, हर ग्रुप में दिखा बाइक रैली का जुनून

## 'बाइक रैली के साथ ग्रुप की मेंबर्स बढ़ रही हैं'

**एनबीटी ऑल** वुमन बाइक रैली में जयवर्धीनी पावर ग्रुप की 10 सदस्यों ने जोश दिखाया। 2018 में पहली बार ज्योति गुप्ता ने एनबीटी की इस रैली में हिस्सा लिया। अब उनका पूरा ग्रुप बन चुका है। ज्योति ने बताया कि वह पहली बार इस रैली में अकेले ही आई थीं। इसके बाद अनुभव कुछ सहेलियों को बताया। इसके बाद ग्रुप की शुरुआत हुई। यह ग्रुप एनबीटी की रैली से ही शुरू हुआ है। वह भारतीय परिधान में ही स्कूटी चलाती हैं। ग्रुप से निशा, विधि, सपना, सुनीता, वर्षा, पूर्णिमा, सुदर्शन, परमिंदर, डिंपल रैली में शामिल रहीं। एनबीटी की हर बाइक रैली के साथ ग्रुप के मेंबर्स बढ़ जाती हैं।



जयवर्धीनी पावर ग्रुप में हैं 10 मेंबर

## हिमाचली वेशभूषा में पहुंचा नारी शक्ति ग्रुप


नोएडा से पहुंची थी मां-बेटी की जोड़ी और अन्य सदस्य

**बाइक रैली** में हिमाचली परिधान में नोएडा का नारी शक्ति ग्रुप भी पहुंचा। चार लोगों के इस ग्रुप में एक मां बेटी भी शामिल रहीं। यह ग्रुप 2016 से ही बाइक रैली में आ रहा है। ग्रुप की दीप्ति गुप्ता ने बताया कि पहले वह अकेले ही आती थीं। उस समय उनकी बेटी भूमिका बहुत छोटी थी। वह उनके साथ बाइक पर बैठती थी। अब बेटी भी बाइक चलाने लगी है। उनके पति राजेश गुप्ता ने इस बाइक रैली के लिए बेटी को 15 दिन में स्कूटर चलाना सिखाया है। वहीं, ग्रुप की एक अन्य सदस्य तो बाइक रैली के लिए शनिवार देर रात ही हापुड़ से दिल्ली पहुंच गई थीं।

## कई राज्यों के पारंपरिक परिधानों में सजीं बाइकर्स


दो कज़न की जोड़ी

**बाइक रैली** में आई रंजिता और गीता की जोड़ी विभिन्न परिधानों का संगम पहनकर रैली में पहुंचीं थीं। राजस्थान की रहने वाली रंजिता और गीता की जोड़ी तीसरी बार बाइक रैली में हिस्सा लेने आई हैं। रंजिता करोल बाग में रहती हैं और गीता पश्चिम विहार में रहती हैं। गीता इस रैली में 2016 से ही आ रही हैं। रंजिता तीसरी बार आई हैं। दोनों कजन है।






मैं 60 साल से स्कूटी चला रही हूं। इसलिए कहीं भी आने जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं हूं। हालांकि, यहां मेरे बच्चों ने मुझे अकेले आने नहीं दिया।
– राजकुमारी गुप्ता, शकरपुर



मैं तिरंगे में तैयार होकर आई हूं। समाज में संदेश पहुंचाना चाहती हूं कि हमारे देश में जितनी भी महिलाएं हैं, वे सभी खास हैं और सब मिलजुलकर रहे।
– राजकुमारी, न्यू सीलमपुर

*आप बाइक रैली में आए हमें बहुत अच्छा लगा, लेकिन आप को कैसा लगा? हमें बताएं और यह भी जरूर सुझाव दें कि बाइक रैली को कैसे और बेहतर बना सकते हैं।*
**अपनी राय और सुझाव हमें 9220747220 पर वट्सऐप करें।**

MBA 2026 Session Admission Notice
Ranked among the top universities globally for producing the most employable graduates
In a survey conducted among 9,000 employers worldwide by Times Higher Education (UK)
Amitians are successfully working in organisations like:
McKinsey & Company
BCG Boston Consulting Group
Goldman Sachs
Deloitte.
KPMG
Learn from world-class Faculty
who have developed 5,000+ case studies bought by 3,000+ institutions like Harvard, Stanford, Yale...
Earn global exposure
through the 5-week Study Abroad Program (at no additional tuition fee) in New York, London, Singapore & Dubai, Immersion Program, Dual Degree Program...
Get personalised placement support
Corporate Resource Centre prepares students for interviews and technical evaluation through case studies, live projects, CXO lectures....
Launch your own venture
with Amity Innovation Incubator that has nurtured over 100 student start-ups
Grow your family business
through dedicated workshops on personal integration, modernisation, innovation & scaling family-run businesses
Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | Tel: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | T: 7303-399-399
AMITY UNIVERSITY

**युवराज को इंसाफ का इंतजार**



**53 दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं**

# जनकपुरी हादसा: SC में सुनवाई से पहले मुख्य ठेकेदार गिरफ्तार

## पुलिस को चकमा देने के लिए बदलता रहा नाम और ठिकाने | करीब एक महीने बाद पुलिस ने ठेकेदार को उदयपुर से पकड़ा

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**जनकपुरी में** सड़क के बीच बने गड्ढे में गिरकर 25 साल के कमल ध्यानी की मौत मामले में करीब एक महीने बाद पुलिस ने मुख्य ठेकेदार हिमांशु गुप्ता को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए नाम और ठिकाने तक बदल लिए थे। पुलिस ने उसे उस दिन दबोचा, जिस दिन उसकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी।

डीसीपी दराडे शरद भास्कर के अनुसार डिस्ट्रिक्ट की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (AATS) के इंस्पेक्टर मुकेश मीना की देखरेख में टीम ने मंगलवार तड़के उदयपुर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे दिल्ली लाया जा रहा है। उसे कोर्ट में पेश कर इसकी रिमांड मांगेगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हिमांशु सबसे पहले जयपुर भागा। एक दिन रुकने के बाद जोधपुर गया और करीब दो-तीन दिन रहा। इसके बाद उदयपुर पहुंचा, जहां उसने एक विला किराए पर लिया हुआ था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हर जगह नाम बदलकर कमरा या मकान किराए पर ले रहा था।

डीसीपी के अनुसार अभी और जानकारी सामने आने की संभावना है। पुलिस सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति और मजदूर योगेश को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इन पर आरोप था कि हादसे की जानकारी मिलने के बावजूद पुलिस को सूचना नहीं दी और मामले को छिपाने की कोशिश की। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि सड़क के बीच बने गड्ढे से हादसे की आशंका पहले से थी, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए गए। कॉल डिटेल रिकॉर्ड से यह भी पता चला कि मजदूर योगेश ने रात करीब 12:22 बजे राजेश प्रजापति को फोन किया था। इसके बाद वह 15 से 20 मिनट में मौके पर पहुंच गया था, लेकिन पुलिस को घटना की जानकारी अगले दिन सुबह करीब 8 बजे दी गई।





**गिरफ्त में :** मंगलवार तड़के पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 'जल्द ठोस कदम उठाएं'

बेटे की मौत के बाद टूट चुकी मां शांति देवी ने एनबीटी से बताया कि मीडिया के जरिए उन्हें मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी का पता चला। हादसे के बाद सरकार की तरफ से 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद जरूर मिली है, लेकिन इससे परिवार का भविष्य सुरक्षित नही हो पाता। उन्होंने सरकार से परिवार के किसी सदस्य को नौकरी देने की गुहार लगाई थी, ताकि घर का खर्च चल सके। उनका कहना है कि अधिकारियों से कई बार बात हुई, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उन्होंने बताया कि कमल परिवार का इकलौता कमाने वाला था। शांति देवी ने सरकार से अपील की है कि परिवार की मदद के लिए जल्द ठोस कदम उठाए जाएं और हादसे के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## जनकपुरी में अब भी खुला पड़ा है 'मौत का गड्ढा'



**नही बदले हालात :** फिलहाल रोड के दोनों छोर पर बैरिकेड लगाकर दिल्ली जल बोर्ड ने इसे बंद किया है

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

**जनकपुरी में** सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से कमल की मौत के महीने भर बाद भी मौके पर कोई खास बदलाव नहीं आया है। जिस गड्ढे में गिरने से कमल की मौत हुई थी, वह गड्ढा पहले की तरह ही खुला हुआ है। रोड के जिस कैरिजवे में गड्ढा बना है, उसके दोनों तरफ बैरिकेड से रोड बंद को कर दिया गया है। चनन देवी हॉस्पिटल से जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर आने जाने वाले ट्रैफिक को उसी रोड के दूसरे कैरिजवे पर शिफ्ट कर दिया गया है। दूसरे कैरिजवे की चौड़ाई बढ़ाने के लिए फुटपाथ को हटाकर एक लेन चौड़ाई बढ़ाई गई है। दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद का कहना है कि फिलहाल काम बंद है। इसी काम का दोबारा टेंडर किया गया है और अप्रैल से काम शुरू किया जाएगा।

**जल बोर्ड ने कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैकलिस्ट कर दिया है**

जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर से पंखा रोड आने जाने के लिए लोग प्रो. जोगिंदर सिंह मार्ग का ही इस्तेमाल करते थे। हादसे के एक महीने से अधिक वक्त हो चुका है। गड्ढा जिस तरह से पहले से ओपन था, उसी तरह से अब भी खुला है। गड्ढे की तरफ कोई न जाए, इसके लिए दोनों तरफ टीन से रोड के उस कैरिजवे को बंद किया गया है। जिस कॉन्ट्रैक्टर को सीवर रिहैबिलेशन प्रोजेक्ट अलॉट किया गया था, उसे जल बोर्ड ने ब्लैकलिस्ट कर दिया है और काम बंद कर दिया गया है। दिल्ली सरकार के मंत्री और स्थानीय विधायक आशीष सूद का कहना है कि कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैक लिस्ट करने के बाद नए सिरे से प्रोजेक्ट दूसरी एजेंसी को अलॉट किया गया है। अप्रैल से काम शुरू किया जाएगा।

### चौड़ाई बढ़ाने के लिए फुटपाथ शिफ्ट किया

हादसे से पहले 1.2 किमी लंबे प्रो. जोगिंदर सिंह मार्ग के एक ही कैरिजवे में ट्रैफिक चल रहा था, जिससे इस स्ट्रेच में हमेशा जाम की स्थिति बनती थी। हादसे के बाद जाम की समस्या खत्म करने के लिए रोड के जिस कैरिजवे में ट्रैफिक शिफ्ट किया गया था, उसके फुटपाथ को करीब 3 मीटर दूर शिफ्ट कर रोड की चौड़ाई बढ़ाई गई है, ताकि डिस्ट्रिक्ट सेंटर की ओर आने जाने वाला ट्रैफिक स्मूद हो और जाम न लगे।

## गला दबाकर लूट में दो गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** लक्ष्मी नगर में गला दबाकर एक शख्स से चांदी की चेन लूटने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई चेन भी मिली है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान किशन कुंज निवासी सोहेल (23) और अली मिराज उर्फ भिट्टी (26) के रूप में हुई है। दोनों पहले से भी आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं। ईस्ट जिले के डीसीपी राजीव कुमार ने बताया कि मोहम्मद गुलफराज ने लक्ष्मी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह किशन कुंज बस स्टॉप, लक्ष्मी नगर के पास जा रहे थे। तभी दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोका, उनका गला दबाया और लूट लिया।



## 2 करोड़ कीमत की हेरोइन ज़ब्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बरेली निवासी फईम बेग (29), कय्यूम खान (33) और आमिर खान (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से कुल 1.002 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी इंटरनैशनल बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक 22 फरवरी को सूचना मिली थी कि ड्रग तस्कर फईम आनंद विहार रेलवे अंडरपास के पास हेरोइन की डिलिवरी देने आने वाला है। इंस्पेक्टर मनमीत मलिक की टीम ने फईम और कय्यूम को गिरफ्तार कर लिया। 27 फरवरी को गिरोह के सप्लायर आमिर को भी गिरफ्तार कर लिया।

उत्तम नगर में होली पर विवाद में हुआ था मर्डर

# HC ने MCD को घर पर बुलडोज़र चलाने से रोका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने मंगलवार को एमसीडी से कहा कि वह उत्तम नगर होली संघर्ष मामले में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के दो घरों के खिलाफ 11 मार्च तक कोई तोड़फोड़ कार्रवाई न करे, जिसमें 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई थी।

जस्टिस अमित बंसल ने यह आदेश मामले में आरोपी इमरान की मां जरीना और शहनाज की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जारी किया, जिनके बच्चों से पुलिस ने पूछताछ की थी। याचिकाकर्ताओं ने अपने उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में स्थित घरों को कथित तौर पर मनमाने और अवैध तरीके से तोड़ने से बचाने के निर्देश मांगे। एमसीडी के वकील ने कोर्ट से बुधवार को मामले की सुनवाई करने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि इस बीच उन्हें अंतरिम सुरक्षा दी जानी चाहिए।

जरीना ने याचिका में कहा कि एमसीडी द्वारा आरोपी उमरदीप के घर के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई इलाके में आतंक और असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही है, जिससे पूरी आशंका पैदा हो रही है कि उसके घर को भी कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना गिराया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि तोड़फोड़, जिसे आपराधिक मामलों में दंडात्मक उपाय के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करना और प्रभावित व्यक्तियों को सुनवाई का मौका देना जरूरी है। दोनों याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिकाओं में कहा कि एक ₹पूरी तरह से व्यक्तिगत₹ विवाद को दुर्भावनापूर्ण रूप से सांप्रदायिक रंग दिया गया है, और कुछ धार्मिक गुटों और असामाजिक तत्व भी उन्हें धमकी दे रहे हैं।

8 मार्च को, एमसीडी ने उत्तम नगर हत्या के आरोपी के परिवार के घर के एक हिस्से को गिरा दिया, यह कहते हुए कि यह नाले पर बना था। एमसीडी अधिकारियों के मुताबिक, निगम को अतिक्रमण विरोधी अभियान में पहले सूचना देने की बाध्यता नहीं थी।


आरोपियों के घर पर चला था बुलडोज़र

### शांति बहाल करने की कोशिशें शुरू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** तरुण हत्याकांड के बाद पुलिस इलाके में शांति बहाल करने की कोशिशों में जुट गई है। पुलिस ने अमन कमिटी की बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों से लगातार संवाद कर माहौल सामान्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इलाके में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी जारी रखी गई है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार यह मामला सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा में है। कई विडियो भ्रामक हैं और कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता के लिए घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। कई ऐसे लोग भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं, जिनका दिल्ली या इस घटना से कोई संबंध नहीं है। पुलिस की साइबर टीम ऐसे सभी विडियो और पोस्ट पर नजर रखे हुए है। अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार, पुलिस ने अमन कमिटी के साथ कई बैठकें की हैं। अपील की जा रही है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और भ्रामक जानकारी से दूर रहें। कुछ असामाजिक तत्व दोनों पक्षों में गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, स्थिति अब सामान्य है। इलाके में लोगों में किसी तरह का डर या दहशत का माहौल नहीं है।

## नूंह में मेघालय पुलिस पर हुआ पथराव

■ **NBT न्यूज, नूंह :** एटीएम लूट के मुख्य आरोपी को पकड़ने आई मेघालय पुलिस पर गांव शिकरावा के पास लोगों ने पथराव किया। पथराव तब किया गया जब पुलिस एक आरोपी को लेकर जा रही थी। मेघालय पुलिस ने कई राउंड फायरिंग की। गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि फायरिंग आत्मरक्षा में की गई। फायरिंग का विडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। बाजिदपुर के रहने वाले राहुल खान पर मेघालय के लूट का मामला दर्ज है। आरोपी को 8 मार्च को पुन्हाना सीआईए टीम की मदद से गिरफ्तार कर मेघालय पुलिस को सौंपा गया था। मेघालय पुलिस राहुल खान को लेकर वापस जा रही थी, तभी शाम 6 बजे ढाबा शिकरावा-भादस रोड पर ग्रामीणों और बाजिदपुर गांव के लोगों ने पथराव कर दिया।



# कार के अंदर दो लोगों का मिला शव

## पुलिस ने किसी भी तरह की साजिश से फिलहाल किया इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नरेला

**नरेला इंडस्ट्रियल** एरिया में सड़क किनारे खड़ी कार के अंदर दो लोगों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने किसी भी तरह की साजिश से फिलहाल इनकार किया है। हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस जांच करेगी।

आउटर नॉर्थ DCP हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक मंगलवार सुबह एक राहगीर ने नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने को कॉल कर सूचना दी कि एक कार के अंदर दो लोग बेसुध हालत में पड़े दिखाई दे रहे हैं। इस जानकारी पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जांच करने पर एक सफेद रंग की AURA कार, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UP-27 CT-7719 था, सड़क किनारे नाले के पास खड़ी मिली। गाड़ी के शीशे पूरी तरह बंद थे। हालांकि कार लॉक नहीं थी। जांच करने पर कार के अंदर दो लोग बैठे हुए मिले। गाड़ी के अंदर से बदबू आ रही थी, जिससे पता चला कि दोनों के शव कुछ समय पहले के ही थे। कार के अंदर शराब के तीन पाउच भी मिले, जिनमें से दो सीलबंद हालत में थे और एक ढीला/बिना सीलबंद हालत में था। लोकल पूछताछ और आस-पास के CCTV कैमरों की चेकिंग के दौरान पता चला कि यह गाड़ी पिछले दिन दोपहर करीब 2 बजे से वहीं खड़ी देखी गई थी।

AI Image


**राहगीर ने पुलिस को दी थी सूचना**

क्राइम टीम ने क्राइम सीन का इंस्पेक्शन किया। दोनों शवों को हॉस्पिटल ले जाया गया। बाद में मृतकों की पहचान खेड़ा खुर्द के आंबेडकर कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय विकास और 36 वर्षीय बिजेंद्र उर्फ भोला के तौर पर हुई। विकास पेशे से ड्राइवर है, जबकि बिजेंद्र प्लंबर का काम करते थे। कार के मालिक की पहचान खेड़ा खुर्द गांव के ही राकेश कुमार के तौर पर हुई। पुलिस का दावा है कि जांच में शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। गाड़ी के अंदर से बदबू आ रही थी। ऐसा लगता है कि मौत दम घुटने से हुई होंगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# आंबेडकर नगर में गोली मारकर युवक की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आंबेडकर नगर** स्थित मदनगीर में सोमवार रात एक युवक पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। हमले के दौरान पीड़ित निखिल नागर उर्फ निक्की (30) को दो गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अलावा क्राइम और एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि रंजिश में निखिल की हत्या की गई है।

**सूत्रों के अनुसार, हत्या का बदला लेने के लिए वारदात को दिया अंजाम**

परिजनों का कहना है कि डेढ़ महीने पहले ही निखिल हत्या के एक मामले में जेल से बाहर आया था। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस बदमाशों के आने और जाने के रूट का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक निखिल नागर परिवार के साथ मदनगीर, अंबेडकर नगर में रहता था। निखिल के माता-पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में एक छोटा भाई और बहन हैं। निखिल घर के पास ही चिकन बेचने का काम करता था।

# लॉरेंस के वकील ने मांगी पुलिस प्रोटेक्शन

Shanker.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** कश्मीरी गेट इलाके के यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर के बाहर जानलेवा हमले के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के 'करीबी' वकील दीपक खत्री ने पुलिस सुरक्षा की मांग की है। इस मामले में उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिस पर अदालत ने पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल गैंगस्टर रोहित गोदारा ने कॉल कर जान से मारने की धमकी दी हुई है। सिंडिकेट में दरार के बाद से रोहित-गोल्डी बराड़ और लॉरेंस के बीच एक-दूसरे के करीबियों को मारने का सिलसिला चल पड़ा है।

वकील की कार पर हुई फायरिंग में उनका सहयोगी जख्मी हुआ था। इसी कारण कोर्ट से पुलिस सुरक्षा देने की मांग की गई है। एक शूटर रोहित सोलंकी और उसके सहयोगी सागर मलिक को अरेस्ट किया गया था। ये मंडोली जेल में बंद गैंगस्टर कपिल मान उर्फ कल्लू से जुड़े थे। दावा था कि विदेश बैठे रोहित और गोल्डी बराड़ ने हत्या की साजिश रची थी। रोहित-गोल्डी ने लाखों रुपये देकर लॉरेंस के 'करीबी' वकील दीपक की हत्या की सुपारी दी थी, जिसमें शामिल कुछ आरोपी अभी फरार हैं।



**हमले के बाद रोहित गोदारा ने दी थी धमकी, HC ने पुलिस से मांगा जवाब**

### फिर हमला करने की आशंका

सूत्रों के मुताबिक, फायरिंग कराने के अगले दिन विदेश से ऑपरेट कर रहे राजस्थान के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने एडवोकेट दीपक को कॉल किया। वकील ने परिवार को टारगेट नहीं करने को कहा तो गोदारा ने अपने गैंग के मेंबर के मारे जाने पर इसके अलावा कोई दूसरा ऑप्शन नहीं होने की बात कही। वकील को लॉरेंस से हटने या फिर अपने और परिवार की जान में से एक को चुनने की धमकी गोदारा ने दी। वकील ने चेताया कि तुम गलत रास्ते पर हो... । आखिरकार दीपक का सब्र का बांध टूट गया, जिन्होंने गोदारा को खूब खरी-खोटी सुनाई। ऐसे में गोदारा की तरफ से फिर हमला करने की आशंका है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 03-10-2026 22:58 Color:



**मुस्कुराने वाले लोग रहते हैं ज़्यादा सेहतमंद**

रिसर्च बताती है कि जो लोग ज्यादा मुस्कुराते हैं और सकारात्मक सोच रखते हैं, वे आम तौर पर ज्यादा स्वस्थ रहते हैं और उनकी उम्र भी दूसरों के मुकाबले लंबी होती है।

## विचार

मुस्कान इंसान की आत्मा का हस्ताक्षर होती है। जब कोई दिल से मुस्कुराता है, तो उसकी सच्चाई, खुशी और भावनाएं बिना शब्दों के भी साफ दिखाई देने लगती हैं।
***- पाब्लो पिकासो*** (Pablo Picasso)

## ज़रा हंस लें

**मीना (टीटी से)** : राजधानी एक्सप्रेस कब आएगी? **टीटी** : 5 बजे। **मीना** : लोकल कब आएगी? **टीटी** : 9 बजे, **मीना** : मालगाडी कब आएगी? **टीटी** : 1 बजे, पर आपको जाना कहां है? **मीना** : कहीं नहीं, बस पटरी पर सेल्फी लेनी थी...

## कविता

### एक आधुनिक नारी हूं

AI Image



न अबला न दबी हुई पहचान हूं,
एक खुद्दार आधुनिक नारी हूं।
जननी हूं, जीवन भी हूं,
नही अधूरी मैं, खुद में पूरी हूं।
एक आत्मविश्वासी आधुनिक
नारी हूं।
जीवन की कुरुक्षेत्र में कभी
किरण बेदी,
कभी कर्नल सोफिया भी हूं।
एक साहसी आधुनिक नारी हूं।
मैं सीता नहीं जो अग्निपरीक्षा दूं,
न ही द्रौपदी जो चीरहरण
बर्दाश्त करूं।
एक सम्मानिय आधुनिक नारी हूं।
भले ही परंपरावादी हूं,
पर मेरा अपना वजूद भी है।
एक निर्भीक आधुनिक नारी हूं।

**- दीपा सिन्हा, NBT रीडर**

**पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।**

**हीरों सी चमकी ज़िंदगी** | **डायमंड पॉलिशिंग यूनिट चलाकर बदल रहीं अपनी और परिवार की तकदीर**

# खेतों की धूल छोड़ अब हीरे तराश रहीं, अपनी मेहनत से अपना कल संवार रहीं

Yagnesh.Mehta
@timesofindia.com

■ **सूरत :** हीरे की असली चमक तब दिखती है, जब उस पर मेहनत की बारीक धार चलती है। गुजरात के गांवों में आज यही मेहनत कई महिलाओं की जिंदगी भी चमका रही है। जिन हाथों ने कभी खेतों में मिट्टी सानी थी, वही हाथ अब हीरों को तराश रहे हैं और अपनी किस्मत को भी नई रोशनी दे रहे हैं। गुजरात के ग्रामीण इलाकों में अब कई ऐसी डायमंड पॉलिशिंग यूनिट शुरू हो गई हैं, जिन्हें पूरी तरह महिलाएं चला रही हैं। ये छोटे-छोटे कारोबार उस उद्योग की तस्वीर बदल रहे हैं, जिसे लंबे समय तक पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। इन यूनिटों को अधिकतर वही महिलाएं संभाल रही हैं, जिन्होंने पहले पांच से सात साल तक डायमंड यूनिट में काम करके अनुभव हासिल किया।

**बेहतर आमदनी और सुरक्षित काम का माहौल**

पहले गांवों की कई महिलाएं घर और खेती तक ही सीमित रहती थीं। दिन भर खेतों में काम करने के बाद भी उनकी कमाई करीब 200 रुपये रोज से ज्यादा नहीं होती थी। लेकिन डायमंड पॉलिशिंग ने उनके सामने कमाई और आत्मनिर्भरता का नया रास्ता खोल दिया है। इस काम में महिलाओं को करीब 500 रुपये रोज तक मिल जाते हैं। काम का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक तय रहता है और सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें घर के पास ही काम मिल जाता है।



कई जगह पूरी यूनिट में सिर्फ महिलाएं, बढ़ रहा भरोसा और रोजगार



ज्यादातर महिलाओं को घर के पास ही मिल जाता है काम




यूनिट चलाने वाली महिलाओं के मुताबिक मजदूरी, बिजली और लोन की किस्त जैसी लागत निकालने के बाद भी हर महीने करीब 20 से 30 हजार रुपये तक की आमदनी हो जाती है। भावनगर के वीरपुर गांव में अल्पा मकवाणा 10 स्कैफ मशीन वाली यूनिट चला रही हैं, जहां करीब 40 महिलाएं काम करती हैं। उनका कहना है कि महिलाएं घर के पास काम करती हैं और माहौल भी सुरक्षित रहता है। हीरा कीमती होता है, इसलिए भरोसेमंद हाथ जरूरी होते हैं और यह भरोसा अपने आसपास की महिलाओं पर ही मिलता है।

सोनपरी गांव की सोनल चौहान ने भी तीन मशीन से शुरुआत की थी और अब उनकी यूनिट में 12 महिलाएं काम करती हैं। वहीं मालपुर गांव की रमा परमार अपनी यूनिट में महिलाओं को काम सिखा भी रही हैं। पालिताना डायमंड असोसिएशन के प्रेजिडेंट मधु ककड़िया के मुताबिक डायमंड कटिंग और पॉलिशिंग में महिलाओं की भूमिका तेजी से बढ़ रही है।


गुजरात के गांवों में हीरों की चमक अब सिर्फ बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चमक उन महिलाओं की आंखों में भी दिखाई दे रही है, जिन्होंने अपने हुनर से अपनी जिंदगी की दिशा बदल दी है।

# 72 साल बाद घर लौटे भगवान

### मंदिर से चोरी हुई मूर्ति ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत को सौंपी

■ **NBT रिपोर्ट, चेन्नै:** तमिलनाडु के थडिकोम्बू गांव के सौंदरराजा पेरुमल मंदिर से 1952 में चोरी हुई संत तिरुमंगई अलवार की 16वीं शताब्दी की मूर्ति आखिरकार भारत वापस आ गई है। यह पल मंदिर के पुजारी एस. आरामुधन और वहां के लोगों के लिए बेहद भावुक है, क्योंकि दशकों तक मंदिर में असली मूर्ति की जगह एक नकली मूर्ति रखी हुई थी। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि उनकी आस्था सात समंदर पार किसी म्यूजियम की शोभा बढ़ा रही है।

ऑक्सफोर्ड के एशमोलियन म्यूजियम ने इस मूर्ति को 1967 में डॉक्टर जे.आर. बेलमोंट से खरीदा था, बिना यह जाने कि यह चोरी की है। इस राज से पर्दा तब उठा जब 'इंडिया प्राइड प्रोजेक्ट' के एस. विजय कुमार ने 'इंस्टीट्यूट फ्रैंकैस डी पोंडिचेरी' (IFP) की 1957 की पुरानी तस्वीरों के जरिए इस मूर्ति की पहचान की। करीब 8 साल की लंबी कानूनी लड़ाई और रिसर्च के बाद, मंगलवार को लंदन में इंडियन हाई कमिशन में यह मूर्ति भारत को सौंप दी गई।



### आस्था की जीत

**एस. विजय** कुमार ने बताया कि यह कामयाबी बड़ी है, लेकिन अभी 7 और मूर्तियां वापस लाना बाकी है। म्यूजियम ने भी माना कि इस मूर्ति का असली स्थान मंदिर है जहां इसकी पूजा हो सके। यह सिर्फ एक पुरानी कलाकृति की वापसी नही है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था की जीत है।

# 8 साल तक कैंसर से जंग, अब UPSC में जीत

## संजय ने चार सर्जरी के बाद भी नहीं मानी हार



संजय डहरिया

Partha.Behra
@timesofindia.com

■ **रायपुर :** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बेलटुकरी गांव के किसान पुत्र संजय डहरिया ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को मात देकर संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) परीक्षा में 946वीं रैंक हासिल की है। आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक UPSC पास करने का सपना देखा, लेकिन इसी दौरान उन्हें कैंसर ने घेर लिया। कई साल तक दर्द और इलाज के दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।




करीब आठ साल तक बीमारी से जूझने के बाद जब संजय की सेहत में सुधार हुआ तो उन्होंने 2022 में फिर से UPSC की तैयारी शुरू की। लगातार चार साल की मेहनत के बाद उन्होंने सफलता हासिल कर अपने सपने को सच कर दिखाया।

किसान परिवार से आने वाले संजय की सिविल सेवा की राह 2011 में कैंसर की वजह से लगभग थम गई थी। उस समय वे कोलकाता में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में काम कर रहे थे। चेहरे के दाहिने हिस्से में सूजन के बाद जांच हुई और बायोप्सी से कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद कई वर्षों तक उनका इलाज चला और आठ साल में चार बड़ी सर्जरी करनी पड़ी।

### अपने स्कूल में हमेशा टॉपर रहे

**इलाज के दौरान करीब 15 लाख रुपये खर्च हुए, जिससे परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ा। बीमारी से पहले संजय पढ़ाई में बेहद मेधावी थे। वे जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र रहे और हमेशा अपने स्कूल में टॉपर रहे। अब उनकी यह सफलता संघर्ष और हौसले की मिसाल बन गई है।**

Bhagirath Basnet



## नौका विहार... गुलाबी नगरी का नया शृंगार

जयपुर के ऐतिहासिक आमेर किले की मावठा झील अब रंग-बिरंगी नावों से गुलजार है। 9 मार्च को यहां बोटिंग सुविधा का शानदार आगाज हुआ, जहां पर्यटक शिकारा, इलेक्ट्रिक और पेडल बोट्स के जरिए किले की भव्यता को पानी की लहरों से निहार रहे हैं।

**दिल्ली : महानगर : महाकवरेज**

# ब्रेस्ट कैंसर के बाद भी ज़िंदगी आत्मविश्वास संग मुस्कुराती है

## BRCA1 पॉज़िटिव होने के बाद चारू ने चुना ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कभी-कभी** जिंदगी एक ही पल में बदल जाती है। चारू शर्मा के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर है। उस पल जैसे समय ठहर सा गया। साल 2025 में चारू को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। जांच के दौरान डॉक्टरों ने जेनेटिक टेस्ट कराने की सलाह दी। टेस्ट में सामने आया कि वह BRCA1 पॉजिटिव हैं। यह ऐसा जेनेटिक म्यूटेशन है, जिससे ब्रेस्ट और ओवेरियन कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है।

इस वजह से डॉक्टरों ने उन्हें बाइलैटरल मास्टेक्टॉमी कराने की सलाह दी। इस सर्जरी में दोनों ब्रेस्ट हटा दिए जाते हैं, ताकि कैंसर का इलाज हो सके और भविष्य में इसके लौटने की आशंका कम हो सके। चारू के लिए यह फैसला भावनात्मक रूप से बेहद कठिन था। काफी सोच विचार और डॉक्टरों से लंबी बातचीत के बाद चारू ने कैंसर की सर्जरी के साथ ही ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन कराने का निर्णय किया, ताकि बीमारी से लड़ाई के साथ साथ आत्मविश्वास को भी बनाए रख सकें।

यह सर्जरी फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल में की गई, जहां अलग-अलग विशेषज्ञों की टीम मिलकर मरीजों का इलाज करती है। चारू के इलाज से जुड़े डॉक्टरों का कहना है कि ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन का असर सिर्फ शरीर तक सीमित नहीं रहता।



**चारू शर्मा ने कहा, बीमारी से लड़ाई के साथ आत्मविश्वास को भी बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया**

### मास्टेक्टॉमी के साथ ही ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन

अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की सीनियर कंसलटेंट और ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. शिखा गुप्ता बताती हैं कि अगर मास्टेक्टॉमी के साथ ही ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन किया जाए तो शरीर का आकार काफी हद तक पहले जैसा बनाया जा सकता है। वह बताती हैं कि कई मामलों में रिकंस्ट्रक्शन मरीज के अपने शरीर के टिश्यू से किया जाता है। इससे नतीजे अधिक प्राकृतिक लगते हैं और किसी बाहरी इम्प्लांट जैसा एहसास भी नही होता। माइक्रोसर्जरी तकनीक में आए नए सुधारों की वजह से अब यह सर्जरी पहले से ज्यादा सुरक्षित और असरदार हो गई है। इससे सर्जन ब्रेस्ट का आकार इस तरह बना पाते हैं कि वह काफी हद तक प्राकृतिक रूप जैसा दिखे।

अमृता हॉस्पिटल के कॉम्प्रिहेंसिव ब्रेस्ट केयर क्लिनिक में ब्रेस्ट सर्जन, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन, प्लास्टिक सर्जन और जेनेटिक काउंसलर मिलकर काम करते हैं। इस टीम आधारित इलाज से मरीज की मेडिकल जरूरतों के साथ साथ उसके भावनात्मक पक्ष का भी ध्यान रखा जाता है।




# यहां हैं मिट्टी के रंग, कुदरत की कहानियां

## ट्राइब्स आर्ट फेस्ट: 30+ आर्ट फॉर्म, 70 आर्टिस्ट, 1000 आर्टवर्क

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली वालों के दिलों में 'ट्राइब्स आर्ट फेस्ट' (TAF) 2026 ने कुछ ही दिनों में बड़ी जगह बना ली है। आम जिंदगी से जुड़ी जनजातीय कला में मिट्टी के रंग, कुदरत से निकले आकार और पक्के रंग, जानवर से लेकर पक्षियों की आवाज बसी है और इसी शानदार विरासत को यह फेस्ट पेश कर रहा है।




13 मार्च तक त्रावणकोर पैलेस, केजी मार्ग में चलने वाले इस अनोखे फेस्ट में जनजातीय कला के कई अजब-गजब अंदाज हैं और कई दिलचस्प कहानियां। जनजातीय कार्य मंत्रालय, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) और नैशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (NGMA) मिलकर इस फेस्ट को लेकर आए हैं। महोत्सव में देशभर के 75 से अधिक जनजातीय कलाकार हिस्सा ले रहे हैं और 30 से ज्यादा जनजातीय कला परंपराओं से जुड़ी 1,000 से अधिक कलाकृतियां कला प्रेमियों के बीच है। जनजातीय कार्य मंत्रालय की सेक्रेटरी रंजना चोपड़ा का कहना है कि भारत के जनजातीय समुदाय कला परंपराओं के जरिए ज्ञान, प्रकृति की समझ और पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही परंपराओं को सुरक्षित रखते हैं।

## *चिंता न करें*

# दिल्ली के आसमान में ईरान का धुआं नहीं

**मौसम विभाग ने इस धुंध की वजह बढ़ी नमी को बताया** | **वहीं, एक्सपर्ट इसे बलूचिस्तान, पाकिस्तान और थार से आई धूल मान रहे हैं**



**सोमवार को** जब दिल्ली सो कर उठी, लोगों ने कोहरे जैसी स्थिति देखी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सोमवार को** जैसे ही दिल्ली सो कर उठी, लोगों ने कोहरे जैसी स्थिति देखी। ऐसे में तेजी से सोशल मीडिया पर यह चर्चा फैलने लगी कि ईरान का धुंआ दिल्ली पहुंच चुका है। हालांकि जल्द ही मौसम विभाग और वैज्ञानिकों ने स्थिति स्पष्ट कर दी। हालांकि दोनों के तर्क एक दूसरे से अलग थे, लेकिन कोई भी इसे ईरान का धुंआ नहीं बता रहा था। मौसम विभाग ने स्पष्ट कर दिया कि दिल्ली और उत्तर भारत के कई इलाकों में दिख रही धुंध और कम हुई विजिबिलिटी का ईरान की स्थिति से कोई जुड़ाव नहीं है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं हैं। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी हिमालय में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हुआ है। इसकी वजह से निचले स्तर की पूर्वी हवाएं चल रही हैं। यह हवाएं अपने साथ काफी अधिक नमी लेकर आ रही हैं। इसी वजह से कई एरिया में सुबह के समय घने कोहरे और कम विजिबिलिटी की स्थिति रही।

### बलूचिस्तान और थार की धूल

वहीं, कुछ एक्सपर्ट इस मौसम की धुंध की वजह पश्चिम दिशा से आने वाली तेज हवाओं को मान रहे हैं। स्काईमेट के महेश पलावत के अनुसार ये हवाएं पाकिस्तान के बलूचिस्तान और थार मरुस्थल जैसे सूखे क्षेत्रों से धूल के कण ला रही हैं। जब इन इलाकों में हवाएं तेज होती हैं, तब रेत और धूल हवा में उठ जाती है। इसके बाद यह धूल सैकड़ों किलोमीटर दूर तक फैल सकती है। इसी वजह से दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में धुंध की स्थिति बन गई है। उन्होंने बताया कि राहत की बात यह है कि यह स्थिति स्थाई नहीं है। जैसे ही हवा की दिशा और गति बदलेगी, धूल धीरे-धीरे छंट जाएगी। मौसम साफ होने लगेगा। अनुमान है कि अगले एक से दो दिनों में हालात बेहतर हो जाएंगे।

> जैसे ही हवा की दिशा और गति बदलेगी, धूल धीरे-धीरे छंट जाएगी

### कहां कितनी रही विज़िबिलिटी

- पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पंजाब में कुछ जगहों पर विजिबिलिटी 50 से 199 मीटर तक रही

| | |
|---|---|
| प्रयागराज | 30 मीटर |
| फुर्सतगंज | 50 मीटर |
| मेरठ | 100 मीटर |
| पटियाला | 150 मीटर |
| हिंडन एयरबेस | 600 मीटर |

### 265 दर्ज हुआ दिल्ली का AQI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** मंगलवार को प्रदूषण का स्तर बीते 26 दिनों की तुलना में सबसे अधिक रहा। मुख्य प्रदूषक पीएम 10 और पीएम 2.5 रहा। बुधवार को भी प्रदूषण का स्तर खराब रह सकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 265 है। इससे पूर्व 11 फरवरी को एक्यूआई 305 रहा। फरीदाबाद का एक्यूआई मंगलवार को 224, गाजियाबाद का 329, ग्रेटर नोएडा का 340, गुरुग्राम का 307 और नोएडा का 288 रहा। दिल्ली में 11 जगहों पर एक्यूआई बेहद खराब, 29 जगहों पर यह खराब और पांच जगहों पर प्रदूषण का स्तर सामान्य रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 11 मार्च को प्रदूषण का स्तर खराब रहेगा। 12 व 13 मार्च को इसमें कमी आएगी और यह सामान्य हो सकता है। इसके बाद अगले छह दिनों के दौरान यह सामान्य स्तर पर रहेगा।

### मार्च में घना कोहरा असामान्य नहीं

मौसम विभाग ने साफ किया कि मार्च में घना कोहरा असामान्य नहीं है। पहले भी मार्च के पहले हफ्ते में उत्तर भारत में कुछ जगहों पर घना कोहरा दिखा है। मौसमी कारणों की वजह से ऐसा कभी कभार होता है। 6 से 8 मार्च 2008 में भी इसी तरह की स्थिति की वजह से घना कोहरा छाया था। उस दौरान कोहरे की वजह से पूरे उत्तर भरत में पावर ट्रांसमिशन पर असर पड़ा था और इसकी वजह से कई घंटों पर बिजली कट रहा था। मार्च के पिछले आंकलन बनाते हैं कि मार्च के शुरुआती हफ्तों में कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाता है।

**नवंबर-दिसंबर के मुकाबले जनवरी-फरवरी में बढ़ी गंदगी**

# यमुना बीते साल के शुरुआती महीनों के मुकाबले इस बार कम प्रदूषित रही

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इस साल यमुना में प्रदूषण का स्तर बीते साल नवंबर-दिसंबर की तुलना में बढ़ा है। हालांकि बीते साल जनवरी-फरवरी की तुलना में इसमें कमी भी आई है। दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी (डीपीसीसी) ने यमुना प्रदूषण की जनवरी-फरवरी की रिपोर्ट बीते सोमवार देर शाम जारी की।

रिपोर्ट के अनुसार, 30 जनवरी को यमुना से पानी के सैंपल लिए गए। बीते साल दिसंबर की तुलना में इस बार जांच में यमुना अधिक प्रदूषित मिली। वहीं फरवरी के लिए सैंपल 26 तारीख को लिए गए। जनवरी की तुलना में फरवरी की स्थिति में मामूली सुधार दर्ज हुआ है। इसके बावजूद यमुना मानकों से अभी भी काफी अधिक प्रदूषित है।



जनवरी में फीकल कोलीफॉर्म का स्तर 350000 एमपीएन प्रति 100 एमएल रहा। यह फरवरी में कम होकर 110000 एमपीएन प्रति 100 एमएल रह गया। जबकि दिसंबर में इसका स्तर 92000 एमपीएन प्रति 100 एमएल और नवंबर में 24000 एमपीएन प्रति 100 एमएल था। फीकल कोलीफॉर्म यमुना में अनट्रीटेड पानी और सीवरेज जाने का स्पष्ट इंडिकेटर है। मानकों के अनुसार, इसका अधिकतम स्तर 2500 एमपीएन प्रति 100 एमएल होना चाहिए। वहीं, इसके आदर्श मानक 500 एमपीएन प्रति 100 एमएल है। बीते साल जनवरी में इसका स्तर 7900000 एमपीएन प्रति 100 एमएल था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 03-10-2026 19:58 Color:

सत्यमेव जयते
Government of India

# नम्मा तमिलनाडु

## नये भविष्य की आधारशिला



**ऊर्जा, राजमार्ग और ग्रामीण संपर्क से जुड़ी ₹5,655 करोड़ से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास तथा 5 ट्रेनों को हरी झंडी**

### ➔ उद्घाटन

- मनाली (चेन्नई) में इंडियनऑयल का ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्र
- तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तैयार 370.52 किमी लंबाई की सड़कें

### ➔ शिलान्यास

- नीलगिरि एवं इरोड जिले में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सिटी गैस वितरण परियोजना
- राष्ट्रीय राजमार्ग-81 के कल्लागम से मीन्सुरुट्टि खंड में गंगैकोंडा चोलापुरम के लिए बाईपास का निर्माण

### ➔ ट्रेनों को हरी झंडी

- नागरकोइल – चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- पोडनूर (कोयंबटूर) – धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस
- रामेश्वरम – मंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस
- तिरुनेलवेली – मंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस
- मयिलादुथुरै – तिरुवारुर – कराईकुडी ट्रेन सेवा

# श्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री

द्वारा

मार्च 11, 2026 | 17:30 बजे | पनजापुर, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु

## परियोजनाओं के लाभ

**स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ जीवन:** नीलगिरि और इरोड में लगभग 30 लाख लोगों को सुरक्षित खाना पकाने और बेहतर परिवहन के लिए PNG और CNG की सुविधा मिलेगी।

**स्वच्छ हवा, बेहतर भविष्य:** $CO_2$ उत्सर्जन में 24% की कमी आएगी, जिससे वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**रोज़गार और आजीविका:** 22 लाख से अधिक मानव-दिवस के रोजगार का सृजन होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**वैश्विक औद्योगिक क्षमता:** चेन्नई के मनाली में विश्व के दूसरे सबसे बड़े एकीकृत ल्यूब कॉम्प्लेक्स के माध्यम से भारत की लुब्रिकेंट निर्माण क्षमता मजबूत होगी।

**गांवों की बेहतर कनेक्टिविटी:** 26,251 किमी सड़कों और 189 पुलों के माध्यम से ग्रामीण संपर्क में सुधार होगा।

**समुदायों का सशक्तिकरण:** महिलाओं के लिए सुरक्षित आवागमन, बच्चों के लिए स्कूल तक बेहतर पहुंच और किसानों के लिए कम यात्रा लागत सुनिश्चित होगी।

**तेज़ हाईवे, सुगम यात्रा:** राष्ट्रीय राजमार्ग-81 बाईपास के माध्यम से ट्रैफिक जाम कम होगा और यात्रा अधिक सुगम व तेज़ होगी।

**मजबूत रेल कनेक्टिविटी:** पांच नई ट्रेन सेवाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना के यात्रियों को लाभ होगा।







## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर** — राज्यपाल, तमिलनाडु
**श्री एम. के. स्टालिन** — मुख्यमंत्री, तमिलनाडु
**श्री नितिन जयराम गडकरी** — केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
**श्री शिवराज सिंह चौहान** — केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** — केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**श्री हरदीप सिंह पुरी** — केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

**श्री वी. सोमन्ना** — केंद्रीय राज्य मंत्री, रेलवे तथा जल शक्ति
**श्री चंद्र शेखर पेम्मासानी** — केंद्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास और संचार
**श्री सुरेश गोपी** — केंद्रीय राज्य मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस
**डॉ. एल. मुरुगन** — केंद्रीय राज्य मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य
**श्री अजय टम्टा** — केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग
**श्री कमलेश पासवान** — केंद्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास
**श्री रवनीत सिंह** — केंद्रीय राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग
**श्री हर्ष मल्होत्रा** — केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट कार्य

**श्री आई. पेरियासामी** — मंत्री, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और पंचायत संघ, तमिलनाडु
**श्री एस. एस. शिवशंकर** — मंत्री, परिवहन और विद्युत, तमिलनाडु
**श्री ई. वी. वेलु** — मंत्री, लोक निर्माण विभाग, तमिलनाडु
**श्री के. एन. नेहरू** — मंत्री, नगर प्रशासन, शहरी एवं जल आपूर्ति, तमिलनाडु
**श्री अनबिल महेश पोय्यामोझी** — मंत्री, स्कूल शिक्षा, तमिलनाडु
**श्री ए. राजा** — सांसद

**श्री के. ई. प्रकाश** — सांसद
**श्री के. जयकुमार** — सांसद
**श्री दुरई वैको** — सांसद
**डॉ. थोल. थिरुमावलवन** — सांसद
**श्री तिरुचि एन. शिवा** — सांसद
**श्री इनिगो एस. इरुदयराज** — विधायक
**श्री एम. पलनियंडी** — विधायक

**डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण देखें**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 03-10-2026 22:59 Color:



# निर्माण के वक्त सुरक्षा के पूरे इंतज़ाम नहीं थे, दो गिरफ्तार

## गुड़गांव में 7 मज़दूरों की मौत की जांच के लिए कमिटी गठित

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव

**सिद्धरावली स्थित** सिग्नेचर ग्लोबल सिटी ऑफ कलर्स सोसायटी में सोमवार रात मिट्टी ढहने से सात मजदूरों की मौत हो गई। मामले में बिलासपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। मजदूरों को सेफ्टी उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए गए। हादसे के बाद गुड़गांव पुलिस व जिला प्रशासन को जानकारी नहीं देने की बात भी सामने आई है। निर्माण के दौरान काफी खामियां बरती गईं, जिसकी जांच में टीमें जुटी हैं। कोई हादसा स्थल तक नहीं जा सके और खामियां उजागर न हों, इसके इसके लिए गेट व आसपास 30-40 बाउंसर तैनात कर किए गए हैं। प्रॉजेक्ट से जुड़े तीन कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। आरोपी प्रॉजेक्ट मैनेजर दिनेश वीर निवासी हाथरस यूपी और स्ट्रक्चर इंजीनियर विकास पांडे निवासी मिर्जापुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

हादसा सोमवार शाम करीब सात बजे निर्माणाधीन साइट हुआ। यहां STP प्लांट के लिए खोदे गए करीब 20-25 फीट गहरे गड्ढे की मिट्टी धंस गई। इससे वहां काम कर रहे कई मजदूर दब गए। हादसे में सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए।



**7:00** बजे शाम को सोमवार को गुड़गांव में हुआ था हादसा

**20-25** फीट गड्ढे की मिट्टी धंसने से मच गई थी अफरातफरी

**09** घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला, पुलिस, SDRF, NDRF पहुंची

### राजस्थान पुलिस से मिली सूचना

बताया जा रहा है कि राजस्थान में मजदूरों के हॉस्पिटल पहुंचने पर गुड़गांव पुलिस को जानकारी मिली, जिसके साथ ही जिला प्रशासन एक्शन में आया। पुलिस के साथ सटेट डिजॉस्टर रेस्पांस फोर्स (SDRF) व नैशनल डिजॉस्टर रेस्पॉन्स फोर्स (NDRF) की टीमों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

### कई पर लगे आरोप, जांच शुरू

शिकायत में बताया गया कि ग्लोबल सिटी ऑफ कलर्स कंपनी, बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी (BICPL), ठेकेदार दीनदयाल शर्मा उर्फ डीडी शर्मा, प्रॉजेक्ट इंचार्ज दिनेश वीर, साइट स्ट्रक्चर इंचार्ज विकास पांडे व सेफ्टी इंचार्ज ऑफिसर की ओर से पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम व सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। पुलिस ने कहा, जांच शुरू कर दी गई है।

### कंपनी ने ठेकेदार की बताई लापरवाही

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने कहा कि इस घटना से कंपनी व्यथित है और शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। यह घटना निर्माण ठेकेदार बालाजी इंफ्राटेक एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की लापरवाही का परिणाम प्रतीत होती है। ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### DC ने दिए जांच के आदेश

डीसी अजय कुमार ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किए हैं। एसडीएम मानेसर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच कमिटी का गठन किया है। इस कमिटी को निर्देश दिए गए हैं कि वह मौके पर जाकर घटना के तकनीकी और प्रशासनिक कारणों की विस्तृत जांच करे। कमिटी का अध्यक्ष एसडीएम मानेसर दर्शन यादव को बनाया गया है। निर्धारित समय में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

# लॉकर से गहने गायब होने के मामले में चारों आरोपी दो दिन की रिमांड पर

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

**सेक्टर-15 स्थित** एसबीआई बैंक शाखा में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के लॉकर से करोड़ों रुपये के गहने गायब होने के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों, तत्कालीन बैंक मैनेजर प्रीति कटारिया, अशोक सिंह, बैंक कर्मी भावना नरवाल और वेंडर नीरज शर्मा को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

### लॉकर से कीमती सामान गायब मिला था

सेक्टर-15ए निवासी डीसी गर्ग पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब उस लॉकर को खुलवाया तो उसमें रखा हुआ सारा कीमती सामान जैसे की जूलरी व अन्य कीमती सामान, गायब मिला। इसके बाद तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुलाया और चोरी की सूचना दी। गर्ग का आरोप है कि वह लगातार बैंक मैनेजर पवन रावत से अपने सामान के बारे में पूछते रहे लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे रहे थे। इस दौरान बैंक प्रबंधक ने अपने रीजनल मैनेजरअनिल दलाल को भी बुलाया। उन्होंने बैंक मैनेजर रावत से घटना के बारे में अलग से कुछ बात की। कुछ देर बैंक में ठहरने के दौरान कोई सन्तोषजनक उत्तर उन्होंने भी नहीं दिया और वापिस चले गए। गर्ग के मुताबिक लॉकर में कोंधनी (तगड़ी), सीतारामी (गले का हार), हाथ के कड़े, गले के हार, सात सोने की अंगूठियां, कानों के कुन्डल- 4 जोड़ी,नाक की नथ – 2, गले की चेन – 3, पांच गिन्नी, 150 चांदी के सिक्के,करीब एक किलो चांदी की अन्य सामाग्री आदि रखे थे। उनके गहनों की वर्तमान कीमत करीब दो करोड़ रुपए से अधिक है।पुलिस प्रवक्ता यशपाल का कहना है कि पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंक कर्मचारियों से पूछताछ तथा अन्य सुरागों के आधार पर चारों को गिरफ्तार किया और सोमवार को देर शाम सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से चोरी हुए गहनों की बरामदगी, वारदात को अंजाम देने के तरीके और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।




सेक्टर 15 स्थित एसबीआई बैंक का है मामला, पुलिस कर रही जांच

# 34 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांवः साइबर सिटी के 34 स्कूलों को मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। स्कूलों को ई-मेल के जरिए धमकी दी गई कि इमारतों में बम लगाया गया है। पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गईं और स्कूल परिसरों की तलाशी ली। एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली कराकर बच्चों और स्टाफ को घर भेज दिया गया। जांच के दौरान किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि स्कूलों को फर्जी ईमेल विदेशी सर्वर से भेजा गया था।

**स्कूलों को ई-मेल के जरिए मिली यह धमकी**

मेल में 'खालिस्तान नैशनल आर्मी' नामक संगठन का नाम भी लिखा था। स्कूल की ओर से पैरेंट्स को संदेश भेजा गया। कहा गया कि वे स्कूल गेट पर पहुंचकर अपने बच्चों को साथ ले जाएं। इससे पहले भी शहर में तीन से चार बार एक डेढ़ साल में स्कूलों में बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल आ चुके हैं।

**ईरान की कोस्ट गार्ड ने लिया था हिरासत में, तेहरान की जेल में थे कैद**

# मरीन इंजिनियर 57 दिन बाद जेल से छूटे

■ NBT रिपोर्ट,गाजियाबाद

**ईरान पर** इजराइल और अमेरिकी के हमले के बीच शहर के अच्छी खबर आई है। तेहरान जेल में बंद डीएलएफ कॉलोनी में रहने वाले मर्चेंट नेवी इंजीनियर केतन मेहता को 57 दिन बाद जेल से रिहा कर दिया गया। फिलहाल वह ईरान में ही भारतीय दूतावास की निगरानी में एक होटल में रह रहे हैं। स्थिति सामान्य होने के बाद उन्हें भारत लाया जाएगा। केतन की रिहाई की खबर मिलने के बाद परिवार में जश्न का माहौल है।

**फिलहाल ईरान में ही एक होटल में रुके हैं, जल्द लौटेंगे**



डीएलएफ में रहने वाले मर्चेंट नेवी इंजीनियर केतन मेहता के पिता मुकेश मेहता ने बताया कि 6 जनवरी-2026 को मरीन इंजीनियर केतन मेहता को ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर कोस्ट गाड्र्स ने गिरफ्तार कर लिया था। तभी से वह ईरान की जेल में ही बंद थे। इसके बाद उनके पिता ने विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री से उनके बेटे को सुरक्षित भारत लाने के लिए मदद की गुहार लगाई थी। केतन दुबई की तेल कंपनी में थर्ड इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। यह कंपनी पिछले काफी समय से ईरान से तेल लाने का कार्य करती है। केतन ने जून 2025 में मरीन इंजीनियर के रूप में कंपनी जॉइन की थी। इसके बाद से वह वहीं हैं।

भारत सरकार की एंबेसी ने कोर्ट में पैरवी कर उन्हें रिहा करा लिया है। अब एंबेसी ने उन्हें एक होटल में अपनी निगरानी में रखा है। भारत लौटने के पेपर तैयार किए जा रहे हैं। फ्लाइट्स शुरू होते ही उसे अपने देश भेज दिया जाएगा। उन्होंने इसके लिए भारत सरकार का आभार जताया है।

### 63 दिन बाद सुनी बेटे की आवाज

**मुकेश मेहता** ने बताया कि 31 दिसंबर को उनकी आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। तब उसने बताया था कि तीन से चार दिन वह दुबई लौट जाएंगे। उसके बाद से उसका फोन ही नही लगा था। 16 जनवरी को पता लगा कि उसके बेटे को ईरान के कोस्ट गाड्र्स ने गिरफ्तार कर लिया है। अब 4 मार्च को होली वाले दिन फोन की घंटी बजी तो उधर से बेटे की आवाज आई। पापा मैं छूट गया हूं।

# नोएडा एयरपोर्ट पर हर घंटे 30 प्लेन भर सकेंगे उड़ान

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

**एयरोड्रोम लाइसेंस** मिलने के बाद यमुना इंटरनैशनल एयरपोर्ट प्रालि के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्मंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम पूरा हो गया है। अब उद्घाटन और उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट में 48 चेक इन काउंटर, नौ सुरक्षा जांच लेन और 9 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। रनवे पर प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन की क्षमता विकसित की गई है। यापल के सीईओ ने मुख्यमंत्री के सामने केंद्र सरकार द्वारा जारी एयरोड्रोम लाइसेंस प्रस्तुत किया।

### हाईस्पीड ट्रेन प्रॉजेक्ट की बढ़ी रफ्तार

**दिल्ली से** वाराणसी तक चलने वाली हाईस्पीड ट्रेन की दिशा में काम शुरू हो गया। इसे नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए मंगलवार को नैशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) की टीम यमुना अथॉरिटी पहुंची। टीम ने अफसरों के साथ एलाइनमेंट, एयरपोर्ट के पास स्टेशन बनाने और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर चर्चा की। एयरपोर्ट स्टेशन अंडर ग्राउंड बनाया जाना प्रस्तावित है। अब इन सभी बिंदुओं को डीपीआर में शामिल किया जाएगा।

# स्क्रैप कारोबारी की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- चांदनी महल से लापता कारोबारी का शव फरीदाबाद से बरामद
- 2.5 लाख रुपये लेकर काम से गए थे फरीदाबाद


**चांदनी महल** इलाके से लापता हुए एक स्क्रैप कारोबारी का शव फरीदाबाद से बरामद किया गया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की जॉइंट टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राहुल (25) और बाबू के रूप में हुई है। दोनों को आगे की कार्रवाई के लिए फरीदाबाद पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक 7 मार्च की देर रात चांदनी महल थाना पुलिस में दिल्ली गेट स्थित कुचा चालान के रहने वाले 31 साल के आरिब के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने बताया कि आरिब स्क्रैप (कबाड़) के कारोबार से जुड़े थे। 7 मार्च को वह करीब 2.5 लाख रुपये नकद लेकर व्यापारिक काम से फरीदाबाद गए थे लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं लौटे।

पुलिस को पता चला कि आरिब की आखिरी बार हर्ष से बात हुई थी। पुलिस ने हर्ष से पूछताछ की। इसके बाद आरोपी राहुल का लिंक मिला और उससे पूछताछ की गई। उसने आरिब की फरीदाबाद में हत्या की बात कबूली। बताया कि वारदात में बाबू नाम का एक अन्य शख्स भी शामिल था।

# कैश लेकर घर से निकले यूट्यूबर की मिली लाश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**मंडावली इलाके** में रहने वाले 31 वर्षीय यूट्यूबर पुष्पेन्द्र उर्फ विकास की सोमवार शाम टेल्को टी-पॉइंट के पास DDA की खाली जमीन में शव मिला। वह शानिवार से गायब थे। वह पेशे से कपड़ा कारोबारी थे और अपने छोटे भाई के साथ मंडावली में कपड़े का शोरूम खोल रखा था। परिवारवालों का आरोप है कि आकाश शनिवार को करीब डेढ़ लाख कैश, सोने की अंगूठी, सोने की चेन और आईफोन लेकर घर से निकले थे। लेकिन कुछ देर बाद ही उनका फोन बंद जाने लगा। पुलिस में उनकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया लेकिन पुलिसवालों ने आकाश की तलाश ही नहीं की। वह लोग खुद ही तलाश में जुटे रहे। सोमवार शाम उन्होंने खुद ही आकाश के शव को खोज निकाला। नाराज परिजनों ने शव मंडावली थाने के बाहर रखकर जमकर हंगामा किया। ईस्ट जिला के DCP राजीव कुमार ने बताया कि 8 मार्च को पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया शव मिला था। परिजन को शक है कि आकाश की जहर देकर हत्या की गई है।

# वैभव गांधी मर्डर केस में फरार दो बदमाश अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, शाहबाद डेयरी



**बवाना के** युवा कारोबारी वैभव गांधी की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की आउटर नॉर्थ जिला टीम ने एनकाउंटर के बाद दो मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस अब तक कुल 7 आरोपियों को दबोच चुकी है। इससे पहले 15 फरवरी को भी 5 बदमाशों की गिरफ्तारी हुई थी।

आउटर नॉर्थ डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के अनुसार, पुलिस को इनपुट मिला था कि वैभव गांधी हत्याकांड के दो वांटेड संदिग्ध आधी रात के करीब इलाके से गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 'टैक्टिकल ट्रैप' लगाया। जब संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया, तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए 5 गोलियां चलाईं, जिससे दोनों संदिग्ध घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने तुरंत उन्हें काबू में लिया और इलाज के लिए रोहिणी के अस्पताल में भर्ती कराया।


## इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

IndianOil

CIN – L23201MH1959GOI011388

रजि. कार्यालय: इंडियनऑयल भवन, जी-9, अली यावर जंग मार्ग, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
फोन : (022) 26447327; ई-मेल आईडी: investors@indianoil.in; वेबसाइट: www.iocl.com

### शेयरधारकों को सूचना

**भौतिक शेअर्स के ट्रांसफर आवेदन दुबारा दर्ज करने के लिए विशेष अवधि**

दिनांक **30 जनवरी 2026** सेबी के परिपत्र के अनुसार, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि एक विशेष विंडो पुन: खोली गई है जो केवल उन ट्रांसफर डीड्स के पुन: प्रस्तुत करने के लिये है, जिनके साथ भौतिक शेयर प्रमाणपत्र 1 अप्रैल 2019 की अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत किए गए थे और जिन्हें दस्तावेज/प्रक्रिया में कमी या अन्य कारणों से अस्वीकृत /वापस कर दिया गया था.

यह पुन: प्रस्तुत करने की सुविधा पात्र भौतिक शेयरधारकों के लिये **4 फरवरी 2027** तक उपलब्ध रहेगी. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ट्रांसफर अनुरोधों को भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों सहित हमारे रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट KFin Technologies Ltd को पुनः प्रस्तुत करें, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

**KFin Technologies Ltd**
**यूनिट: इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाकरामगुडा,**
**सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नंबर 31 एवं 32,**
**हैदराबाद – 500032**
**टोल फ्री नंबर – 1800 309 4001**
**ई-मेल पता: einward.ris@kfintech.com**

कृते इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
हस्ता/-
(कमल कुमार ग्वालानी)
कंपनी सचिव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 10 मार्च 2026



## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सेक्टर-5 द्वारका
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA
SECTOR-5 DWARKA
नई दिल्ली – 75/NEW DELHI – 75
फोन न./Tel: – 011 - 20892070
वेबसाइट - dwarkasec5.kvs.ac.in
ईमेल:- pmshrikvdwarka5@kvsrodelhi.in

### साक्षात्कार सूचना

**शैक्षिक सत्र 2026-27** हेतु **पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर 5 द्वारका नई दिल्ली – 75** में संविदा आधार पर विभिन्न संभावित रिक्तियों के सन्दर्भ में साक्षात्कार **16/03/2026** को नीचे दिए गए विवरण अनुसार आयोजित किया जाएगा।

| साक्षात्कार की तिथि | समय: | पद एवं विषय |
|---|---|---|
| दिनांक: 16.03.2026 | प्रातः 09:00 बजे | **प्राथमिक शिक्षक, योग प्रशिक्षक, खेल-कूद प्रशिक्षक, काउंसलर, स्पेशल एजुकेटर, नर्स, कला अनुदेशक (Art & Craft Instructor), संगीत प्रशिक्षक (Music Coach)** |
| | | **स्नातकोत्तर शिक्षक (PGT):** हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान (Physics), रसायन विज्ञान (Chemistry), गणित (Mathematics), जीव विज्ञान (Biology), कम्प्यूटर विज्ञान (Computer Science), वाणिज्य (Commerce), अर्थशास्त्र (Economics), भूगोल (Geography), इतिहास (History), राजनीति विज्ञान (Political Science) |
| | | **प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT):** हिन्दी, अंग्रेजी, गणित (Mathematics), विज्ञान (Science), सामाजिक विज्ञान (Social Science), संस्कृत (Sanskrit) |
| | | **कम्प्यूटर अनुदेशक (Computer Instructor)/ए.टी.एल.इंस्ट्रक्टर (ATL INSTRUCTOR , डाटा एंट्री ऑपरेटर (Data Entry Operator)** |

**महत्वपूर्ण निर्देश :**
- साक्षात्कार हेतु पंजीकरण का समय: **प्रातः 08:00 बजे से 09:30 बजे** तक है |
- विभिन्न पदों हेतु योग्यता की जानकारी विद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त करें।
- आवेदन पत्र का प्रारूप विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करें: **https://dwarkasec5.kvs.ac.in/**
- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने मूल प्रमाण पत्र, स्वप्रमाणित फोटोकॉपी, फोटो पहचान पत्र, एवं एक रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य है |
- संबंधित पदों हेतु योग्यता एवं वेतन के.वि.सं. मानदंडों के अनुसार होगा |
- इच्छुक और योग्य आवेदक दिए गए लिंक से **https://drive.google.com/file/d/1kYKkgEM7jKgAVX90ot0XAeCCqUE6oMgc/view?usp=sharing**

आवेदन पत्र डाउनलोड कर के तथा भर के लाये एवं नीचे दिए गए गूगल लिंक को ऑनलाइन भरना अनिवार्य है **https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdAEUchYKOb2jyKFZupD-ZafTuAxYQazFMTtjDZpJ7DZQ8Juw/viewform?usp=sharing&ouid=105471877542353682719**

प्राचार्य



## दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
**DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
Established by Govt. of Delhi vide Act 6 of 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road-Delhi-110042

**POSTPONEMENT OF THE 12TH CONVOCATION**

It is to inform to all the participants and stakeholders that the 12th Annual Convocation, Delhi Technological University scheduled on 11.03.2026 has been **postponed** due to administrative reasons. However, students desirous of degree in advance for proceeding to University abroad for further studies or in any other situation where considered essential may apply to Controller of Examination, DTU for the same.

THE REVISED DATE FOR THE 12TH ANNUAL CONVOCATION WILL BE ANNOUNCED IN DUE COURSE.

Sd/-
Registrar, DTU



## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

**पैनल बनाने हेतु सूचना**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) स्वतंत्र **(1) वरिष्ठ सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षक एवं टीम लीडर और (2) सड़क सुरक्षा सहायक** के पैनल हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
2. पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट **www.nhai.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 07.04.2026 (सायं 06:00 बजे तक)

3. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा, तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

*सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी*



## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 वा. से. स्थल हिन्डन गाजियाबाद

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 वायु सेना स्थल हिन्डन में विभिन्न फर्मों के सेवायें जैसे **M&R, TRANSPORT, PRINTING, STATIONARY, CANTEEN, COMPUTER** आदि की सेवायों के लिए पंजीकरण आमंत्रित हैं। पंजीकरण के लिए **अंतिम तिथि 30.04.2026** है। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट **https://no1hindon.kvs.ac.in** पर देख सकते है।

(एम. लाल)
प्राचार्य



## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 वा. से. स्थल हिन्डन गाजियाबाद

**संविदा शिक्षकों के साक्षात्कार**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 वायु सेना स्थल हिन्डन गाजियाबाद में सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न संविदा शिक्षकों **(PGT, TGT, PRT, Miscellaneous, ATL Instructor, etc)** का पैनल बनाने हेतु **दिनांक 17, 18 व 19 मार्च 2026** को साक्षात्कार किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु आधिकारिक वेबसाईट **https://no1hindon.kvs.ac.in** का अवलोकन अवश्य करें।

(एम. लाल)
प्राचार्य



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** उप मुख्य विधुत अभियन्ता/परि0/कानपुर टेन्डर-02/25-26/
**दिनांकः** 07.03.2026

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विधुत अभियन्ता/परि0/कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिगं माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंण्डल में गति को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए किए गए संशोधन के संबंध में साइडिंग को बिजली आपूर्ति हेतु सीबी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू कराने का कार्य।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (रु.)ः** ₹ 134272254.48 | **अमानत राशिः** ₹ 821400.00 |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 0.00 | **वैलिडिटी पीरियडः** 90 दिन |

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 30.03.26 15:00 बजे**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह

- निविदा दिनांक **30.03.2026** को **15:00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 525/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर**
सा.नि.वि, परिसर, अशोका टाकीज के पास, कचहरी रोड अलवर
फोनः- 0144-2737038. E-mail:-sealw.pwd@rajasthan.gov.in

क्रमांक 3725 दिनांक 04.03.2026

**अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या 25/2025-26**

**राजकीय अम्बेडकर अनुसुचित जाति बालक छात्रावास, थानागाजी ( अलवर )** निर्माण कार्य के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से 16-03-2026 शाम 6:00 बजे तक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। बोली से संबंधित अन्य विवरण राज्य के पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in और http://sppp.raj.nic.in) तथा विभागीय वेबसाइट (http://pwd.rajasthan.gov.in) पर देखे जा सकते हैं। कार्य का अनुमानित मूल्य 213.56 लाख रुपये है।

UBN No:- PWD2526WSOB24963
NIB No:- PWD2526A5991
DIPR/C/5011/2026

-:E-Sign:-
( भूरी सिंह )
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत अलवर



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी उर्फ करण, पुत्रः** कन्हैया लाल, **निवासी**ः म.नं. जे–116, मंगोल पुरी, नई दिल्ली; एवं ए–311, मांगे राम पार्क, ब्रह्म शक्ति हॉस्पिटल के पास, बुध विहार, दिल्ली ने **मुकदमा FIR No. 805/2016 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ करण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ करण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **मुकदमा FIR No. 805/2016 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सन्नी उर्फ करण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (उत्तर)
कमरा नं. 14, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2973/RD/2026
(Court Matter)



## गुमशुदा की तलाश



ज्योति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला नाम **ज्योति** पत्नी अशोक गुप्ता, निवासी- ई-5/320 गली नंबर 9 4.5वां पुस्ता सोनिया विहार, दिल्ली। उक्त महिला दिनांक 27.02.2026 सुबह 11:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी संख्या 100ए दिनांक 27.02.2026 पुलिस थाना सोनिया विहार, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है:

**नामः** ज्योति, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 28 वर्ष, **ऊँचाईः** 5'4" ft, **रंगः** गोरा, **शरीरः** मध्यम, **चेहराः** अंडाकार। यदि किसी के पास इस गुमशुदा महिला के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी/सोनिया विहार, दिल्ली को सूचित करें।

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन: 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/2874/NE/2026**

**थाना प्रभारी**
**थाना, सोनिया विहार, दिल्ली**
**फोन नं. 7011200527**



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



मोनी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका **नाम मोनी पुत्री** विजय महतो, **निवासी** प्लॉट नं0–41, गली नं0–10, वर्मा रोड, प्रधान चौक के पास विकास नगर, उत्तम नगर, दिल्ली, **उम्र**–16 वर्ष, जो कि अपने के घर से दिनांक 07.03.2026 से लापता होने की सूचना मिली है। **FIR No. 139/2026, Dated 07.03.2026, U/S 137 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023,** के तहत **पुलिस स्टेशन रणहोला, बाहरी जिला, दिल्ली –110041,** में पंजीकृत किया गया है। लड़की का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

**लिंग**ः महिला, **कद**ः 5'0'', **रंग**ः साफ, **चेहरा**ः लम्बा, **शरीर**ः मध्यम, **पहनावा**ः गुलाबी सूट और पैरों में काले जूते पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/3065/OD/2026

**थाना प्रभारी,**
**पुलिस स्टेशन रणहोला, बाहरी जिला,**
**दिल्ली–110041 फोनः 9868464733**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 03-11-2026 00:00 Color:



# ईरान में युद्ध के बीच रसोई में 'UPI' जैसी क्रांति का समय

## कुकिंग गैस की जगह इंडक्शन स्टोव अपना सकते हैं

Ramesh.Tiwari
@timesofindia.com

**बात 2023** में विश्व पर्यावरण दिवस के दिन की है। बिजली मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अजय तिवारी एक आयोजन में इलेक्ट्रिक कुकिंग की अहमियत बता रहे थे। उनका मानना था कि कुछ लोग ई-कुकिंग को बहुत हल्के में लेते हैं। अगर हमारे व्यवहार में बदलाव आता है तो इसका पृथ्वी पर सबसे बड़ा पॉजिटव असर पड़ सकता है। आज उनकी बात की गंभीरता समझी जा सकती है। ईरान में युद्ध की शुरुआत के बाद अस्थिरता के दौर हमारे घरों में प्रवेश करने जा रहा है। गैस की सप्लाई और कीमतों पर इसका असर पड़ना स्वाभाविक है। उपभोक्ताओं के सामने एक घरेलू विकल्प मौजूद है-बिजली आधारित इंडक्शन स्टोव। जिस तरह नोटबंदी के दौर में मजबूरी ने भारत को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रेरित किया, उसी तरह मौजूदा ऊर्जा संकट भी रसोई में इंडक्शन स्टोव को घर-घर पहुंचा सकता है।

### ई-कुकिंग का खर्च कम

इंस्टिट्यूट ऑफ एनर्जी इकनॉमिक्स फाइनैंशल एनालिसिस के एक अध्ययन के अनुसार, दिल्ली में चार सदस्यीय परिवार के लिए ई-कुकिंग का खर्च गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी या पीएनजी की तुलना में कम पड़ सकता है। भारत में रसोई गैस लंबे समय से महंगा स्रोत रहा है, जिसे अफोर्डेबल बनाए रखने के लिए सरकार को सब्सिडी भी देनी पड़ती है। गैस को विशेष पाइपलाइनों के जरिए बॉटलिंग प्लांट तक पहुंचाया जाता है, वहां से सिलेंडरों में भरा जाता है।



### कुकिंग सरल और सुरक्षित विकल्प

बिजली आधारित इंडक्शन स्टोव पर कुकिंग सरल और सुरक्षित विकल्प प्रदान करती है। इंडक्शन स्टोव में तापमान का नियंत्रण अधिक सटीक होता है और प्री-सेट मेन्यू के माध्यम से विभिन्न व्यंजनों के लिए उपयुक्त तापमान तय किया जा सकता है। ऑटो शट-ऑफ जैसी सुविधाएं अनावश्यक बिजली खपत को कम करती हैं। पिछले कुछ वर्षों में देश के अधिकांश राज्यों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

## फटाफट खबरें

### PM-किसान की 22वीं किस्त 13 को

■ **भाषा, नई दिल्ली** : PM नरेन्द्र मोदी 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 22वीं किस्त का डिजिटल रूप से ट्रांसफर करेंगे। इसके माध्यम से 9.32 करोड़ किसानों को लगभग 19,000 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। कृषि मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कार्यक्रम असम के गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा। योजना फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी।

### महिलाओं पर बयान, खैरा को नोटिस

■ **आईएएनएस, चंडीगढ़** : सोशल मीडिया पर एक वायरल विडियो में कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा महिलाओं के बारे में अनुचित टिप्पणी करते दिख रहे हैं। इस विडियो को देखने के बाद पंजाब महिला आयोग ने खैरा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने कपूरथला एसएसपी को आदेश दिया है कि इस मामले की जांच तुरंत सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस स्तर के अधिकारी से करवाई जाए ताकि कोई भी गड़बड़ी न हो और जांच पूरी तरह से निष्पक्ष रहे।

### असम में महिलाओं को मिले 9-9 हज़ार

■ **पीटीआई, गुवाहाटी** : असम सरकार की ओरुनोडोई (अरुणोदय) स्कीम के तहत मंगलवार को 40 लाख महिलाओं के खाते में 9-9 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके तहत हर परिवार की एक योग्य महिला को हर महीने 1,250 रुपये मिलते हैं। सीएम ने घोषणा की थी कि इस साल जनवरी से चार महीने का पेमेंट, बोहाग बिहू के जश्न के लिए एक्स्ट्रा रकम के साथ मार्च में एकसाथ दिया जाएगा।

### विजय पूछताछ के लिए फिर तलब

■ **भाषा, नई दिल्ली** : सीबीआई ने अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय को करूर भगदड़ मामले में 15 मार्च को दोबारा पूछताछ के लिए तलब किया है। सीबीआई ने जनवरी में विजय से दो बार पूछताछ की थी। इसके बाद एजेंसी ने उन्हें 9 मार्च को बुलाया था, लेकिन विजय ने पूछताछ 15 दिन टालने का अनुरोध किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि विजय ने यह भी आग्रह किया था कि पूछताछ चेन्नई या तमिलनाडु के किसी कार्यालय में की जाए।

### वांगचुक केस में SC पहले विडियो देखेगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के भाषणों के विडियो देखेगा। इसके बाद ही उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखेगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

# विपक्ष बोला- स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव सदन की मर्यादा के लिए

## सत्ता पक्ष ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा- विपक्ष गैरज़िम्मेदार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**लोकसभा में** मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाए गए संकल्प पर जोरदार बहस हुई। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाया, जबकि सत्ता पक्ष ने इन आरोपों को खारिज करते हुए विपक्ष पर गैरजिम्मेदार रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष को सदन और संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए यह संकल्प लाना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा समय में लोकसभा में माइक का इस्तेमाल भी एक अस्त्र की तरह किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा है। गोगोई ने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि किस तरह से संविधान और सदन की मर्यादा का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान राहुल गांधी को 20 से अधिक बार रोका गया। गोगोई ने कहा कि बिरला जी का व्यक्तिगत रूप से सभी के साथ रिश्ता अच्छा है। हमें यह संकल्प लाना पड़ रहा है। इस सदन की मर्यादा को बचाने के लिए धर्म का पालन करते हुए हम यह अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं।

गोगोई के आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने आपत्ति जताई। इस पर गोगोई ने कहा कि भविष्य में जब संसदीय रेकॉर्ड देखा जाएगा तो यह सामने आएगा कि सबसे ज्यादा व्यवधान संसदीय कार्य मंत्री ने पैदा किए। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि वह इस बात से सहमत हैं कि बतौर संसदीय कार्य मंत्री सबसे ज्यादा व्यवधान किरेन रिजिजू ने पैदा किया, लेकिन इससे ज्यादा गैरजिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं आया।

गोगोई ने कहा, विपक्षी नेताओं के भाषणों के कई अंश हटा दिए जाते हैं, जबकि सत्ता पक्ष के सदस्य पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आरोप लगाते हैं तो उन्हें नहीं हटाया जाता।

PTI

गोगोई बोले- लोकसभा में माइक का इस्तेमाल भी अस्त्र की तरह हो रहा है।

### रिजिजू ने कहा नेता प्रतिपक्ष का व्यवहार गंभीरतापूर्ण नहीं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करते। उन्होंने राहुल गांधी का संदर्भ देते हुए कहा कि इनके नेता प्रतिपक्ष तो सुनते ही नहीं। तंज कसा कि अगर प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता तो परफॉर्मेंस शायद थोड़ा अच्छा होता। वह कम से कम (सदन में) बैठती तो हैं, सुनती (तो) हैं। इस पर सदन में ठहाके गूंज उठे।

PTI


केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए सदन में लाये गए संकल्प पर चर्चा में भाग लेते हुए रिजिजू ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष सदन में जिस तरह का हल्का व्यवहार करते हैं, वैसा ही अपने सांसदों को भी करने के लिए मजबूर करते हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने तंज कसते हुए कहा, 'आपके यहां भी अच्छे लोग हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष उन्हीं (राहुल) को बनाया। हम तो कुछ नहीं कर सकते हैं। मैं क्या कर सकता हूं। मेरे हाथ में तो है नहीं।' किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के कम से कम 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।

रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कभी पक्षपात नहीं किया और आप उन्हीं के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आते हैं।

### जगदंबिका पाल के पीठासीन होने पर विपक्ष के सवाल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ संकल्प पर चर्चा से पहले विपक्ष ने बीजेपी नेता जगदंबिका पाल के पीठासीन होने पर सवाल उठाए। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने बिरला के खिलाफ संकल्प सदन में प्रस्तुत किया। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा की कार्य प्रक्रिया के नियम 376 और संविधान के अनुच्छेद 96 का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते। पीठासीन जगदंबिका पाल ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं हुआ है और ऐसे में इस विषय को लेकर व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने डिप्टी स्पीकर का निर्वाचन नही किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। संकल्प पर चर्चा की शुरुआत करते हुए सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने भी जगदंबिका पाल के अधिकार को लेकर सवाल उठाए। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष ने जिन नियमों का हवाला दिया, वो सदन संचालित करने से संबंधित हैं।


जगदंबिका पाल

# बंगाल SIR: SC ने कहा- नाम हटाए जाने के खिलाफ अपील के लिए ट्रिब्यूनल बनाएं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने 10 मार्च 2026 को निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल में चल रही SIR प्रक्रिया के तहत नाम हटाए जाने के खिलाफ अपील सुनने के लिए ऐसे अपील ट्रिब्यूनल बनाए जाएं, जिनमें हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और पूर्व न्यायाधीश शामिल हों। यह निर्देश इसलिए दिया गया, क्योंकि इस प्रक्रिया में स्वतंत्र अपील व्यवस्था की कमी को लेकर चिंता जताई गई थी।

यह आदेश अदालत के पहले दिए गए निर्देशों के बाद आया है, जिनके अनुसार बंगाल और पड़ोसी राज्यों से न्यायिक अधिकारियों को SIR दावों के निपटारे के लिए तैनात किया गया था। ऐसा राज्य सरकार और भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के बीच आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति को देखते हुए किया गया था।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों ने अदालत के सामने दो मुद्दे उठाए। पहला मुद्दा उन लोगों के लिए उपलब्ध अपील व्यवस्था से जुड़ा था, जिनके दावे पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों द्वारा खारिज कर दिए जाते हैं। दूसरा मुद्दा उन व्यक्तियों की पूरक सूचियों के प्रकाशन से संबंधित था, जिनकी आपत्तियों का पहले ही निपटारा किया जा चुका है, खासकर इसलिए क्योंकि आपत्तियों की संख्या बहुत अधिक है, जो कथित तौर पर दस लाख से भी ज्यादा है।

अदालत ने 24 फरवरी के अपने आदेश को याद किया, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों के खिलाफ किसी भी कार्यकारी या प्रशासनिक मंच पर अपील नहीं की जा सकती। इस स्थिति को देखते हुए अदालत ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश कुछ पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और दो-तीन पूर्व हाईकोर्ट न्यायाधीशों (संभव हो तो कलकत्ता हाई कोर्ट या पड़ोसी राज्यों से) से अपील ट्रिब्यूनल के सदस्य के रूप में सेवा देने का अनुरोध कर सकते हैं। उनके नामों की सिफारिश होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग उन्हें आधिकारिक रूप से अपीलीय ट्रिब्यूनल के रूप में अधिसूचित कर सकता है, जो SIR प्रक्रिया से संबंधित अपीलों की सुनवाई करेंगे। अदालत ने यह निर्णय कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया कि अपीलीय ट्रिब्यूनल की पीठों में कितने सदस्य होंगे।

अदालत ने आगे अनुरोध किया कि कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उन पूर्व मुख्य न्यायाधीशों या न्यायाधीशों को दिए जाने वाले मानदेय को निर्धारित करें जो ट्रिब्यूनल में सेवा देने के लिए सहमत होंगे। यह मानदेय भारत निर्वाचन आयोग से परामर्श करके तय किया जा सकता है और इसका पूरा खर्च आयोग उठाएगा। दूसरे मुद्दे यानी उन व्यक्तियों की पूरक सूची के प्रकाशन के संबंध में जिनकी आपत्तियों का निपटारा हो चुका है, अदालत ने दोनों पक्षों को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि जब मुख्य न्यायाधीश इस विषय में उपयुक्त सिफारिश करेंगे, तो निर्वाचन आयोग को उस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

अदालत ने कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त एक सूचना का उल्लेख किया, जिसमें बताया गया कि 9 मार्च 2026 की शाम तक 10.16 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका था।

### ममता बनर्जी ने खत्म किया धरना

PTI



■ **पीटीआई, कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने SIR के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन मंगलवार को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि SC द्वारा मतदाता सूची संशोधन से संबंधित मामलों के लिए एक अपील तंत्र स्थापित करने का आदेश दिए जाने के बाद इस विरोध-प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित किया जा रहा है। बनर्जी ने सर्वोच्च न्यायालय के इस कदम का स्वागत किया। कहा कि चुनाव आयोग द्वारा बंद किया गया दरवाजा खुल गया है।


### CEC बोले- किसी भी पात्र वोटर का नाम नहीं हटेगा

■ **भाषा, कोलकाता** : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC ) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा और उसकी प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल के बीच आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया है। राज्य में चुनाव की तैयारियों पर दो दिन तक राजनीतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई बैठकें करने के बाद कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में कुमार ने कहा कि बंगाल की जनता का हमेशा से शांतिपूर्ण और भागीदारी वाले लोकतंत्र में विश्वास रहा है। हमारा लक्ष्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।


कोलकाता में CEC ज्ञानेश कुमार।

**लोगों ने CEC को फिर दिखाए काले झंडे** : कोलकाता के पास मंगलवार सुबह दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लोगों के एक समूह ने वापस जाओ के नारे लगाए और काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया।

# किसान की बेटी की शादी में शामिल हुए राहुल गांधी, गिफ्ट किया TV

PTI

राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत में विवाह समारोह में शामिल हुए।

■ **NBT न्यूज, सोनीपत**

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी मंगलवार को हरियाणा के सोनीपत जिले के मदीना गांव में एक किसान की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुए। कांग्रेस के अनुसार, गांधी की मुलाकात किसान संजय से पहली बार 2023 में मदीना गांव में अचानक की गई यात्रा के दौरान हुई थी और उन्होंने उनके साथ खेतों में काम करते हुए किसान परिवारों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों के बारे में जाना था। उन्होंने लड़की को शादी के तोहफे के रूप में टीवी गिफ्ट किया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सुबह गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस के रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। सफेद टी-शर्ट और हरी पतलून पहने गांधी ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया और परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से बातचीत की। परिवार ने सम्मान स्वरूप उन्हें पगड़ी बांधी। कांग्रेस ने एक्स पर राहुल की इस यात्रा को लेकर पोस्ट किया है। पोस्ट में लिखा है, 'गांधी ने संजय मलिक और उनके परिवार के सुख-दुख में साथ देने का वादा किया था। आज, जननायक उनके परिवार की खुशियों का हिस्सा बने हैं।' विवाह समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ रहे कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक्स पर लिखा, 'जिस दौर में बड़े नेताओं में धनाढ्य पूंजीपतियों की शादियों में पहुंचने की होड़ लगी होती है, उसी दौर में राहुल गांधी ने आज उस संजय किसान की बेटी की शादी में पहुंच कर अपना कन्यादान का वचन निभाया, जिसके खेत में दो वर्ष पूर्व धान बुआई का कार्य किया था। परिवार ने उनको धन्यवाद दिया है।'

**सोनीपत जिले के मदीना क्षेत्र पहुंचे कांग्रेस के नेता**

### राहुल गांधी के बयान पर BJP ने हमला बोला

■ **आईएएनएस, नई दिल्ली** : बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और यूथ कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मालवीय ने राहुल गांधी का एक विडियो क्लिप पोस्ट करते हुए एक्स पर दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 'कर दिया काम यूथ कांग्रेस वालों ने।' मालवीय का दावा है कि यह टिप्पणी उस घटना के बाद आई जब यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान शर्ट उतारकर प्रदर्शन किया। मालवीय ने कहा कि इस तरह के प्रदर्शन से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा।

**कांग्रेस नेता ने कहा था, कर दिया काम यूथ कांग्रेस वालों ने**

### यूपी में रजिस्ट्री से पहले मालिकाना हक की जांच

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

यूपी में जमीन की रजिस्ट्री से पहले अब मालिकाना हक की जांच अनिवार्य होगी। योगी कैबिनेट ने रजिस्ट्रेशन अधिनियम और नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब रजिस्ट्रार सिर्फ स्टैम्प ड्यूटी ही नहीं, बल्कि जमीन बेचने वाले के स्वामित्व, पहचान, कब्जे और ट्रांसफर से जुड़े दस्तावेज भी जांचेंगे। खतौनी सहित जरूरी दस्तावेज न होने पर रजिस्ट्री से इनकार किया जा सकेगा।

सरकार का कहना है कि इससे फर्जी रजिस्ट्री और जमीन घोटालों पर रोक लगेगी तथा खरीदारों को ठगी से बचाया जा सकेगा।

**कैब सेवाओं को लेकर भी फैसला** : इसके अलावा, कैब सेवाओं को लेकर भी फैसला हुआ है। वहीं, ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियों को भी उत्तर प्रदेश में सेवाएं जारी रखने के लिए परिवहन विभाग में अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। वाहनों की संख्या के आधार पर कंपनियों को सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई हो सकती है। इसके लिए नियम बनाए गए हैं।

AI Image

सरकार ने कहा, इससे जमीन घोटालों और ठगी से बच सकेंगे

### कंपनियों को बनाया जाए ज्यादा जवाबदेह : देवरा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शिवसेना सांसद मिलिंद मुरली देवरा ने सोशल मीडिया मंचों के किशोरों पर नकारात्मक असर को लेकर मंगलवार को राज्यसभा में चिंता जताई। उन्होंने सरकार से इन कंपनियों को ज्यादा जवाबदेह बनाने की मांग की। उन्होंने गाजियाबाद में हाल ही में तीन नाबालिग बहनों की आत्महत्या की घटना का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया दुनिया के लोगों को आपस में जोड़ता है और आवाजों को सामने लाता है, लेकिन इसका एक स्याह पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

**बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन पर रखी अपनी राय**

### मेघालय में हिंसा, सेना तैनात, फायरिंग में दो मौतें

■ **पीटीआई, शिलांग**

**मेघालय के** वेस्ट गारो हिल्स जिले में हिंसा के बाद सेना तैनात कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों की फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना गारो हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुई। दो समूहों के बीच झड़प हो गई और हालात तनावपूर्ण हो गए।

अफसरों के अनुसार, भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को फायरिंग करनी पड़ी। स्थिति बिगड़ने पर प्रशासन के अनुरोध पर सेना की टुकड़ियां तैनात की गईं। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि शांति बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

> **भीड़ काबू करने के लिए फायरिंग करनी पड़ी। शांति बनाए रखने को फ्लैग मार्च किया जा रहा है**
> – महेंद्र रावत, रक्षा प्रवक्ता

#### दो समूहों में झड़प

वेस्ट गारो हिल्स के पुलिस अधीक्षक अब्राहम टी संगमा ने बताया कि यह घटना चिबिनांग इलाके में हुई, जहां आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों के बीच झड़प हुई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम सभी संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है। मामले से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

# महिला कोटे की तैयारी, आ सकता है संशोधन प्रस्ताव

## लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने वाले कानून को जल्द लागू करने की चर्चा

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली** : संसद में जारी राजनीतिक तनातनी के बीच महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण देने वाले कानून को जल्द लागू करने की चर्चा तेज हो गई है। सरकार इस पर विचार कर रही है कि महिलाओं के आरक्षण को जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से अलग कर दिया जाए, ताकि इसे 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले लागू किया जा सके।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस कानून में संशोधन का प्रस्ताव लाने पर भी विचार कर रही है। संसद में चल रही तनातनी के बीच संभावना जताई जा रही है कि इसी सत्र में सरकार इस एक्ट में संशोधन से जुड़ा प्रस्ताव ला सकती है, जिससे महिलाओं के आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया तेज हो सके। एक विकल्प यह भी है कि महिलाओं के लिए आरक्षित होने वाली एक-तिहाई सीटों का चयन लॉटरी सिस्टम के जरिए किया जाए। यानी कुल सीटों में से 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए तय हों और किन सीटों पर आरक्षण लागू होगा, यह लॉटरी के माध्यम से तय किया जाए।

सरकार इस मुद्दे पर विपक्षी दलों से भी राय लेने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, अंतिम फैसला तभी लिया जाएगा जब प्रमुख विपक्षी दल अपनी राय स्पष्ट कर देंगे। सूत्रों का कहना है कि इस पर सरकार ने विपक्ष से उसका रुख जानने की कोशिश की है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में संकेत दिया था कि संसद के मौजूदा सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों के साथ एक बिल भी पेश किया जा सकता है।

■ महिलाओं के लिए आरक्षित होने वाली एक-तिहाई सीटों का चयन लॉटरी सिस्टम के जरिए किया जा सकता है

■ सरकार विचार कर रही है कि आरक्षण को जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से अलग कर दिया जाए।


एसपी सांसद डिंपल यादव और शिवसेना (UBT) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी।

#### सरकार की रणनीति

आरक्षण कानून को जल्दी लागू करने की चर्चा के पीछे सरकार की राजनीतिक रणनीति भी देखी जा रही है। 2027 से पहले यह कानून लागू होता है तो इसका सीधा राजनीतिक फायदा सत्तारूढ़ दल को मिल सकता है। पहला फायदा यह माना जा रहा है कि इससे महिलाओं के बीच सरकार की छवि मजबूत हो सकती है। कई फैसले जैसे उज्ज्वला योजना, मातृत्व लाभ और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहल को अपनी बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश करती रही है।

### डॉग कस्टडी विवाद में महुआ से जवाब मांगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने पेट डॉग 'हेनरी' की कस्टडी को लेकर चल रहे विवाद में तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से जवाब मांगा है। यह मामला उनके पूर्व साथी और वकील जय अनंत देहाद्राई की याचिका से जुड़ा है। देहाद्राई का कहना है कि मोइत्रा ने पालतू रॉटवीलर डॉग की साझा कस्टडी को लेकर जो मुकदमा दायर किया है, वह कानून के तहत मान्य नहीं है।


महुआ मोइत्रा

भारतीय टीम के कप्तान और कोच के मंदिर जाने पर सवाल नहीं खड़े किए जाने चाहिए। खेल और राजनीति को अलग रखिए। आपकी आस्था है आप मंदिर जाइए, गुरुद्वारे जाइए या कहीं भी जाइए। *-हरभजन सिंह, पूर्व क्रिकेटर*



**146**

*औसत से छह पारियों में 292 रन बनाए जिंबाब्वे के बैटर ब्रायन बेनेट ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में। यह इस टूर्नामेंट में किसी बैटर का बेस्ट ऐवरेज है*

# चैंपियन कप्तान के ब्रेक का प्लान- 'खाएंगे अच्छा खाना, करेंगे ज़रा आराम'

**एजेंसियां, मुंबई:** टी20 वर्ल्ड कप के चैंपियन भारतीय कप्तानों में शुमार हुए सूर्यकुमार यादव का कहना है कि टीम के विजेता बनने के बाद अब वह कुछ दिन अच्छा खाना खाएंगे और आराम करेंगे। सूर्या ने कहा कि उनका फिलहाल का प्लान यह है कि वह घर लौटेंगे, कुछ अच्छा खाएंगे और आने वाली चुनौतियों पर ध्यान देने से पहले जरूरी आराम करेंगे।

टीम की इस कामयाबी पर मुंबई में अपने घर के बाहर मीडिया से बातचीत में सूर्य ने कहा, 'यह जीत जितनी फैंस की है, उतनी ही खिलाड़ियों की भी है। आप लोगों ने भी हमारे साथ बराबर जश्न मनाया। आप सभी को बधाई। भारत में वर्ल्ड कप जीतना बहुत खास है। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। बहुत सारे लोगों का सपोर्ट और दुआएं थीं।' भारत के कप्तान ने इस खास पल को अपने परिवार, खासकर अपने माता-पिता के साथ शेयर करने के बारे में भी बात की, जो सेलिब्रेशन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, 'जब हम जीते तो वह मेरे साथ थे। वापस लौटने के बाद भी मैंने उनसे बात की। अब हम कुछ दिनों तक शांति से साथ बैठेंगे और आराम से बात करेंगे।'

### 'सचिन सचिन' वाला पल आया याद

जश्न के दौरान भीड़ में सूर्या के नाम के नारे लगे। कप्तान ने कहा कि इससे उन्हें सचिन तेंडुलकर के लिए लगाए जाने वाले मशहूर नारों की याद आ गई। उन्होंने कहा कि 'सचिन सचिन' का नारा पूरी तरह से सही है। वह क्रिकेट के भगवान हैं। उन्होंने इतने वर्षों तक भारत के लिए क्रिकेट खेला। हालांकि, यह हमारे लिए भी बहुत खास एहसास था।'



देश को ICC ट्रॉफी दिलाने वाले कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल होकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। *-सूर्यकुमार यादव*

### खेलते रहेंगे,जीतते रहेंगे: ईशान

**पटना:** भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में बल्ले से बड़ा योगदान देने वाले ईशान किशन भी मंगलवार को अपने गृह नगर पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर ईशान, पिता प्रणव पांडे के साथ नजर आए। ईशान का फैंस ने जोरदार स्वागत किया। वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारतीय टीम में दमदार वापसी करने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनका शानदार कमबैक शहर के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। किशन ने कहा, 'हमारी टीम जीती है। जाहिर है यह सिर्फ हमारे लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अच्छी बात है। हमें उम्मीद है कि हम इसी तरह क्रिकेट खेलते रहेंगे और जीतते रहेंगे। मेरा मानना है कि मैं जितना बेहतर प्रदर्शन करूंगा, यहां के युवा बच्चों को उतना ही ज्यादा प्रेरित करूंगा, जो आगे बढ़ना चाहते हैं। मैं हमेशा यह पक्का करने की कोशिश करता हूं कि हर कोने से ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी निकलकर आएं।'



पटना एयरपोर्ट पर ईशान का स्वागत

## स्पोर्ट्स QUIZ

*इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।*

1. विमिंस एशियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में भारत को किसने हराया?
A) वियतनाम B) जापान C) चीनी ताइपे D) ईरान
2. विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला आज किस टीम से होगा?
A) स्कॉटलैंड B) वेल्स C) उरुग्वे D) साउथ कोरिया

**कल के जवाब**
1. D) संजू सैमसन 2. B) 4

**लकी WINNERS**



1. युक्ति अरोड़ा, फरीदाबाद, हरियाणा
2. दिनेश प्रभुनाथ वर्मा, मुंबई
3. विजय कुमारी छाबड़ा, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### स्वीटी,पंथोई अस्पताल में

**सिडनी:** भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तान स्वीटी देवी और गोलकीपर पंथोई चानू मंगलवार को एएफसी विमिंस एशियन कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हार के दौरान गंभीर रूप से चोटिल हो गईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया।

### टॉप पर रहीं मनु

**नई दिल्ली:** ओलिंपियन मनु भाकर नैशनल सिलेक्शन ट्रायल तीन (ग्रुप-ए) की विमिंस 10 मीटर पिस्टल के फाइनल में टॉप पर रहीं। ट्रायल-2 की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ शूटर्स के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया।

### तैयारी में जुटे संग्राम

**नई दिल्ली:** एमएमए फाइट को लेकर संग्राम सिंह इन दिनों अपनी तैयारियों को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। इसके लिए सात सदस्यों का सपोर्ट स्टाफ उनकी मदद कर रहा है। फिट इंडिया आइकन संग्राम का अगला मुकाबला 5 अप्रैल को ब्यूनस आयर्स में होगा। उनके सामने फ्रांस के मौटेऊ मोंटेइरो (24 साल) होंगे, जो उनसे उम्र में 17 साल छोटे हैं।

### नागर को दोहरी सफलता

**हैदराबाद:** पैरालिंपिक्स चैंपियन कृष्णा नागर ने सातवीं सीनियर नैशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच-6 वर्ग में दो गोल्ड जीते। कृष्णा ने मेंस सिंगल्स एसएच-6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराया। उन्होंने मिक्स्ड में नित्या श्री सुमति के साथ गोल्ड जीता।

### अजीत ने आलोचनाओं के बावजूद अपनी रणनीतियों को लागू किया

# अगरकर ने रचा था चक्रव्यूह



**एजेंसियां, नई दिल्ली:** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप में खिताबी जीत का श्रेय चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर को देते हुए कहा था कि 'उनकी काफी आलोचना होती है, लेकिन वह अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं।' अगरकर के ही कार्यकाल में भारत ने तीन ICC टूर्नामेंट अपने नाम किए। अगरकर ने साल 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमिटी के अध्यक्ष का पदभार संभाला था। यह वो दौर था जब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन करीब 3 साल के कार्यकाल में अगरकर ने मुश्किल और साहसिक फैसले लेकर परिणाम भारत के पक्ष में मोड़ दिए।

**भविष्य की ओर देखा:** अगरकर ने अपने कार्यकाल में कई ऐसे फैसले लिए जिसके चलते उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके फैसले टीम के हित में एकदम सही साबित हुए। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को मौका देने की नीति अपनाने के साथ टीम में फिटनेस और फॉर्म को प्राथमिकता दी। इस दौरान कुछ सीनियर खिलाड़ियों को बाहर कर नए चेहरों पर भरोसा जताया। उनके इन फैसलों का मकसद भारतीय टीम को भविष्य के टूर्नामेंट्स के लिए मजबूत बनाना रहा।

**131** करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया है BCCI ने टी20 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय टीम के लिए। यह राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सपोर्ट स्टाफ में वितरित की जाएगी।

**सूर्या पर खेला दांव:** एक समय हार्दिक पंड्या को कप्तान का मजबूत दावेदार माना जा रहा था लेकिन अगरकर ने सूर्या पर दांव खेला, जिनकी उम्र को लेकर सवाल थे। सूर्यकुमार ने विश्व कप खिताब जीतने के बाद बताया था कि कोच गौतम गंभीर के साथ उनका तालमेल शानदार रहा है। इन दो वर्षों में कभी कोई बहस नहीं हुई, जिससे एक आदर्श प्लेइंग इलेवन तैयार करने में मदद मिली। कोच और कप्तान के बीच शानदार तालमेल के साथ भारत को विश्व कप विजेता बनाया।

**संजू पर बनाए रखा भरोसा:** संजू साल 2025 में टी20 क्रिकेट में खासा प्रभावित नहीं कर सके थे। इस दौरान उनके बल्ले से सिर्फ एक ही अर्धशतक आया था, लेकिन इसके बावजूद अगरकर को संजू पर पूरा विश्वास था। यही वजह रही कि उन्हें टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया। अगरकर ने पूरे टी20 वर्ल्ड कप में पर्दे के पीछे से ही टीम के लिए रणनीति तैयार की और जीत के वो नायक बने जिन्हें खिताब का उतना श्रेय नहीं दिया गया जितना दिया जाना चाहिए था।

### ये तैयार करते हैं चैंपियन



**बोलिंग कोच: मोर्ने मोर्केल** अंतरराष्ट्रीय अनुभव और आधुनिक गेंदबाजी तकनीकों की समझ के कारण मोर्केल को बोलिंग कोच बनाना काफी अहम कदम रहा।

**बैटिंग कोच: सितांशु कोटक** फर्स्ट क्लास क्रिकेट का लंबा अनुभव रखने वाले कोटक जनवरी 2025 में टीम से जुड़े और बैटर्स की खामियों पर काम किया।





**असिस्सटेंट कोच: डेसखाटा** IPL में गंभीर के साथ काम कर चुके नीदरलैंड्स के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रेयान टेन डेसखाटा टीम में वैश्विक अनुभव लेकर आए।

**फील्डिंग कोच: टी दिलीप** बारीकी से काम करने की शैली के लिए अलग पहचान रखने वाले दिलीप ने टीम की फील्डिंग, फुर्ती और कैचिंग क्षमता को बेहतर किया।



**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### मास्टरस्ट्रोक था ईशान को लाना

अजीत अगरकर के कार्यकाल का सबसे अहम फैसला ईशान किशन को अचानक से टी20 वर्ल्ड कप की टीम में शामिल करना रहा। ईशान को टीम में शामिल करने के लिए उपकप्तान शुभमान गिल को बाहर करने का फैसला किया गया जोकि कतई आसान फैसला नहीं था। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट खो देने वाले ईशान डोमेस्टिक में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप की टीम में वो शामिल किए जाएंगे इसकी उम्मीद ना के बराबर थी। ईशान को लंबे वक्त से टीम इंडिया में नजरअंदाज किया जा रहा था, लेकिन अगरकर को इस खिलाड़ी पर विश्वास था। ईशान को टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका दिया गया, जो मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ।

# खत्म हुआ वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीकी खिलाड़ियों का इंतज़ार

**पीटीआई, कोलकाता:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत में फंसी वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की टीम के लिए अलग-अलग व्यावसायिक उड़ानों में बुकिंग की क्योंकि कोलकाता से उड़ान भरने वाली उनकी चार्टर्ड उड़ान रद्द हो गई थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले ICC के एक सूत्र ने बताया, 'वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के सभी खिलाड़ियों की अलग-अलग व्यावसायिक विमान कंपनियों की उड़ान में बुकिंग की गई है। सभी की बुकिंग एक ही उड़ान में नहीं हो सकती, लेकिन ICC ने व्यक्तिगत बुकिंग का ध्यान रखा है। ICC चेयरमैन जय शाह ने खुद बात की है और खिलाड़ियों को सुरक्षित स्वदेश वापसी का भरोसा दिलाया है।' सूत्र ने कहा, 'यह बताना जरूरी है कि डेरेन सैमी सोमवार रात स्वदेश रवाना हो चुके हैं।' दोनों टीमें पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अंतरराष्ट्रीय वायु क्षेत्र पर लगी पाबंदियों रोक की वजह से उड़ान नहीं भर पाई हैं। इस स्थिति ने कई विमान कंपनियों को खाड़ी क्षेत्र के रास्ते जाने से बचने पर मजबूर कर दिया है। इससे पहले साझा की गई एक जानकारी के अनुसार, दोनों टीम को मंगलवार दोपहर को कोलकाता से एक साझा चार्टर्ड उड़ान में जोहानिसबर्ग निकलना था। वहां से वेस्टइंडीज टीम को एंटीगा जाना था। कुछ दिक्कतों की वजह से उड़ान को तय समय से कुछ घंटे पहले रद्द कर दिया गया।



**वॉर का असर** दोनों टीमों ने घर वापसी में देरी पर जताई थी निराशा

### भारतीय खिलाड़ियों की दोहा से वापसी

**नई दिल्ली:** दोहा में 10 दिनों तक फंसे रहने के बाद भारतीय मेंस बास्केटबॉल टीम अब स्वदेश लौटी है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। भारतीय टीम बास्केटबॉल वर्ल्ड कप 2027 के एशियन क्वॉलिफायर के लिए दोहा गई थी, लेकिन उस क्षेत्र में जारी तनाव के कारण वे कतर की राजधानी में ही फंस गई। कतर बास्केटबॉल फेडरेशन ने भारतीय टीम के लिए इंतजाम किया। टीम सबसे पहले सड़क मार्ग से दम्माम गई, और वहां से दो समूहों में रवाना हुई। एक समूह दम्माम से जेद्दा होते हुए मुंबई पहुंचा, जबकि दूसरा समूह दम्माम से सीधे लखनऊ के लिए रवाना हुआ।

## भारतीय मुक्केबाज़ों की आसान जीत

**फ्यूचर्स कप बॉक्सिंग**

**पीटीआई, बैंकॉक:** भारत के पांच युवा मुक्केबाजों ने मंगलवार को यहां वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के तीसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। चंद्रिका पुजारी (50 किग्रा) ने सुबह के सेशन में वेनेजुएला की मुक्केबाज पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से शानदार जीत हासिल की, जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान की प्रतिद्वंदी के खिलाफ तीसरे राउंड में रेफरी द्वारा रोके गए मुकाबले (आरएससी) को अपने नाम कर मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। एल अंबेकर (50 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में इक्वाडोर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 5-0 से हराया। शाम के सेशन में गुंजन (48 किग्रा) ने करीबी मुकाबले में इटली की प्रतिद्वंदी को 3-2 से हराया।



चंद्रिका पुजारी

# मिचेल को गेंद मारने पर अर्शदीप पर लगा जुर्माना

**एजेंसियां, दुबई:** भारत के फास्ट बोलर अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रेकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बैटर की ओर फेंका जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी। अर्शदीप ने मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट के प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया।





पेसर अर्शदीप सिंह

**क्रिकेट कनेक्ट**

### टाइटंस से जुड़े हेडन

**अहमदाबाद:** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के आगामी सीजन से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन को बैटिंग कोच नियुक्त किया है। दो बार के वनडे वर्ल्ड कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली ओपनर्स में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्होंने सभी फॉर्मेट्स में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 प्लस रन बनाए।

### बदानी बने हेड कोच

**नई दिल्ली:** 'द हंड्रेड' लीग के आगामी सीजन से पहले सदर्न ब्रेव ने हेमंग बदानी को मेंस टीम का हेड कोच नियुक्त किया है, जबकि इयन बेल उनके असिस्टेंट के तौर पर काम करेंगे। बेल IPL में दिल्ली कैपिटल्स में बदानी के डिप्टी भी होंगे।

### IPL का शेड्यूल 12 मार्च तक

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) 12 मार्च तक IPL-2026 के शुरुआती 20 दिनों का शेड्यूल जारी करेगा। यह जानकारी बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने दी। लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से 31 मई के बीच खेला जाना है। सैकिया ने मंगलवार को आईएएनएस से कहा, 'हम 12 मार्च तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, हम IPL के पहले 20 दिनों का शेड्यूल जारी करने जा रहे हैं।' ऐसा समझा जा रहा है कि बोर्ड पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ किसी भी तरह के टकराव की स्थिति से बचना चाहता है। ऐसे में टूर्नामेंट का शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा।

## वेल्स के खिलाफ ड्रॉ से भी बन जाएगा भारत का काम

**विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर**

**एजेंसियां, हैदराबाद:** भारत को FIH विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पूल स्टेज के अपने अंतिम मैच में बुधवार को वेल्स के खिलाफ कम-से-कम ड्रॉ करने की कोशिश करनी होगी। भारत फिलहाल पूल-बी में दो मैचों में चार अंकों के साथ टॉप पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड के भी चार अंक हैं, लेकिन भारत का गोल अंतर बेहतर है। हर पूल से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी और भारत को अगर-मगर के बिना अंतिम-4 में पहुंचने के लिए ड्रॉ या जीत की जरूरत होगी। भारतीय टीम अगर हार का सामना करती है तो उसके चार अंक ही रहेंगे और उसका क्वॉलिफिकेशन स्कॉटलैंड और उरुग्वे के बीच होने वाले मैच पर निर्भर करेगा।



भारत अपने ग्रुप में टॉप पर है

## रेकॉर्ड इनामी राशि होगी, अक्षय खेलेंगे

**इंडियन ओपन गोल्फ**

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** प्रतिष्ठित 'अर्नोल्ड पामर इनविटेशनल 2026' का खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया हीरो इंडियन ओपन में भी उतरेंगे। प्रतियोगिता 26 से 29 मार्च के बीच गुरुग्राम के 'डीएलएफ गोल्फ ऐंड कंट्री क्लब' में होगी। इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ाकर रेकॉर्ड 2.55 मिलियन डॉलर (लगभग 23.42 करोड़ रुपये) कर दी गई है, जिसमें से विजेता को 4,33,500 डॉलर (लगभग ₹4 करोड़) की पुरस्कार राशि मिलेगी।



अक्षय भाटिया

## लक्ष्य ने कहा, अब रिकवरी पर ध्यान



लक्ष्य सेन

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में मिली शिकस्त से 'थोड़े निराश' भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने स्वीकार किया है कि आधुनिक मेंस सिंगल्स मुकाबलों की बढ़ती शारीरिक मांगों के कारण उन्हें अपनी रिकवरी और तैयारी की रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। लक्ष्य दूसरी बार ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने बर्मिंघम में शारीरिक तौर पर थका देने वाले सप्ताह के दौरान कई कड़े और अधिक समय वाले मुकाबले खेले। लक्ष्य ने कहा, 'उम्र के साथ भी फर्क पड़ता है। अब मैं 20 साल का नहीं रहा कि उतनी तेजी से रिकवर कर सकूं। मैं यह नहीं कह रहा कि मेरी उम्र काफी बढ़ गई है, लेकिन तैयारी, अगले मैचों के लिए रिकवरी और खासकर डाइट को लेकर बदलाव करने पड़ते हैं। जब मैं 21-22 साल का था, तो जो भी खाता था, उससे वजन नहीं बढ़ता था। अब थोड़ा फर्क है और डाइट के प्रति ज्यादा सतर्क रहना पड़ता है।'

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आमदनी संतोषजनक रहेगी, धन प्राप्ति के योग हैं। शाम में मंगल कार्यों में व्यस्त रहेंगे। राशि स्वामी उत्तराषाढ़ नक्षत्र के प्रथम चरण पर चल रहा है। नौकरी में पदोन्नति की संभावना बन रही है। बृहस्पति कर्क राशि पर मार्गी होगा, जिससे भविष्य में भी उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**TARUS** 20 Apr - 19 May
आज संपत्ति सुख में विस्तार होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन उन्नति के साथ होगा। पारिवारिक जीवन में सरसता बनी रहेगी। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें। शाम से रात तक संगीत का आनंद भी मिल सकता है।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। रहन-सहन और खान-पान का स्तर बढ़ेगा। नए सुंदर-सुंदर वस्त्रों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। नौकरी तथा व्यवसाय में भी भागीदारी और साथियों का सहयोग पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज पश्चिम दिशा की राजकीय यात्रा का योग है। संतान सुख में वृद्धि तथा कहीं से कोई अच्छा उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त हो जाएगा। शाम से लेकर रात तक अध्ययन, पठन-पाठन में मन लगेगा। रात में शयन सुख की विशेषता रहेगी और मानसिक शांति की प्राप्त होगी।

**LEO** 23 July - 22 Aug
घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता और व्यस्तता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे। आमदनी बढ़ने से मनोबल बढ़ा रहेगा। आज राशि से अष्टम घर में मीन राशि का शनि मार्गी हो रहा है, पाचन क्रिया में परेशानी हो सकती है। खान-पान पर नियंत्रण रखें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में यथोचित वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी। क्रोध से बचें। संतान पक्ष से भी उच्च शिक्षा में सार्थक परिणाम मिलेंगे। आज शाम के समय संपत्ति से भी कुछ आय हो सकती है। रात में भाइयों के सहयोग से पुरानी रंजिश समाप्त हो जाएगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपकी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। परिवार में सर्वत्र सुख-शांति रहेगी। अकस्मात अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं। यदि आप नौकरी में हैं तो अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शाम के समय धार्मिक साहित्य पढ़ने में रुचि बढ़ेगी। रात का समय सामाजिक आयोजन में बीतेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल जन्म तृतीय में, मकर राशि का होकर चंद्र से दशम योग बन रहा है। माता का सानिध्य व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। बहुत समय से रुका हुआ धन किसी महापुरुष के सहयोग से प्राप्त हो जाएगा। संतान पक्ष से और बौद्धिक क्षेत्र में सुखद परिणाम मिलने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी बृहस्पति आज राशि से आठवें भाव में मार्गी हो रहा है। चौथे भाव में शनि भी कार्यक्षेत्र में कठिनाई और परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में संयम रखें। किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। भाइयों में वैचारिक मतभेद उत्पन्न होंगे।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
मकर राशि पर बुध और कुंभ में स्थित राहु राज्य, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि कर रहा है। सप्तम भाव में गुरु उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। आज आपके भाग्य का उदय, धन, कर्म और कीर्ति में वृद्धि होगी। प्रबल विरोधियों के होने पर भी अंत में सर्वत्र विजय, हर्ष मंगलमय परिवर्तन और मनोरथ सिद्धि होगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी। क्रोध की अधिकता से बचें, कहीं जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद उत्पन्न न हो जाएं। शाम के समय धार्मिक आयोजन में भागीदारी या धार्मिक यात्रा हो सकती है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपका दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रख-रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। राजनीति में बढ़ते जनसंपर्क का लाभ उठाएं। आज यदि संपत्ति या व्यवसाय में निवेश करेंगे तो लाभ मिलेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष राहु और गुरु का कुंभ व मिथुन राशि में संचरण तथा सिंह राशि में केतु की स्थिति आपके जीवन पर मिश्रित प्रभाव डालने वाली है। इस ग्रह दशा के चलते शासक वर्ग और सत्ता से जुड़े लोगों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। मार्च और अप्रैल के दौरान धन व ऐश्वर्य में उल्लेखनीय वृद्धि होने के योग हैं। मई और जून के महीनों में आप अपने विशिष्ट कार्य कौशल के बल पर मनवांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहेंगे। मध्य वर्ष में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जुलाई और अगस्त में अत्यधिक सक्रियता के बावजूद कार्यों में आंशिक विफलता या निराशा हाथ लग सकती है, जो तनाव का कारण बनेगी। सितंबर और अक्टूबर में समय की पाबंदी बेहद आवश्यक है। नवंबर से दिसंबर के बीच अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव करना आपके लिए आर्थिक लाभ का मार्ग प्रशस्त करेगा। आगामी वर्ष 2027 की शुरुआत भी शुभ संकेतों के साथ होगी। जनवरी से फरवरी के अंत तक सामान्य खर्चों और कुछ शुरुआती झंझटों के बाद आपके सभी रुके हुए कार्य संपन्न हो जाएंगे। विशेष शुभ फल प्राप्ति हेतु मार्च के महीने में पक्षियों के लिए पात्र में जल रखने और नियमित चुग्गा डालने का सुझाव दिया गया है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 21, शक संवत 1947, चैत्र कृष्णा, नवमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 29, रमजान 22, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 12 मार्च 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। नवमी तिथि अगले दिन सुबह 6 बजकर 30 मिनट तक के बाद दशमी तिथि का आरंभ। मूल नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 44 मिनट तक के बाद पूर्वाषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। सिद्धि योग सुबह 9 बजकर 59 मिनट तक के बाद व्यतीपात योग का आरंभ। तैतिल करण शाम 6 बजकर 25 मिनट तक के बाद वणिज करण का आरंभ। आज के व्रत त्योहार शीतलाष्टमी व्रत।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | 7 | 2 |
| 5 | | 2 | 6 | | | | | |
| | | 6 | | 8 | | 1 | 9 | |
| | | | | 1 | | | 5 | |
| | | 8 | 7 | | 3 | 2 | | |
| | 9 | | | 2 | | | | |
| | 3 | 5 | | 6 | | 7 | | |
| | | | | | 5 | 8 | | 3 |
| 4 | 6 | | | | | | | 1 |

### TELEVISION





big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बंदबुध बुड़बक
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भ से भड़े
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 11 मार्च 2026


> मानव जाति को युद्ध का अंत करना होगा, नहीं तो युद्ध उसका अंत कर देगा। - *जॉन एफ. कैनेडी*

## गहराता संकट

**डॉनल्ड ट्रंप** ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। वह क्रूड ऑयल से जुड़े कुछ प्रतिबंध भी हटाने को तैयार हैं। उनकी दरियादिली का असर मंगलवार को क्रूड ऑयल के दाम पर दिखा, जो 120 डॉलर प्रति बैरल के दाम से घटकर 90 डॉलर के नीचे पहुंच गया है। ट्रंप के बयान सकारात्मक हैं और तेल के दाम का नीचे आना सुखद, लेकिन संकट बना हुआ है।

**IEA की अपील ।** इस युद्ध की वजह से दुनिया के कई हिस्सों में तेल की किल्लत होने लगी है। इसी वजह से इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) ने प्रमुख देशों से अपने रणनीतिक तेल भंडार खोलने की अपील की है, ताकि कमी की भरपाई की जा सके। हालांकि भारत ने इस अपील को ठुकरा दिया है, क्योंकि उसकी अपनी ऊर्जा जरूरत बहुत बड़ी है। अभी कहना बहुत मुश्किल है कि तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई चेन पूरी तरह से कब तक बहाल होगी। ऐसे में किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयारी रखना बहुत जरूरी है।



ESMA लागू

**तेल पर भरोसा ।** भारत क्रूड ऑयल के आयात में विविधता लेकर आया है। इसकी वजह से अभी तक देश में तेल का कोई संकट नहीं दिखा। सरकार भी भरोसा दिला रही है कि पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी, लेकिन रसोई गैस के मामले में परेशानी बढ़ती दिख रही है। सरकार ने इसी वजह से आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ESMA) लागू किया है ताकि जमाखोरी रोकी जा सके और आपूर्ति निर्बाध रहे।

**गैस की कमी ।** देश में 33 करोड़ से ज्यादा घरेलू LPG कनेक्शन हैं और सरकार की प्राथमिकता है कि इनकी जरूरत पूरी होती रहे। हालांकि कर्मशल LPG की कमी की खबरें आ रही हैं। इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा होटल-रेस्तरां सेक्टर पर। सरकार ने विकल्पों पर काम शुरू कर दिया है, पर उसमें तेजी की जरूरत है। दिक्कत यह है कि तेल की तरह गैस के लिए भी भारत आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर है। लगभग 60% LPG बाहर से मंगानी पड़ती है। ऑयल रिफाइनरियों को प्रॉडक्शन बढ़ाने के लिए कहा गया है, लेकिन अगर बाहर से सप्लाई सुचारू नहीं होती है, तो जरूरत को पूरा करना काफी मुश्किल होगा।

**सौदे में स्वतंत्रता ।** ईरान युद्ध ने एक बार फिर से ग्लोबल सप्लाई चेन की कमजोरी को सामने ला दिया है। सभी को अंदेशा था कि संघर्ष की सूरत में क्या हो सकता है, लेकिन उसकी तैयारी नहीं की जा सकी। अब तो और भी जरूरी है कि भारत अपनी तेल-गैस जरूरत के मामले में रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रखे।

### नाभि में तीर

## सभाओं में राज्यसभा!

**अगर द्वापर** युग में लोकसभा और राज्यसभा जैसे सदन होते, तो कुरुक्षेत्र में गीता ज्ञान देते समय अर्जुन से भगवान कृष्ण अवश्य कहते, 'हे पार्थ, मैं सभाओं में राज्यसभा हूं...!' राज्यसभा की महिमा है ही इतनी बड़ी। उसे यूं ही उच्च सदन नहीं कहा जाता। हालांकि राजनीति के कई मर्मज्ञ इसे 'बैक डोर' भी कह देते हैं। कई बार जब जनता नकार देती है, तो चतुर राजनीतिज्ञ राज्यसभा की पतली पगडंडी पकड़ लेते हैं। यह पगडंडी हर किसी की पकड़ में नहीं आती। बड़ी रस्साकसी चलती है। इस रस्साकसी में विजयी होने पर ही राह मिल पाती है। एक बार राह मिल गई, तो नेता जी की पौ बारह हो गई। तब नेता जी उच्च सदन की ओर ऐसी दौड़ लगाते नजर आते हैं कि देखने वाले दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर हो जाते हैं। बुजुर्ग से बुजुर्ग नेता भी एक ही सांस में उच्च सदन की सीढ़ियां पार कर जाते हैं!



हरि मृदुल

लेकिन, राज्यसभा बुजुर्ग नेताओं या उनकी ही शरणस्थली नहीं जो चुनाव लड़ते-लड़ते पस्त पड़ चुके हैं, कई युवा नेता भी यहां विराजित होते देखे जाते हैं। अगर कोई युवा नेता मंद-मंद मुस्काता हुआ राज्यसभा में विराजमान है, तो समझिए कि वह अपने कॉलेज के दिनों में गणित जैसे मगजमारी वाले विषय में सौ में सौ नंबर लाता रहा होगा। बिना सियासी जोड़-घटा-गुणा-भाग में पारंगत हुए कोई युवा यहां आ ही नहीं सकता।



पिछले दिनों राज्यसभा जाने के लिए क्या तो युवा और क्या ही बुजुर्ग, सभी आयु-वर्ग के नेताओं ने जोर आजमाइश की। अपने-अपने आलाकमान को मनाया। लाभ-हानि का मसौदा सामने रखा। किस्म-किस्म के समीकरण फिट किए। उम्मीदवारी के लिए एड़ी-चोटी तक का जोर लगा दिया। आलाकमान की एड़ी तब तक नहीं छोड़ी, जब तक आश्वासन नहीं मिल गया कि उसे ही उम्मीदवार बनाया जाएगा। लेकिन यह क्या कि दिल के अरमां आंसुओं में बह गए। ऐन वक्त पर पत्ता काट दिया गया। भई, यह तो समझने की बात है कि उच्च सदन की राजनीति है, तो धोखे का स्तर भी उच्च ही होगा।

### एकदा

संकलन : ललित गर्ग

## अहंकार पर जीत

**विश्व-विजेता** सिकंदर जब फारस के राजा दारा को पराजित कर जीत के भाव से नगर में प्रवेश कर रहा था, तब उसके स्वागत में हजारों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े जय-जयकार कर रहे थे। इससे सिकंदर के मन में अपनी वीरता पर गर्व जाग उठा। इसी दौरान कुछ फकीर साधारण वेशभूषा में चले आ रहे थे। उन्होंने न तो रुककर अभिवादन किया और न ही सिकंदर की ओर ध्यान दिया। यह देखकर सिकंदर को झटका लगा। उसने सैनिकों को आदेश दिया कि उन्हें पकड़कर उसके सामने लाया जाए। सिकंदर ने कठोर स्वर में कहा, 'क्या तुम्हें पता नहीं कि मैं विश्व-विजेता सिकंदर हूं?' फकीरों में से एक शांत भाव से बोला, 'हमारे लिए तुम भी एक साधारण मनुष्य ही हो।' सिकंदर ने गर्व से कहा, 'मैंने संसार को जीत लिया है।' फकीर मुस्कुराया और बोला, 'यदि तुमने संसार जीत लिया है तो भी तुम अपनी तृष्णा के दास हो। हमने उस तृष्णा को ही जीत लिया है। जो अपनी इच्छाओं का दास है, वह सच्चा विजेता कैसे हो सकता है?' फकीर के शब्दों ने सिकंदर को भीतर तक झकझोर दिया। उसे समझ में आ गया कि वास्तविक विजय संसार को जीतने में नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं और अहंकार पर विजय पाने में है।

Subrata Dhar



# क्या US यह लड़ाई कभी जीत भी पाएगा

## ईरान की सत्ता एक अयातुल्लाह के भरोसे नहीं टिकी, जो ट्रंप बदल देंगे



शैलेंद्र पांडेय

**इसे डॉनल्ड** ट्रंप की मासूमियत कह लीजिए या फिर नादानी कि उन्हें डिप्लोमेसी की मान्य भाषा नहीं आती। वह शब्दों को मर्यादा के कपड़े नहीं पहनाते, बस ऐसे ही मैदान में छोड़ देते हैं। करीब दो महीने पहले उन्होंने ईरान के लोगों को हिम्मत बंधाते हुए कहा था - मदद रास्ते में है। तब तेहरान की सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे तमाम लोगों के लिए ट्रंप उम्मीद का चेहरा बन गए थे। हालांकि ऐसा कोई वादा नहीं, जिसे तोड़ा न जा सके। तो वह 'मदद' पहुंची ही नहीं।

**आम लोगों को नुकसान ।** अब जब अमेरिका-इस्राइल की मिसाइलें पूरे ईरान में फट रही हैं, तब ट्रंप ने ईरानियों के लिए अपने शब्दों को बदल दिया है - सत्ता अपने हाथ में ले लीजिए। लेकिन कैसे? अयातुल्लाह अली खामेनेई और कथित परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने से शुरू हुई बमबारी के लक्ष्य अब तेल ठिकाने और पानी के प्लांट हैं। ईरान की सैन्य क्षमता को तो नुकसान पहुंच ही रहा है, पर क्षति वहां की जनता को भी उठानी पड़ रही है।

**अमेरिका का भ्रम ।** पश्चिम एशिया में अमेरिका का हर अडवेंचर अभी तक मिस-अडवेंचर साबित हुआ है। ईरान में रेजीम बदलने की ट्रंप की ख्वाहिश पूरी होना इसलिए मुश्किल नहीं है क्योंकि इतिहास उनके खिलाफ खड़ा है, बल्कि इसलिए क्योंकि इतिहास-भूगोल तेहरान के साथ है। वॉशिंगटन ने हमेशा यह भ्रम बनाए रखने का प्रयास किया कि तेहरान की सत्ता म त ल ब अली खामेनेई।

**समाज में विविधता ।** इस्लामिक क्रांति के बाद बतौर सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सबसे शक्तिशाली बनकर उभरे, लेकिन उन्होंने ऐसा स्ट्रक्चर भी खड़ा किया, जो उनके बाद भी चलता रहे। सत्ता, सेना और समाज - ये तीन स्तंभ मुख्य हैं। विविधताओं से भरे इस देश में सबसे बड़ी आबादी, करीब 61% फारसी लोगों की है। फिर अजरबैजानी, कुर्द, लूर, अरब वगैरह हैं। केवल यह समझना कि ईरान एक शिया मुस्लिम देश है और लोग इस्लामिक क्रांति के बाद आई कट्टरता के चलते व्यवस्था के विरोध में खड़े हो गए - मामले का सरलीकरण होगा।

**काउंसिल और असेंबली ।** ईरान में दो व्यवस्थाएं समानांतर चलती हैं - धार्मिक और राजनीतिक। इनमें तालमेल बैठाने और सत्ता में इस्लामिक मूल्यों को लाने के लिए गार्जियन काउंसिल और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स जैसी संस्थाएं हैं। गार्जियन काउंसिल के सदस्यों को धर्मगुरु और न्यायपालिका की सिफारिश से सांसद चुनते हैं। इसी तरह असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के 88 सदस्य चुने जाते हैं जनता के वोट से। इनका ढांचा ऐसा है कि सुप्रीम लीडर नहीं होते हैं, तो भी काम जारी रहे, जैसा अभी हो रहा है।

**IRGC की ताकत ।** इस व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी है इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की, जिसे इस्लामिक क्रांति के बाद सेना से अलग केवल इसी काम के लिए खड़ा किया गया था। IRGC के पास तेल और गैस फील्ड हैं, इसकी कंपनी Khatam al-Anbiya Construction Headquarters पूरे देश में कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम करती है।

**लोकतंत्र पर हमला ।** किसी भी तरह का हवाई हमला इतने कॉम्प्लेक्स सिस्टम को तोड़ नहीं सकता और व्यवस्था में बदलाव तब तक संभव नहीं है, जब तक वहां के लोग न चाहें। आखिरकार आज ईरान जिस स्थिति में है, उसके लिए अमेरिका ही जिम्मेदार है। ईरान की परेशानी 1979 की इस्लामी क्रांति से नहीं शुरू हुई। वह शुरू हुई 1953 से, जब अमेरिका ने दखल देकर मोहम्मद मोसादेग की चुनी हुई सरकार का तख्तापलट करा दिया और फायदे के लिए शाह को गद्दी पर बैठाया।


**पुरानी अमेरिकी नीति ।** Monroe Doctrine से लेकर हालिया दखल तक - अमेरिका जब भी कहीं कूदा है, तो बस अपने फायदे के लिए। उसके Banana Wars ने कभी लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों को CIA की प्रयोगशाला बना दिया था, जिसका असर आज तक दिखता है। वही चीज पश्चिम एशिया में हो रही है। ट्रंप जितने मुंहफट हैं, आज नहीं तो कल वह इसे भी मान लेंगे।



**बदलाव मुश्किल**

- जटिल धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था मौजूद
- मुश्किल में क्या होगा, इसके रास्ते पहले से तय
- अमेरिका ने ही छीना था ईरान से उसका लोकतंत्र

## पश्चिम एशिया में इस्राइल और ब्रिटेन का खेल, अमेरिका तो बीच में फंस गया



आशीष शुक्ला

**अमेरिका-इस्राइल और** ईरान युद्ध को लेकर कुछ बातें अब स्पष्ट हैं - अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद सिविलियन सरकार और IRGC में कश्मकश है। इस्राइल अब लेबनान पर हाथ साफ कर रहा है और होर्मुज स्ट्रेट को लेकर पूरी दुनिया आशंकाओं से घिरी है। क्रूड ऑयल के दाम इसी वजह से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए और फिर गिर भी गए। इस्राइल के हवाई अड्डों से जहाज फिर से उड़ने लगे हैं। क्या इस युद्ध को अब खत्म हुए समझें?

**ट्रंप की नाराजगी ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप कह रहे हैं कि वह एक तरह से जीत गए हैं। लेकिन साथ में यह भी कहा है कि लड़ाई अभी खिंच सकती है। आखिर ईरान के बाद उन्हें किससे युद्ध करना है? इस्राइल और ग्रेट ब्रिटेन, दुनिया की नि गा ह में अमेरिका के दो जुड़वां भाई हैं। ट्रंप को लगता है कि ये दोनों उनके मिशन में अड़ंगा डाल रहे। ट्रंप वाकई में पश्चिम एशिया में शांति चाहते थे। उन्होंने बोर्ड ऑफ पीस का गठन किया और इसमें इस्राइल को साथ लिया।

**ब्रिटेन की चाल ।** गाजा के पुनर्निर्माण के लिए ईरान को छोड़कर लगभग पूरा पश्चिम एशिया उनके साथ था। ईरान के साथ परमाणु हथियारों को लेकर बात चल रही थी। ट्रंप ने सोचा था कि अगर ईरान करार कर लेता है, तो इस्राइल के पास हर किसी से लड़ने का कोई कारण नहीं रहेगा। अमेरिका को कभी यूक्रेन, कभी ईरान में घसीटा जाता है। ट्रंप के पूर्ववर्ती इस खेल में शामिल रहे, पर वह इसके लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें लगता है कि ब्रिटेन अमेरिका को आगे रखकर पश्चिम एशिया में अराजकता फैला रहा है।

**तेल का खेल ।** वॉशिंगटन और लंदन इस रीजन को अस्थिर रखने में क्यों विश्वास रखते थे, इस्राइल को आखिर हर किसी से क्यों भिड़वाना था? पहला कारण तो यह कि बिना तेल के दुनिया चल नहीं सकती। अगर तेल और उसके समुद्री मार्ग आपके नियंत्रण में हैं तो समझिए दुनिया आपके नियंत्रण में है। इसी वजह से कभी शिया-सुन्नी, कभी यहूदी-फलस्तीनी मसलों को तूल दिया जाता रहा। ISIS हो या मुस्लिम ब्रदरहुड, हिजबुल्लाह या फिर हूती - हर कोई पैसों से चलता है। मंशा है कि सब बंटे रहें। उपनिवेशवाद ऐसे ही फैला था - बांटो और राज करो।

**बढ़ता कर्ज ।** हालांकि ट्रंप इस खेल के लिए तैयार नहीं। उनको लगता है कि इसकी वजह से अमेरिका कर्ज के बोझ में दब गया है। बदनामी US की होती है और फायदा ब्रिटेन का। ट्रंप अमेरिका को इस चाल से मुक्त करना चाहते हैं। इस थिअरी के पीछे कुछ स्पष्ट वजहें हैं। ईरान में अमेरिकी Tomahawk मिसाइल से लगभग 150 स्कूली बच्चों की मौत हो गई। ट्रंप ने कहा कि यह मिसाइल आज दुनिया में हर कोई खरीदता है, यानी हथियार हमारा और हाथ किसी और का। अली खामेनेई की हत्या में भी किसी अंदर वाले का ही हाथ बताया जा रहा है। एक और वजह, इस्राइल ने ईरान के तेल ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे अमेरिका नाराज है।

**ब्रिटेन हुआ बेनकाब ।** युद्ध शुरू होने पर ट्रंप ने ब्रिटेन से डिएगो गार्सिया की हवाई पट्टी मांगी थी, ताकि वहां से ईरान पर हवाई हमले किए जा सकें। ब्रिटेन ने इनकार कर दिया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब ब्रिटेन किसी लड़ाई में अमेरिका के साथ नहीं खड़ा। ट्रंप ने ब्रिटिश अखबारों से कहा कि मैं इसे याद रखूंगा। अब जब युद्ध खत्म होता दिख रहा है, तो ब्रिटेन ने सहयोग करने की बात कही पर इस बार ट्रंप ने यह कहते हुए मना कर दिया कि अब तो हम जीत गए हैं।

**रूस-चीन की चुप्पी ।** अगर यह युद्ध असल में अमेरिका और ब्रिटेन की भिड़ंत है तो ट्रंप के दोनों बयान ठीक हैं। पहला बयान, हम युद्ध करीब-करीब जीत गए हैं, यानी ट्रंप ने ईरान को ठिकाने लगा दिया है। दूसरा बयान, यह युद्ध अभी खिंच सकता है, यानी जो ताकतें पश्चिम एशिया को अस्थिर रखना चाहती हैं वे कोई नया दांव खेल सकती हैं ताकि ट्रंप इस जाल में उलझे रहें और नवंबर में मिड-टर्म चुनाव हार जाएं। अगर अमेरिका के कट्टर दुश्मन रूस और चीन शांत हैं, तो इसका मतलब उनको विश्वास है कि ट्रंप पश्चिम एशिया को स्थिर करना चाहते हैं। खाड़ी के देश भी पलटवार नहीं कर रहे। हर कोई इस नासूर का अंत चाहता है।

*(लेखक जियोपॉलिटिकल एक्सपर्ट हैं)*


**ट्रंप भी मजबूर**

- खाड़ी देशों में तेल के लिए शुरू हुई थी लड़ाई
- US को आगे रख ब्रिटेन ने उठाया फायदा
- रीजन में स्थिरता चाहते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

### छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

## बदली हुई ज़िंदगी की बस्ती नवजीवन नवनगर

*महाराष्ट्र में गढ़चिरौली के नवेगांव के पास मुरखला की 'नवजीवन नवनगर' बस्ती बदलाव की मिसाल बन गई है। आत्मसमर्पण करने वाले 60 नक्सली परिवार यहां रहते हैं और कोई बेरोजगार नहीं है। कभी हिंसा से जुड़ा इलाका अब मेहनत और उम्मीद की पहचान है।*




**रोजगार से बदले हालात**

**बस्ती के** लोगों ने अलग-अलग काम शुरू कर अपनी जिंदगी को नई दिशा दी। कभी नक्सली रहे 5 लोग निर्माण ठेकेदार बन गए हैं, 10 ने अपना कारोबार शुरू किया, 100 लोग खेती करने लगे, तो 20 प्रशिक्षण लेकर राजमिस्त्री बन गए। कुछ लोग ड्राइविंग और दर्जी का काम कर रहे हैं। कई लोग होमगार्ड बने हैं।

**प्यार के लिए नई शुरुआत**

**बस्ती में** बच्चों की पढ़ाई पर खासा ध्यान है। एक पूर्व नक्सली की बेटी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। कुछ लोगों की जिंदगी की कहानी भी बदलाव दिखाती है। सूरज उर्फ धनाऊ हुर्रा को जब संगठन ने मर्जी से शादी की अनुमति नहीं दी, तो उसने नक्सल गतिविधि छोड़ दी।

- अभिषेक मिश्र

**जनता जंक्शन** — इरफ़ान




## राज्यों पर असर डालेगी संसद की कहानी

पूनम पाण्डे

**बजट सत्र** के दूसरे चरण का पहला दिन विरोध और नारेबाजी की भेंट चढ़ गया। लेकिन जिस तरह पक्ष और विपक्ष दोनों ने सदन के अंदर से लेकर बाहर तक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की उससे पता चल गया कि नैरेटिव वॉर शुरू हो चुका है। 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष संसद में सरकार को लोगों से जुड़े मुद्दे पर घेरना चाह रही है, तो सरकार उसे अपने सियासी फायदे में भुनाने की कोशिश कर रही है।



**विशुद्ध राजनीति — कसौटी**

### पक्ष-विपक्ष दोनों हमलावर

सदन में सरकार और विपक्ष दोनों एक दूसरे पर कामकाज नहीं होने का आरोप लगा रहे हैं। सोमवार को पीठासीन सभापति ने कहा कि संसद की कार्यवाही में हर मिनट ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं। इस लिहाज से रोज का नौ करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। विपक्षी दल जनता के पैसे का नुकसान कर रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी परोक्ष रूप से गांधी परिवार पर निशाना साधा। सरकार विपक्ष को नकारात्मक मानसिकता वाला बताना चाह रही है। सरकार कह रही है कि अब विपक्षी दल लोकसभा अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से भाग रहे हैं। सत्तासीन नेता तो विपक्ष पर हिट ऐंड रन की राजनीति का आरोप लगा रहे हैं। उनका दावा है कि मुद्दा कमजोर होने की वजह से विपक्ष ऐसा कर रहा है। मगर विपक्ष का अपना नैरेटिव है। संसद के मकर द्वार पर बैठे विपक्षी दलों के नेता विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पहले चरण में सरकार को विदेश नीति पर घेरने वाली विपक्षी पार्टियां अब पश्चिम एशिया पर सवाल पूछ रही हैं।

विपक्ष दलों के नेता लगातार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर बोलने नहीं देने का आरोप लगाते रहे हैं। बजट सत्र के पहले चरण में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तक लाया गया और बिरला को पद से हटाने का नोटिस दिया गया। सोमवार को उसी पर चर्चा होनी थी। मगर, विपक्ष पश्चिम एशिया पर चर्चा की मांग करने लगा। BJP ने प्रस्ताव में दम नहीं होने की बात कहकर विपक्ष को घेरा।

### ट्रेड डील पर आरोप

फिर मंगलवार को जब बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई, तो कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने वे सब बातें कह डालीं, जो बजट सत्र के पहले चरण में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संसद में उठाना चाहते थे। गोगोई ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब में कही बात 'जो उचित समझो, वो करो' से लेकर एपस्टीन फाइल तक की बातें कहीं। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने US-भारत ट्रेड डील पर आरोप लगाते हुए नेतृत्व पर भी सवाल उठाए। सत्ता पक्ष भी अपना नैरेटिव मजबूत करता दिखा। पक्ष-विपक्ष के इस नैरेटिव वॉर का असर सदन के भीतर से बाहर तक दिखेगा। जनता किस पर भरोसा जताती है, ये तो आने वाला वक्त बताएगा। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु में चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद संसद का नैरेटिव वॉर इन राज्यों में भी दिखेगा।

**THE SPEAKING TREE**

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

## परोपकार में छिपा है सुखी जीवन का मूल मंत्र

योगेंद्र माथुर

**पुण्य की** आकांक्षा मनुष्य के स्वभाव का एक स्वाभाविक भाव है। भारतीय सनातन संस्कृति में इसके अनेक मार्ग बताए गए हैं। सद्कर्मों के साथ-साथ पूजा-अर्चना, स्नान-दान, जप-तप, यज्ञ-हवन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान ऐसे साधन हैं, जिनसे मनुष्य आत्मिक उन्नति और पुण्य की प्राप्ति का प्रयास करता है। दूसरों का हित करना श्रेष्ठ धर्म है और दूसरों को पीड़ा देना सबसे बड़ा अधर्म।

यदि हम प्रकृति की ओर देखें तो वहां भी हर तरफ परोपकार की भावना दिखाई देती है। सूर्य निरंतर प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करता है, चंद्रमा अपनी शीतलता से संसार को शांति देता है। बादल वर्षा के माध्यम से धरती को जीवनदायी जल से सिंचित करते हैं। परोपकार शब्द 'पर' और 'उपकार' से मिलकर बना है। 'पर' यानी दूसरा और 'उपकार' मतलब भलाई करना। इस प्रकार परोपकार का सीधा अर्थ है- दूसरों की भलाई। हमें सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। दान देते समय यह भावना नहीं होनी चाहिए कि हम किसी पर उपकार कर रहे हैं। धन्य वह नहीं होता जो पाता है, बल्कि वह होता है जो देता है। जब हम किसी की सहायता करते हैं, किसी दुखी व्यक्ति का सहारा बनते हैं, तो हमारे भीतर संतोष और आनंद की अनुभूति होती है। यह आंतरिक खुशी किसी भी भौतिक उपलब्धि से अधिक मूल्यवान है। इसलिए निष्काम भाव से परोपकार की भावना मनुष्य को श्रेष्ठ बनाती है और उसके जीवन को सार्थकता प्रदान करती है।

आर.एन.आई. नं. 510/57 © सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित तथा **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद** और प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर M-11, ट्रांसपोर्ट हब, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप, मानेसर, हरियाणा से मुद्रित। फोन: 23302000 फैक्स: 23492047, पंजीकृत कार्यालय: दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क: 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य: सोमवार से शनिवार: नेपाली 5 रु.; रविवार: नेपाली 6 रु.। संपादक (दिल्ली मार्केट): आशीष पांडे (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 03-10-2026 22:55 Color:

NBT Delhi Times OF INDIA masala mix

WEDNESDAY, MARCH 11, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE

**शिल्पा शेट्टी को बॉम्बे हाई कोर्ट से पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षा मिली**



# 'मैं जिद्दी थी, लेकिन अपने फैसलों पर कायम हूं'



@kajol

काजोल

काजोल ने हाल ही अपने 34 साल लंबे करियर और आने वाले प्रोजेक्ट्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने गुप्तः द हिडन ट्रुथ में निगेटिव किरदार निभाने और अपने करियर के पीक पर फिल्मों से ब्रेक लेने के फैसले का जिक्र किया। काजोल ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं बहुत जिद्दी और थोड़ी बेवकूफ थी, लेकिन किस्मत से मैं सही साबित हुई। मैं देखती हूं कि बहुत सी महिलाएं भी अपने जीवन में ऐसे फैसले लेती हैं, लेकिन उन्हें इसके लिए कोई पुरस्कार नहीं मिलता। मैंने हमेशा अपने फैसले खुद लिए हैं और मैं उन पर आज भी कायम हूं। मुझे खुशी है कि लोगों ने मेरी अलग सोच को भी स्वीकार किया। मुझे लगता है कि जितनी मेरी सफलता है, उसमें मेरी अलग सोच का अहम रोल है।'



फिल्म गुप्त का एक दृश्य

### अभी कोई नया प्रोजेक्ट साइन नहीं किया

अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बात करते हुए काजोल ने बताया कि फिलहाल उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट साइन नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इन दिनों कई स्क्रिप्ट सुन रही हूं। दो-तीन प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिन पर बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।' उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म साइन करते वक्त वह सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि इस बात पर भी ध्यान देती हैं कि वह किन लोगों के साथ काम करेंगी। बकौल काजोल, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि जिन लोगों के साथ मैं काम करूं, उनसे जुड़ाव महसूस कर सकूं और उनसे बात कर सकूं। फिल्म की शूटिंग के दौरान आपको लगभग 50 दिन साथ बिताने पड़ते हैं और अगर आपको वे लोग पसंद नहीं हैं, तो वही 50 दिन 500 दिनों जैसे लग सकते हैं।' काम की बात करें तो काजोल पिछली बार निर्देशक कायोजे ईरानी की फिल्म सरजमीन में नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान भी अहम भूमिकाओं में थे।

> मैं इन दिनों कई स्क्रिप्ट सुन रही हूं। दो-तीन प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिन पर बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।

# 'जेलर 2' में पुलिस ऑफिसर बनेंगे शाहरुख!



फिल्म जवान में भी पुलिस ऑफिसर बने थे शाहरुख

चर्चित फिल्म जेलर के सीक्वल 'जेलर 2' को लेकर नई जानकारी सामने आई है। रजनीकांत की इस फिल्म में शाहरुख खान एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार छोटा लेकिन अहम कैमियो होगा।

फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल शाहरुख खान से जुड़े हिस्से ही फिल्माए जाने बाकी हैं। खबरों के मुताबिक शाहरुख को अपने हिस्से की शूटिंग शुरू करनी है जो करीब सात से आठ दिन में पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद फिल्म की लगभग पूरी शूटिंग हो जाएगी। गौरतलब है कि 2023 में आई फिल्म जेलर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी और दुनिया भर में करीब 650 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इसके दूसरे भाग में राम्या कृष्णन भी अहम भूमिका निभा रही हैं। वह इसमें रजनीकांत की पत्नी विजया (विजी) का किरदार निभा रही हैं।



# बेटी के पैरेंट्स बने लिन और रणदीप



@randeephooda

रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी लिन लैशराम एक बेटी के माता-पिता बन गए हैं। रणदीप ने सोशल मीडिया पर अपनी बेटी की पहली झलक साझा की। इसमें रणदीप के पिता अपनी पोती को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। रणदीप ने इसके साथ लिखा कि उनकी बेटी का जन्म उसी दिन हुआ है, जिस दिन उनके पिता का जन्मदिन है।



रणदीप हुड्डा के पिता और बेटी

---

## THE ECONOMIC TIMES


## फटाफट खबरें

### रेकॉर्ड गिरावट के बाद रुपया मज़बूत

**पीटीआई, मुंबई :** रेकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के बाद मंगलवार को रुपये ने डॉलर के मुकाबले जोरदार वापसी की है। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद और कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट की वजह से रुपया 36 पैसे मजबूत होकर 91.85 पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक डॉलर के मुकाबले रुपये का भाव 92.01 रहा। सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर (92.21) पर बंद हुआ था।

### चांदी में 10,975 रुपये की उछाल

**पीटीआई, नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमतों में 10,975 रुपये का उछाल आया। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के मुताबिक, चांदी 10,975 रुपये (4.09%) की भारी बढ़त के साथ 2,79,275 रुपये प्रति किलो (टैक्स सहित) पर बंद हुई। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये (0.24%) महंगा होकर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (टैक्स सहित) पर पहुंच गया।



### बढ़ रही टीनेज राइड की डिमांड

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** महानगरों में बच्चों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर चिंता और मांग दोनों तेजी से बढ़ रही हैं। उबर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा 'टीनेज राइड' दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे में बुक की गईं। कंपनी ने इस सुविधा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में की थी, और अब यह देश के 37 शहरों में उपलब्ध है। उबर के इंडिया और साउथ एशिया सेफ्टी ऑपरेशंस हेड सूरज नायर ने बताया कि 13 से 17 साल के किशोरों के लिए शुरू की गई इस सर्विस में अभिभावकों को रियल-टाइम जीपीएस ट्रैकिंग, ऑटो ट्रिप-शेयरिंग और रूट में किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत अलर्ट जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।

# कच्चे तेल में नरमी से बाज़ार में लौटी जान

## कच्चा तेल 11% से ज्यादा गिरकर 88 डॉलर/बैरल से नीचे, सेंसेक्स-निफ्टी में करीब 1% की बढ़त

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म हो सकने के बारे में अमेरिकी प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के बयान ने क्रूड ऑयल से लेकर शेयर बाजार तक का सेंटिमेंट बदल दिया। करीब 4 साल बाद सोमवार को 100 डॉलर के पार जाने वाला और 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब तक पहुंचने वाला क्रूड ऑयल मंगलवार को उतनी ही तेजी से नीचे आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 11.5% गिरावट के साथ कच्चे तेल का भाव 88 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने का असर शेयर बाजार में दिखा। दो दिनों से चल रहा गिरावट का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1% बढ़कर बंद हुए।

सेंसेक्स 639.82 अंक चढ़कर 78,205.98 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78526.25 तक चला गया था। निफ्टी 50 में 233.55 अंकों की बढ़त रही। यह 24,261.60 पर रहा।

कोटक सिक्योरिटीज की AVP कायनात चैनवाला ने कहा, 'ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध जल्द खत्म होने का संकेत दिया। इससे क्रूड ऑयल की सप्लाई में बाधा लंबे समय तक बने रहने का डर घटा और भाव नीचे आ गए। G7 देशों ने भी पेट्रोलियम के अपने रणनीतिक भंडारों से कच्चा तेल जारी करने का संकेत दिया था। इसका भी असर हुआ। हालांकि अब उन्होंने इस योजना को टाल दिया है।'

मार्केट सेंटिमेंट सुधरने के बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति, ICICI बैंक और एशियन पेंट्स जैसे सेंसेक्स के टॉप शेयरों में बढ़त रही। वहीं, एटर्नल, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल में गिरावट रही।

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, 'क्रूड ऑयल के भाव में तेज गिरावट के बाद ग्लोबल सेंटिमेंट में सुधार हुआ और इसकी झलक दलाल स्ट्रीट पर भी दिखी। हालांकि वोलैटिलिटी का पता बताने वाला इंडिया VIX अब भी अनिश्चितता बनी रहने का संकेत दे रहा है। बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन मिड कैप और स्मॉल कैप्स का रहा। वहीं, फर्टिलाइजर सेक्टर के लिए गैस आवंटन में प्राथमिकता दिए जाने के सरकारी कदम के बाद फर्टिलाइजर स्टॉक्स में तेजी दिखी।'

AI Image




### आगे क्या होगा?

जियोजित के विनोद नायर ने कहा, 'मार्केट्स में अभी अनिश्चितता बनी रह सकती है। निवेशकों की नजर भू-राजनीतिक तनाव घटने के संकेतों पर है। तस्वीर ज्यादा साफ होने पर उन सेक्टरों में वैल्यू बाइंग दिख सकती है, जिन पर हालिया उतार-चढ़ाव से सबसे ज्यादा असर पड़ा है।' चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट आकाश शाह ने कहा, 'कारोबार के दौरान अधिकांश समय निफ्टी में पॉजिटिव रुझान रहा, हालांकि बाद में कुछ बढ़त हाथ से निकल गई। टेक्निकली 24,100–24,150 जोन पर सपोर्ट मिल सकता है। 24,400–24,450 रेंज के पास रेजिस्टेंस दिख रहा है।'

### शेयर मार्केट में रौनक

- **सेंसेक्स:** 639.82 अंक, 0.82% की बढ़त
- **निफ्टी:** 233.55 अंक, 0.97% की बढ़त
- **ब्रेंट क्रूड:** 88 डॉलर प्रति बैरल (11.5% की गिरावट)।
- **स्मॉलकैप इंडेक्स** : 1.91% की तेजी
- **मिडकैप** इंडेक्स : 1.71% की तेजी
- **ऑटो** : 2.93%
- **कंस्यूमर** ड्यूरेबल्स: 2.60%
- **सर्विसेज:** 2.35%
- **PSU बैंक** : 2.29%
- **प्राइवेट बैंक:** 1.72%

### LPG की किल्लत का इन स्टॉक्स पर असर

फूड डिलीवरी और रेस्टोरेंट कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। इसकी बड़ी वजह बाजार में कमर्शल LPG सिलेंडरों की किल्लत की खबर रही। फूड डिलीवरी कंपनी Swiggy के शेयर 2.26% तक गिर गए। Eternal के शेयरों में 1.50% की कमी आई। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स चलाने वाली कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स के शेयर भी 1.45% नीचे आ गए। इसके अलावा यूनाइटेड फूडब्रैंड्स में 1.42%, सैफायर फूड्स इंडिया में 0.94% और रेस्टोरेंट ब्रैंड्स एशिया में 0.73% की गिरावट देखी गई।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### निवेशकों को रहना होगा सावधान

अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रंप ने युद्ध जल्द खत्म होने का संकेत देने के साथ रूस का नाम लिए बिना यह भी कहा कि वह क्रूड ऑयल की खरीदारी से जुड़े प्रतिबंधों में भी ढील दे सकते हैं। उन्होंने होरमुज की खाड़ी से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अमेरिकी नौसेना को तैनात करने की योजना का जिक्र भी किया। ट्रंप ने भले ही दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट और अमेरिकी कंपनियों को बड़े नुकसान के रिस्क को देखते हुए अपना रुख नरम किया हो, लेकिन युद्ध ऐसे मोड़ पर है, जहां इसके रुकने का फैसला केवल ट्रंप के बयान से नहीं, बल्कि ईरान के रुख से भी तय होगा, जिसके तेवर फिलहाल नरम नहीं दिख रहे। ऐसे में निवेशकों को गिरता हुआ चाकू पकड़ने में सावधानी बरतनी होगी।

# फरवरी में गोल्ड ETF में घटा निवेश : रिपोर्ट

## म्यूचुअल फंड SIP में आई गिरावट, पर इक्विटी फंड ने मारी बाजी

**पीटीआई, नई दिल्ली :** फरवरी के महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेशकों ने जमकर पैसा लगाया। इस दौरान कुल 25,978 करोड़ रुपये का निवेश (इनफ्लो) आया। यह पिछले महीने के मुकाबले 8 प्रतिशत ज्यादा है। लगातार दो महीनों की सुस्ती के बाद निवेश में यह बढ़त देखी गई है। म्यूचुअल फंड संस्था Amfi द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है।

हालांकि, कुल मिलाकर पूरी म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में फरवरी के दौरान 94,530 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो जनवरी के 1.56 लाख करोड़ रुपये से कम है। वहीं, Gold ETF में भी निवेश घटकर 5,255 करोड़ रुपये रह गया। जनवरी में यह 24,040 करोड़ रुपये के रेकॉर्ड स्तर पर था। एक्सपर्ट का कहना है कि सोने-चांदी में हालिया तेजी के बाद अब निवेशक मुनाफा वसूली कर रहे हैं, इसलिए गोल्ड ईटीएफ से पैसा कम हुआ है।

इसके अलावा, फरवरी में SIP के जरिए आने वाले पैसे में मामूली गिरावट आई है। यह जनवरी के 31,000 करोड़ रुपये से घटकर करीब 29,845 करोड़ रुपये रह गया। आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इक्विटी निवेश 25,978 करोड़ रुपये रहा, जो जनवरी के 24,028 करोड़ रुपये से अधिक था।

म्यूचुअल फंड की अलग-अलग स्कीमों में फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे ज्यादा 6,924.65 करोड़ रुपये का निवेश आया। मिड-कैप फंड में 4,003 करोड़ रुपये आए। जनवरी में यह 3,185 करोड़ थे। स्मॉल-कैप फंड में 3,881 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। जनवरी में 2,942 करोड़ का निवेश हुआ था।

AI Image



### कहां कितना निवेश?

- **कुल इक्विटी निवेश** : 25,978 करोड़ रुपये (जनवरी में 24,028 करोड़ रुपये)
- **गोल्ड ईटीएफ** : 24,040 करोड़ (जनवरी) से घटकर 5,255 करोड़ रुपये (फरवरी) रह गया।
- **SIP:** 29,845 करोड़ रुपये (जनवरी में 31,000 करोड़ )
- **फ्लेक्सी कैप फंड** : 6,924.65 करोड़ रुपये
- **मिड-कैप फंड** : 4,003 करोड़ रुपये
- **स्मॉल-कैप फंड** : 3,881 करोड़ रुपये

### बैंकों के डिविडेंड पर RBI की लगाम

**पीटीआई, मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकों द्वारा अपने शेयरधारकों को दिए जाने वाले डिविडेंड (मुनाफे का हिस्सा) पर एक सीमा तय कर दी है। वित्त वर्ष 2026-27 से बैंक अपने 'टैक्स काटने के बाद वाले मुनाफे' (PAT) का अधिकतम 75 प्रतिशत ही डिविडेंड के रूप में बांट सकेंगे। आरबीआई ने मंगलवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए। नए नियमों के मुताबिक, बैंक तभी डिविडेंड दे पाएंगे जब उनके पास पर्याप्त पूंजी मौजूद हो। डिविडेंड देने के बाद भी बैंक की पूंजी तय सीमा से कम नहीं होनी चाहिए।

इसके अलावा, भारत में ब्रांच के तौर पर काम करने वाले विदेशी बैंकों के लिए भी नियम बनाया गया है। विदेशी बैंक अपने हेड ऑफिस को मुनाफा तभी भेज सकेंगे, जब उस दौरान उनका 'प्रॉफिट आफ्टर टैक्स' (PAT) पॉजिटिव में होगा।

## कैबिनेट ने बदलावों को मंज़ूरी दी

# पड़ोसियों के लिए भारत ने क्यों ढीले किए FDI के नियम?

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

AI Image



NBT Explainer

**नई दिल्ली :** भारत सरकार ने चीन समेत थल सीमा से जुड़े पड़ोसी देशों से होने वाले फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (FDI) के नियमों में बड़ी ढील दी है। 2020 के गलवान विवाद के बाद कड़े किए गए नियमों में यह पहली बड़ी पहल है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह कदम उठाया गया। इसके तहत अप्रैल 2020 में बनाई गई प्रेस नोट 3 (PN3) की व्यवस्था में बदलाव को मंजूरी दी गई है। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बताया गया है कि 'इस बदलाव से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स और सोलर सेल की मैन्युफैक्चरिंग में मदद मिलेगी।'

**Q क्या है अहम बदलाव? :** सरकार ने तय किया है कि इन देशों से कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, पॉलीसिलिकॉन और इंगट-वेफर जैसे चुनिंदा सेक्टरों और गतिविधियों में निवेश के प्रस्तावों पर 60 दिनों के भीतर निर्णय कर दिया जाएगा। सेक्टरों की लिस्ट में बाद में बदलाव भी किया जा सकता है। कहा गया कि निवेश करने वाली इकाई पर नियंत्रण और उसमें बहुमत हिस्सेदारी रेजिडेंट इंडियन सिटिजन या ऐसी रेजिडेंट इंडियन यूनिट के पास होनी चाहिए, जिस पर हर समय भारतीय नागरिक का नियंत्रण हो।

**Q क्या है बेनेफिशियल ओनरशिप? :** बेनेफिशियल ओनरशिप की परिभाषा में भी बदलाव किया गया है। बेनेफिशियल ओनरशिप निवेश करने वाली इकाई के स्तर पर देखी जाएगी। जिन कंपनियों में इन देशों के निवेशकों की बेनेफिशियल ओनरशिप 10% तक होगी, उनके FDI प्रस्ताव ऑटोमैटिक रूट से मंजूर किए जाएंगे। अभी तक किसी कंपनी में इन देशों का एक भी शेयरधारक होने पर FDI के लिए भारत सरकार के शीर्ष स्तर से मंजूरी की जरूरत होती थी। हालांकि इस छूट के बावजूद विभिन्न सेक्टरों में FDI की जो सीमा तय की गई है, वह लागू होगी।

**Q क्यों लगाया था PN3? :** भारत ने FDI के मामले में 17 अप्रैल 2020 को प्रेस नोट 3 की व्यवस्था बनाई थी। इसके तहत जिन देशों से भारत की थल सीमा जुड़ती है, अगर वहां के शेयरहोल्डर किसी कंपनी में हों, तो ऐसी कंपनी को भारत के किसी भी सेक्टर में निवेश के लिए सरकार से मंजूरी लेने की बात तय की गई थी। कोविड के दौरान कंपनियों का वैल्यूएशन काफी घट जाने के बीच उनमें निवेश के जरिए उनका स्वामित्व विदेशी हाथों में न चला जाए, इसे रोकने के लिए यह कदम उठाया गया था। हालांकि उसी साल जून में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के रक्तरंजित संघर्ष के बाद कड़ाई और बढ़ा दी गई।

**Q क्या है मकसद? :** सरकारी बयान में कहा गया कि 'FDI पॉलिसी में बदलाव का उद्देश्य स्टार्टअप्स और डीप टेक्नालॉजी स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल फंड्स से ज्यादा FDI लाना और कारोबारी सहूलियत बढ़ाना है।'

### 11,944 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 11,944 करोड़ रुपये के रोड और रेल प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी। इसके अलावा जल जीवन मिशन की अवधि बढ़ाई गई, जिसके साथ इसके लिए कुल आवंटन बढ़कर 8.7 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-फरीदबाद-बल्लभगढ़-सोहना सेक्शन से जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाले 7.8 किलोमीटर लंबे एलेवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की संशोधित लागत को मंजूरी दी। संशोधित लागत 3631 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 03-10-2026 23:16 Color:



## NBT AI टाइम मशीन
### जब खेला गया पहला बास्केटबॉल मैच

आज ही के दिन 1892 में US में बास्केटबॉल का पहला मैच खेला गया। यह खेल कुछ ही महीने पहले शिक्षक जेम्स नेस्मिथ (James Naismith) ने बनाया था, ताकि सर्दियों में छात्रों को इनडोर गेम मिल सके। अगले कुछ दशकों में नियम तय हुए, लीग बनी और बास्केटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में शामिल हो गया। आज यह ओलिंपिक्स से लेकर पेशेवर लीग तक ग्लोबल पहचान बना चुका है।



### घर पर मिलेगा स्टेडियम का अनुभव

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में बास्केटबॉल का खेल तकनीक और AI से पूरी तरह बदल चुका होगा। खिलाड़ियों की ट्रेनिंग AI-आधारित डेटा से होगी, जो हर मूवमेंट और रणनीति का विश्लेषण करेगा। स्मार्ट बॉल और सेंसर लगे जूते खिलाड़ियों की स्पीड, ताकत और सटीकता को तुरंत मापेंगे। रेफरी के फैसलों में भी AI की बड़ी भूमिका होगी, जिससे गलती की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियलिटी से दर्शक घर बैठे स्टेडियम में मैच देखने का अनुभव करेंगे।



AI Images





भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है। IRA 2026 बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं। हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें। वॉट्सऐप नंबर -7003890071

# मुस्लिम महिलाओं के हक पर सुनवाई, SC बोला- UCC उपाय

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, शरीयत प्रावधानों को रद्द किया तो कानूनी खालीपन आ जाएगा

AI Image




Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने का समय आ गया है। अदालत ने 1937 के शरीयत कानून के कुछ प्रावधानों को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में शरीयत कानून के कुछ प्रावधानों के बारे में कहा गया है कि वह मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण है। अदालत ने कहा कि बेहतर होगा कि विधायिका यानी संसद ही इसका फैसला ले क्योंकि राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार विधायिका के पास है।

**SC ने कहा, इससे जुड़े फैसले का हक संसद को है**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रशांत भूषण की एक रिट याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की, जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ के उन प्रावधानों को चुनौती दी गई है जो मुस्लिम महिलाओं को समान उत्तराधिकार अधिकार नहीं देते। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, शरीयत के उत्तराधिकार कानून को रद्द कर देती है, तो इससे कानूनी खालीपन यानी लीगल वैक्यूम पैदा हो जाएगा, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य वैधानिक कानून मौजूद नहीं है। इसका समाधान UCC है।

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि 'एक पुरुष–एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं होता। क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाह को असंवैधानिक घोषित कर दे? इसलिए हमें नीति-निर्देशक सिद्धांतों को लागू करने के लिए विधायिका की शक्ति का सम्मान करना होगा।

**'प्रावधान रद्द तो क्या विकल्प?'**

■ बेंच ने भूषण को सुझाव दिया कि वे याचिका में संशोधन कर यह भी बताएं कि अगर शरीयत के उत्तराधिकार प्रावधानों को रद्द किया तो उसके बाद क्या वैकल्पिक उपाय होंगे। भूषण द्वारा याचिका में संशोधन करने पर सहमति देने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई स्थगित (**adjourn**) कर दी।

### गेंद केंद्र के पाले में

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

उत्तराखंड पहला राज्य है जहां यूसीसी को पूरी तरह से लागू किया जा चुका। इसके बाद देश भर के राज्यों में इसे लागू करने को लेकर जो डिबेट काफी दिनों से जारी है इसी बीच सुप्रीम कोर्ट की मौजूदा टिप्पणी से समान नागरिक आचार संहिता लागू करने के लिए बहस को बल मिलेगा। बहरहाल गेंद केंद्र के पाले में है और सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार यूसीसी लागू करने को लेकर टिप्पणी कर चुकी है। ऐसे में मौजूदा टिप्पणी इस बहस को बल देगा।

### Porche मामले में आरोपी पिता को बेल


■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** पुणे के चर्चित पोर्शे हिट-एंड-रन मामले में नाबालिग आरोपी के पिता को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी। पुणे के कारोबारी पर हादसे के बाद बेटे का ब्लड सैंपल बदलवाने का आरोप है।

**ट्रायल कोर्ट को जल्द सुनवाई पूरी करने को कहा**

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह देखते हुए कि ऐसे ही मामलों में अदालत पहले भी राहत दे चुकी है, इसलिए याचिकाकर्ता को जमानत दी जा रही है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें लगाई हैं। जमानत के दौरान आरोपी किसी भी गवाह से सीधे या परोक्ष रूप से संपर्क नहीं करेगा। यदि जमानत की शर्तों का उल्लंघन होता है तो राज्य सरकार जमानत रद्द कराने की मांग कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को सुनवाई जल्द पूरी करने को कहा।

## SPEED News इंटरनैशनल

**भारत से लगती सीमा पर चीन अगले पांच** साल में सड़क नेटवर्क मजबूत करेगा। योजना के मसौदे में शिनजियांग क्षेत्र में 394 किलोमीटर लंबा हाईवे बनाने का प्रस्ताव है।





**रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे के खिलाफ** बढ़त का दावा किया है। मंगलवार को यूक्रेनी शहर पर बम गिराए गए, जिससे 4 लोगों की जान चली गई और 16 लोग घायल हो गए।

**कनाडा के टोरंटो में मंगलवार तड़के US** वाणिज्य दूतावास के बाहर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फायरिंग की। फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले की जांच जारी है।



# केंद्र बताए, वैक्सीन से गलत असर के कितने मामले: SC

## सुप्रीम कोर्ट बोला, बुरे प्रभाव की जांच को मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त | कहा, बिना किसी को दोषी ठहराए, पीड़ितों को मुआवज़े का तरीका हो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह कोविड वैक्सीन से गलत तरीके से प्रभावित लोगों के लिए नो-फॉल्ट मुआवजा नीति तैयार करे। इस नीति में व्यवस्था होती है कि किसी दुर्घटना या नुकसान के बाद पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा देने के लिए यह साबित करना जरूरी नहीं होता कि गलती किसकी थी।

जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच ने यह निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं की निगरानी (AEFI - Adverse Events Following Immunization) के लिए जो मौजूदा मैकेनिज्म है, वह जारी रहेगा।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि ऐसी प्रतिकूल घटनाओं से संबंधित आंकड़े समय-समय पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए जाएं, जैसा कि पहले के 2021 मामले में फैसले में कहा गया था।

**एक्सपर्ट कमिटी की जरूरत नहीं:** कोर्ट ने कहा, प्रतिकूल घटनाओं की जांच के लिए अदालत द्वारा अलग से किसी एक्सपर्ट कमेटी की नियुक्ति जरूरत नहीं है, क्योंकि मौजूदा निगरानी और सर्विलांस व्यवस्था जारी रहेगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि नो-फॉल्ट मुआवजा ढांचे का निर्माण सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की जिम्मेदारी या गलती की स्वीकारोक्ति नहीं माना जाएगा।



**सुप्रीम निर्देश:** अदालत ने कहा कि कोविड वैक्सीन से बुरे प्रभाव के कितने मामले आए, समय-समय पर सार्वजनिक हों।

**बेटियों की मौत पर मांगा था मुआवजा**

यह फैसला रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन द्वारा दायर एक रिट याचिका पर आया। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि उनकी बेटियों की मृत्यु कोविड वैक्सीन के गलत असर से हुई। उन्होंने कोविड-19 टीकों के कारण हुई कथित मौतों के लिए केंद्र सरकार से मुआवजे की मांग की थी। साथ ही उन्होंने टीकाकरण के दुष्प्रभावों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति की भी मांग की थी।

**केंद्र ने दायर की थी अलग याचिका**

इस मामले में एक अन्य याचिका केंद्र ने दायर की थी। केरल HC के आदेश को चुनौती दी थी। HC में दायर याचिका में महिला ने आरोप लगाया था कि उनके पति की मृत्यु टीकाकरण के कारण हुई। केंद्र ने कहा था कि वह मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं है, क्योंकि टीकाकरण स्वैच्छिक था।

**व्यापक सुनवाई को राजी हुआ था SC**

पिछले साल 13 नवंबर को विस्तृत बहस सुनने के बाद जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा था कि कोर्ट सभी प्रस्तुतियों पर विचार करेगा और संशोधन आवेदन (जिसमें टीकाकरण अभियान के दौरान डेटा दबाने के आरोप लगाए गए थे) के साथ-साथ व्यापक मुद्दों पर भी फैसला करेगा।

### राजस्थान की नदियों में प्रदूषण पर SC सख्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** राजस्थान की नदियों में बढ़ते प्रदूषण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि अफसरों की सुस्ती के कारण सार्वजनिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। कोर्ट जोजरी नदी में प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कई अधिकारी समय पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। इसी वजह से सार्वजनिक ढांचे को बड़ा नुकसान हुआ। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को तय की है।

### UPSC-IAS टॉपर अनुज के 52.8% अंक

■ **भाषा, नई दिल्ली:** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के टॉपर डॉ. अनुज अग्निहोत्री ने 52.88% अंकों के साथ 1,071 अंक हासिल किए। आयोग ने मंगलवार को अंकों के पूरा विवरण जारी किया। इस परीक्षा में कुल 958 उम्मीदवार (659 पुरुष और 299 महिलाएं) पास हुए और रिजल्ट शुक्रवार को घोषित किए गए। अग्निहोत्री ने मुख्य लिखित परीक्षा में 867 और इंटरव्यू में 204 अंक हासिल किए। कुल 2,025 अंकों में से लिखित या मुख्य परीक्षा 1,750 अंकों की और इंटरव्यू 275 अंकों का होता है। दूसरी टॉपर राजेश्वरी सुवे एम. ने 52.69% अंक प्राप्त किए। उन्होंने 1,067 अंक प्राप्त किए, जिसमें लिखित परीक्षा में 865 और इंटरव्यू में 202 अंक शामिल हैं।

# इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स का इस्तीफा



■ पीटीआई, नई दिल्ली

**इंडिगो के** सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को अपने पद से निजी कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने बताया कि इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया फिलहाल अंतरिम तौर पर एयरलाइन के कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। नए सीईओ की नियुक्ति जल्द किए जाने की उम्मीद है। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल भाटिया कंपनी के संचालन को मजबूत करने और ग्राहकों को भरोसेमंद सेवा देने की दिशा में काम करेंगे। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले इंडिगो को बड़े स्तर पर परिचालन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद यह बदलाव सामने आया है।

**मूल कंपनी के MD अंतरिम तौर पर काम संभालेंगे**

FILE



पीटर एल्बर्स, इंडिगो के CEO

**कॉकपिट में बैठी दिखीं पूर्व एयर होस्टेस, जांच शुरू**

**एयर इंडिया** ने सोशल मीडिया पर वायरल एक विडियो को लेकर जांच शुरू की है। विडियो में एयर इंडिया की एक पूर्व एयर होस्टेस उड़ान के दौरान विमान के कॉकपिट में बैठी दिखाई दे रही हैं। एयरलाइन ने मंगलवार को कहा कि मामले की जांच की जा रही है। विडियो में एक अन्य व्यक्ति कॉकपिट और बाहर के दृश्य की रिकॉर्डिंग कर रहा है। नियमों के मुताबिक, केबिन क्रू को कॉकपिट क्रू की सीट पर बैठने की अनुमति नहीं है। एयर इंडिया ने कहा कि किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाता है।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी




**रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं**

**1** MP मिलिंद देवड़ा किस पार्टी से हैं, जिन्होंने किशोरों के लिए सोशल मीडिया बैन का मुद्दा उठाया?
A. BJP B. शिवसेना (SP) C. TMC

**2** पीटर एल्बर्स ने पद से इस्तीफा दिया है, वह किस एयरलाइंस कंपनी के CEO थे?
A. एयर इंडिया B. इंडिगो C. स्पाइसजेट

**3** UPSC-IAS टॉपर अनुज अग्निहोत्री को कितने अंक मिले?
A.51.88% B. 53.88% C. 52.88%

**4** टी20 विश्व कप जीतने पर टीम के लिए BCCI ने कितने करोड़ के इनाम का ऐलान किया?
A. 131 करोड़ B. 101 करोड़ C. 151 करोड़

**5** लोकसभा स्पीकर कौन हैं, जिनके खिलाफ संकल्प पर चर्चा हुई?
A. राजनाथ सिंह B. ओम बिरला C. नितिन गडकरी

**कल के जवाब**

A1 B. 53 A2 C. 14
A3 A. 3 A4 A. बापको एनर्जीज
A5 C. अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई

**लकी विनर्स**



1. अनुष्का जैन, दिल्ली
2. रमा सेठी, दिल्ली
3. सत्य पाल जुनेजा, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# फैक्ट चेक यूनिट केस को परखेगा सुप्रीम कोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार की उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी, जिनमें बॉम्बे हाईकोर्ट के सितंबर 2024 के फैसले को चुनौती दी गई है। इस फैसले में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) नियमों के उन प्रावधानों को रद्द कर दिया गया था जो केंद्र सरकार को फैक्ट चेक यूनिट (FCU) स्थापित करने का अधिकार देते थे। मौखिक टिप्पणी में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि सोशल मीडिया के लिए कड़े नियमों की जरूरत है। 2023 में आईटी नियमों में किए गए संशोधन के अनुसार, अगर सोशल मीडिया इंटरमीडियरी (प्लैटफॉर्म) किसी ऐसी सामग्री को नहीं हटाते जिसे सरकार की फैक्ट चेक यूनिट (FCU) ने फर्जी बताया है, तो उन्हें मिलने वाली 'सेफ हार्बर' सुरक्षा समाप्त हो जाएगी।

**HC ने फैक्ट चेक यूनिट से जुड़े प्रावधान रद्द कर दिए थे**

FILE



**CJI ने कहा, मामला बहुत ही अहम है**

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि यह मामला 'अत्यंत अहम' है और इस मुद्दे पर अंतिम कानून सुप्रीम कोर्ट ही तय करेगा। बॉम्बे HC का फैसला कमीडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल असोसिएशन आदि की याचिका पर आया था।

### J&K में आतंकी ढेर, सीमा पार से घुसपैठ भी नाकाम

■ **आईएएनएस, नौशेरा:** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा (LOC) के पास घुसपैठ की कोशिश को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद सेना ने समय रहते कार्रवाई की, इस दौरान एक पाकिस्तानी समर्थित आतंकवादी को मार गिराया गया, दूसरे आतंकवादी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे इलाके में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है और मंगलवार देर शाम तक तलाशी अभियान जारी रहा। सुरक्षा बल आसपास के जंगलों और पहाड़ी इलाकों में सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके।

**अफसर ने बताया, एक और आतंकी की तलाश जारी है।**

वहीं, जम्मू कश्मीर सरकार ने जल शक्ति विभाग के 3 कर्मचारियों को कथित रूप से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर बर्खास्त कर दिया।

PTI



# अरुणाचल-नगालैंड के जंगलों में आग

■ अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में जंगलों की आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स ने मंगलवार को 66 हजार लीटर पानी का छिड़काव किया।

■ अरुणाचल में आग 13 फरवरी के आसपास शुरू हुई, जिससे कई इलाके प्रभावित हुए और कुछ जगहों पर लोगों को रेस्क्यू तक करना पड़ा।

### SSC एग्ज़ाम के आधार पर भरेंगे 15 हजार पद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कर्मचारी चयन आयोग (SSC) ने कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल (CGL) एग्जामिनेशन के आधार पर भरे जाने वाले पदों की लिस्ट जारी कर दी है। 18 जनवरी 2026 को टियर- 2 की परीक्षा हुई थी और इस परीक्षा के आधार पर केंद्र सरकार के अलग- अलग मंत्रालयों, विभागों और संगठनों में 15125 पदों की लिस्ट जारी की गई है। जनरल और रिजर्व हर कैटिगरी के लिए पदों की संख्या और पदों के नाम के साथ यह लिस्ट जारी की गई है।

**12 मार्च तक कैंडिडेट को अपनी पसंद का विकल्प भरना होगा**

लिस्ट में कुल 57 पोस्ट कोड हैं, जिन पर नियुक्ति की जाएगी। SSC को अब टियर 2 की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से पहले ऑप्शन कम प्रेफरेंस विंडो ओपन की है और 12 मार्च तक उम्मीदवार को अपनी पसंद का विकल्प भरना होगा।

**खेद जताया** माफीनामे में लिखा, **NCERT** के निदेशक और सदस्य बिना किसी शर्त या किंतु-परंतु के माफी मांगते हैं


# जुडिशरी पर चैप्टर: NCERT की बिना शर्त माफी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**8वीं सोशल** साइंस की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद हिस्से को हटाने का फैसला कर चुकी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने मंगलवार को सार्वजनिक माफी मांगी। माफीनामे में लिखा गया है कि NCERT के निदेशक और सदस्य इसके लिए बिना किसी शर्त और बिना किसी किंतु-परंतु के क्षमा याचना करते हैं। विवादित मामले से जुड़ी पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है और अब उपलब्ध नहीं है। NCERT ने हाल ही में सोशल साइंस की एक बुक प्रकाशित की थी, जिसे लेकर विवाद हुआ था और सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई थी।

**NCERT ने बताया कि विवादित बुक वापस ले ली गई है**

FILE




8वीं की सोशल साइंस की बुक में 'जुडिशरी में भ्रष्टाचार' पर हिस्सा जोड़ा था।

**सुप्रीम कोर्ट ने बुक वितरण पर लगाई थी रोक :** इससे पहले शिक्षा मंत्रालय के दखल के बाद NCERT ने 25 फरवरी को सोशल साइंस की पाठ्यपुस्तक के वितरण पर रोक लगा दी थी। दरअसल किताब के एक चैप्टर हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका में कुछ विवादित सामग्री प्रकाशित हुई, जिसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

**पहले भी NCERT ने जताया था खेद**

सुप्रीम कोर्ट ने कड़े रूख के बाद **NCERT** ने उस समय एक बयान जारी कर कहा था कि यह गलती अनजाने में हुई है और इस चैप्टर में प्रकाशित विवादित सामग्री पर उसे खेद है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने **NCERT** की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि बयान में माफी का एक शब्द तक नहीं है। इसके बाद अब मंगलवार को **NCERT** ने सार्वजनिक माफी मांगी है। इससे पहले मुगलों के बारे में चैप्टर हटाने पर विवाद उठा था।

### विवादित पोस्ट: सिंगर नेहा राठौर को अग्रिम बेल


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने यह भी साफ किया है कि जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। इस पोस्ट को लेकर लखनऊ में नेहा के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। यूपी सरकार ने अदालत को बताया कि नेहा सिंह जांच अधिकारियों के सामने पेश हो चुकी हैं और उनका बयान दर्ज कर लिया गया है। इसी आधार पर अदालत ने उन्हें राहत देने का फैसला किया।

**जांच में सहयोग के आधार पर मिली जमानत**

# गैर-सनातनियों की बदरी और केदार में एंट्री पर रोक

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून :** बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। 19 अप्रैल से शुरू होने जा रही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा से पहले बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में ये फैसला लिया गया है। इस बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 121.7 करोड़ का बजट भी पारित किया गया। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा चारधाम यात्रा का अप्रैल माह में शुभारंभ हो रहा है। आगामी यात्रा काल को ध्यान में रखकर बीकेटीसी ने बजट प्रावधान किए हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुल रहे हैं।

FILE




**प्रस्ताव को मंज़ूरी**

बीकेटीसी अध्यक्ष ने कहा, गैर सनातनियों की एंट्री रोकने से जुड़े प्रस्ताव को सबकी सहमति से पास किया गया। कमिटी पदाधिकारियों ने भरोसा जताया कि पास हुए प्रस्तावों के लागू होने से चारधाम यात्रा और अधिक सुविधाजनक होगी।

# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### All in One English. Telegram

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = 129 ₹69 |
| (★ Popular) | 6 Month = 449 ₹269 |
| (👑 Best Value) | 1 Year = 699 ₹449 |

*Special Offer*

### All in One Hindi. Telegram

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = 99 ₹59 |
| (★Popular) | 6 Month = 399 ₹259 |
| (👑 Best Value) | 1 Year = 599 ₹399 |

*Special Offer*

All Major Hindi & English Newspapers - 2026

## ✍ UPSC Essensial ePaper

### The Hindu, BL, IE,NIE. Telegram

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = 99 ₹49 |
| (★ Popular) | 6 Month = 399 ₹249 |
| (👑 Best Value) | 1 Year = 599 ₹389 |


*Special Offer*

### You will Get

- The Hindu
- Business Line
- Indian Express
- New Indian Express
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW